राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 11
अंक : 288
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
शनिवार 30 अप्रैल 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट

पेज 3 गाजियाबाद : मासूम छात्र को दो घंटे तक बंधक बनाकर 3 लोगों ने किया सामूहिक कुकर्म, अश्लील वीडियो वायरल करने की दी धमकी

पेज 5 सपा विधायक का उपद्रव : आधी रात को समर्थकों संग बिजलीघर में की मारपीट, कर्मियों ने किया हड़ताल का ऐलान

पेज 7 ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका दौरे के लिए टीम का ऐलान किया, पैट कमिंस टी 20 से बाहर

सिख प्रतिनिधिमंडल




प्रधानमंत्री शुक्रवार को नई दिल्ली में 7 लोक कल्याण मार्ग पर सिख प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत के दौरान।

## गुरुओं की 'साहस एवं सेवा' की शिक्षा ने सिखों को बनाया एक भारत श्रेष्ठ भारत की जीवंत परंपरा : मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिख गुरुओं की 'साहस एवं सेवा' की शिक्षाओं को सिख समुदाय की सफलता का मंत्र बताते हुए कहा कि इसीलिए सिख परंपरा वास्तव में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की जीवंत परंपरा बनी है।

मोदी ने आज शाम यहां सात लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री निवास पर सिखों के एक प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए ये उद्गार व्यक्त किये। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी मौजूद थे। सिख संगत ने प्रधानमंत्री का अभिनंदन भी किया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि गुरुद्वारों में जाना, सेवा में समय देना, लंगर पाना, सिख परिवारों के घरों पर रहना, उनके जीवन का हिस्सा रहा है। उन्होंने कहा, यहाँ प्रधानमंत्री आवास में भी समय समय पर सिख संतों के चरण पड़ते रहते हैं। उनकी संगत का सौभाग्य मुझे मिलता रहता है। हमारे गुरुओं ने हमें साहस और सेवा की सीख दी है। दुनिया के अलग अलग हिस्सों में बिना किसी संसाधन के हमारे भारत के लोग गए, और अपने श्रम से सफलता के मुकाम हासिल किए। यही भावना आज नए भारत की भी है।

मोदी ने कहा कि नया भारत नए आयामों को छू रहा है, पूरी दुनिया पर अपनी छाप छोड़ रहा है। कोरोना महामारी का ये कालखंड इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। महामारी की शुरुआत में पुरानी सोच वाले लोग भारत को लेकर चिंताएं जाहिर कर रहे थे। लेकिन, अब लोग भारत का उदाहरण दे रहे हैं। पहले कहा जा रहा था कि भारत की इतनी बड़ी आबादी, भारत को कहाँ से वैक्सीन मिलेगी, कैसे लोगों का जीवन बचेगा? लेकिन आज भारत वैक्सीन का सबसे बड़ा सुरक्षा कवच तैयार करने वाला देश बनकर उभरा है।

# खालिस्तान पर सुलगा पटियाल

### सिख और हिंदू संगठन भिड़े; फायरिंग, पत्थर और तलवारें चलीं; रात का कर्फ्यू लगा; धारा 144 लागू

**चंडीगढ़।** पटियाला में शुक्रवार को खालिस्तान विरोधी मार्च पर सिख और हिंदू संगठन आमने-सामने आ गए। हिंदू संगठन मार्च निकालने की तैयारी में थे। इसी दौरान कुछ सिख संगठन इनका विरोध करने लगे। इस वजह से माहौल इतना बिगड़ गया कि दोनों पक्षों के बीच पथराव हो गया। इस बीच स्.।ह्र को हाथ में चोट लग गई। इसके बाद हालात संभालने के लिए स्स्क्र ने हवाई फायरिंग की।

इस घटना के बाद जिला मजिस्ट्रेट ने पटियाला में कर्फ्यू लगा दिया है। यह आज रात 7 बजे से कल सुबह 6 बजे तक लागू रहेगा। पूरे जिले में धारा 144 लागू कर दी गई है। वहीं ष्टरू भगवंत मान ने भी चंडीगढ़ में पुलिस अफसरों से मीटिंग की। जिसमें इस घटना को लेकर उन्होंने नाराजगी जताई।

#### खालिस्तान का पुतला जलाने पर हुआ विवाद

यहां शिवसेना ने खालिस्तान के खिलाफ पुतला फूंक प्रदर्शन की तैयारी की थी। इसका पता चलते ही खालिस्तान समर्थकों ने विरोध शुरू



कर दिया। वहां पर पुलिस ने उन्हें रोक लिया और वापस भेज दिया। हालांकि सिख संगठनों के सदस्य काली माता मंदिर में तलवारें लेकर पहुंच गए। यहां दोनों पक्षों के बीच जमकर ईंट-पत्थर चले।

#### भीड़ के हमले में जख्मी हुए एसएचओ

इस दौरान एसएचओ करनवीर ने सिख प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की तो उनका हाथ जख्मी हो गया, जिसके बाद एसएसपी नानक सिंह मौके पर पहुंचे। हालात संभालने के लिए उन्होंने हवाई फायरिंग की।

हिंदू संगठन के नेता हरीश सिंगला ने कहा कि पंजाब पुलिस और आम आदमी पार्टी की सरकार को इन लोगों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। वहीं, जसविंदर सिंह राजपुरा ने कहा कि सिख संगठनों ने कई दिन से अपील की थी कि कुछ संगठन सिख राज के खिलाफ माहौल खराब कर रहे हैं। प्रशासन को चाहिए था कि इन लोगों को गिरफ्तार करते, ताकि माहौल खराब न हो।

फिलहाल यहां माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। पुलिस ने सिख संगठनों को प्रदर्शन करने और हिंदू संगठनों को मार्च निकालने से रोक दिया है। मौके पर भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। वहीं सिख संगठनों ने पटियाला के फव्वारा चौक पर प्रदर्शन शुरू कर दिया है। वे कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।



पंजाब विधानसभा में विपक्षी दल नेता प्रताप सिंह बाजवा ने कहा कि राज्य में पूरी तरह अराजकता का माहौल है। पटियाला में स्थिति डिस्टर्ब करने वाली है। पंजाब में पिछले एक महीने से लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति बदतर हो चुकी है। सीएम को तुरंत DGP को साथ लेकर पटियाला जाना चाहिए।



कांग्रेस विधायक सुखपाल खैहरा ने कहा कि पंजाब में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति पूरी तरह धराशाई हो चुकी है। पटियाला में हुई घटना पूरी तरह से इंटेलिजेंस फेल्योर है। यह सही समय है कि भगवंत मान को फैसला लेने के लिए फ्री हैंड देना चाहिए।



पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा कि पटियाला में 2 ग्रुपों के बीच झड़प के बाद तनाव की स्थिति चिंताजनक है। पटियाला के लोग शांतिप्रिय हैं। कैप्टन ने कहा कि मैं उम्मीद करता हूं कि लॉ एंड ऑर्डर को ठीक रखने के लिए पंजाब पुलिस उचित एक्शन लेगी।

#### भगवंत मान ने डीजीपी से बात की

पंजाब सीएम भगवंत मान ने कहा कि पटियाला की घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। मैंने इस संबंध में DGP से बात की है। इलाके में शांति की स्थिति बहाल हो गई है। सरकार पूरे मामले को गंभीरता से मॉनिटर कर रही है। किसी को भी शांति भंग नहीं करने दिया जाएगा। पंजाब में शांति और भाईचारा हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है।

# ड्रग्स की सबसे बड़ी खेप पकड़ी

### गुजरात के पीपावाव पोर्ट पर कंटेनर से 9000 किलो ड्रग्स का कन्साइनमेंट बरामद, महीनेभर से पड़ा था

**पीपावाव (गुजरात)।** गुजरात के समुद्री रास्ते से देश में ड्रग्स तस्करी बदस्तूर जारी है। हाल ही में कांडला और मुंद्रा पोर्ट के बाद अब पीपावाव पोर्ट से भारी मात्रा में हेरोइन मिली है। कस्टम, डीआरआई और एटीएस के संयुक्त अभियान में शुक्रवार को पीपावाव से करीब 9000 किलो ड्रग्स एक कंटेनर से जब्त की गई है।

एटीएस से मिली जानकारी के अनुसार यह कंटेनर कोनट्रान्स लॉजिस्टिक कंपनी द्वारा आयात किया गया था, जो करीब महीने भर से पोर्ट पर पड़ा हुआ था। इसी के चलते एटीएस को इसकी जानकारी दी गई थी। कंटेनर किस देश से आया था अब एजेंसियां कंपनी से इसकी डिटेल्स निकलवा रही हैं।




मिली जानकारी के अनुसार देश में पकड़ी गई ये अब तक की सबसे बड़ी खेप है। इससे पहले अडाणी के मुंद्रा पोर्ट पर एक कंटेनर से 3000 किलोग्राम ड्रग्स की बरामदगी हुई थी। ये खेप टैल्कम पाउडर की आड़ में अफगानिस्तान से ईरान और ईरान से गुजरात के तट पर भेजी गई थी।

पोर्ट पर आने वाले कंटेनर में से इतनी बड़ी मात्रा में ड्रग्स की बरामदी के चलते केंद्रीय एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी भी पीपावाव बंदरगाह पहुंच गए हैं।

#### सोमवार को कच्छ के पास पकड़ाई थी पाकिस्तानी नाव

बीते सोमवार को कच्छ के पास एक पाकिस्तानी नाव को 9 लोगों के साथ करीब 280 करोड़ रुपए कीमत की हेरोइन के साथ पकड़ा गया था। 'अल हज' नाम की यह नाव कराची से होते हुए गुजरात तट पर पहुंची थी। लेकिन, इसी दौरान मुस्तैद भारतीय कोस्ट गार्ड्स ने इन्हें दबोच लिया था।

#### गुजरात के समुद्री रास्ते पर ड्रग माफियाओं की नजर

अब तक भारत में कश्मीर और पंजाब की सीमा से ड्रग्स की तस्करी होती थी। लेकिन, इन दोनों सीमाओं पर सख्त चौकसी के चलते ड्रग्स माफियाओं की नजर गुजरात की समुद्री सीमा पर है। इसी के चलते पिछले कुछ समय से गुजरात के समुद्री तटों से काफी मात्रा में ड्रग्स जब्त की जा चुकी है।


### 16 राज्यों में 10 घंटे बिजली कटौती

# कोयले की कमी से एक चौथाई पावर प्लांट बंद

एजेंसी

नई दिल्ली। भीषण गर्मी के चलते देशभर में बिजली की मांग बढ़ती जा रही है। ऐसे में देश के एक चौथाई पावर प्लांट बंद हैं। नतीजा, 16 राज्यों में 10 घंटे तक के बिजली कटौती शुरू हो गई है। सरकारी रिकॉर्ड के मुताबिक, देशभर में 10 हजार मेगावॉट, यानी 15 करोड़ यूनिट की कटौती हो रही है, लेकिन बिजली की कमी वास्तव में कहीं ज्यादा है। इस बीच रेल मंत्रालय ने बड़ा कदम उठाया है।

रेलवे ने पावर प्लांट्स तक कोयले की तेजी से सप्लाई के लिए कुल 657 ट्रेनों के फेरे अनिश्चित काल के लिए रद्द कर दिया है, ताकि कोयला ले जा रही मालगाड़ियां समय पर निर्धारित स्टेशनों पर पहुंच सकें।



#### डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर्स भी बना रहा रेलवे

भारतीय रेलवे के कार्यकारी निदेशक गौरव कृष्ण बंसल के मुताबिक पैसेंजर ट्रेनों को रद्द करने का फैसला अस्थायी है। स्थिति सामान्य होते ही सेवाएं वापस शुरू कर दी जाएंगी। इस फैसले के बाद रेलवे अपने बेड़े में एक लाख और वैगन जोड़ने जा रहा है। इसके अलावा रेलवे माल को तेजी से पहुंचाने के लिए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर्स भी बना रहा है।

#### 5 साल में पहली बार बढ़ाई एवरेज डेली लोडिंग

अस्थायी रूप से रद्द की गई लंबी दूरी की मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के 657 फेरे शामिल हैं। इसके साथ ही रेलवे ने कोल रैक्स की एवरेज डेली लोडिंग भी 400 से ज्यादा कर दी है। यह आंकड़ा पिछले 5 साल में सबसे ज्यादा है।

रेलवे प्रति दिन 415 कोल रैक्स की ढुलाई कर रहा है, ताकि कोयले की मौजूदा मांग को पूरा किया जा सके। इनमें से हर एक कोल रैक में 3500 टन कोयला होता है।

#### राजधानी में भी परेशानी

वहीं, बिजली कटौती का असर अब राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी होने लगा है। कोयले की कमी के गहराते संकट के बीच दिल्ली सरकार ने मेट्रो और अस्पतालों समेत कई आवश्यक संस्थानों को 24 घंटे बिजली आपूर्ति में असमर्थता जताई है। दिल्ली के बिजली मंत्री सत्येंद्र जैन ने स्थिति का आकलन करने के लिए गुरुवार को एक आपातकालीन बैठक की। साथ ही केंद्र को पत्र लिखा और अनुरोध किया कि वह राष्ट्रीय राजधानी को बिजली की आपूर्ति करने वाले बिजली संयंत्रों को पर्याप्त कोयले की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

# दिल्ली में गर्मी ने तोड़े सारे रिकॉर्ड, 72 सालों में दूसरा सबसे गर्म महीना रहा अप्रैल

**नई दिल्ली।** दिल्ली समेत भारत के उत्तर और पश्चिमी राज्यों में भीषण गर्मी और लू का कहर जारी है। खासकर कोयला संकट के बाद बिजली कटौती के चलते हालात और बेकाबू हो गए हैं। राजधानी दिल्ली में भीषण गर्मी और लू का 72 सालों का रिकॉर्ड टूटा है। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में 72 सालों में अप्रैल दूसरे सबसे गर्म महीने के रूप में दर्ज हुआ है। यही हाल यूपी, उत्तराखंड, राजस्थान और मध्य प्रदेश समेत उत्तर पश्चिमी राज्यों का है।

मई का महीना शुरू होने में वक्त है लेकिन इससे पहले ही देश के कई राज्य भीषण गर्मी और लू के कहर का सामना कर रहे हैं। राजधानी दिल्ली में तो अप्रैल



महीने की गर्मी ने 72 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मौसम विभाग के मुताबिक, साल 1950 के बाद यह दूसरा मौका है जब दिल्ली में अप्रैल माह में इतनी गर्मी पड़ी हो। इससे पहले अप्रैल 2010 में इतनी गर्मी हुई थी। अप्रैल महीने में दिल्ली का औसत अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

#### कब से राहत के आसार

मौसम अधिकारियों का कहना है कि भीषण गर्मी के कारण दिल्ली समेत उत्तर पश्चिमी राज्यों में लू का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इससे पहले गुरुवार को मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया था। हालांकि राहत की बात यह है कि अगले 5 दिनों में हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश होने की संभावना है। वहीं पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, यूपी और राजस्थान में धूल भरी आंधी चलने की उम्मीद है। हल्की बारिश भी हो सकती है, जिसके चलते तापमान में कुछ कमी आ सकती है। 3 से 4 मई के दौरान भी कुछ ऐसा ही मौसम हो सकता है।

गौरतलब है कि देश के उत्तर और पश्चिमी हिस्सों में अभूतपूर्व गर्मी का कहर जारी है। उधर, कोयला संकट के बाद बिजली कटौती ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा ली हैं। खासकर दिल्ली में भी भीषण गर्मी के बीच बिजली संकट और परेशानी बढ़ा सकती है। आज ही दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि दिल्ली के पास सिर्फ एक दिन का कोयला बचा है। केजरीवाल के बयान के बाद दिल्ली वालों की चिंता बढ़ गई है।

#### 657 ट्रेनें रद्द, होगी कोयले की सप्लाई

उधर, केंद्र सरकार ने भीषण गर्मी के बीच कोयला संकट को देखते हुए 657 मेल / एक्सप्रेस / यात्री ट्रेन सेवाओं को रद्द करने का निर्णय लिया है। इन ट्रेनों से कोयले की रैक की राज्यों में सप्लाई की जाएगी।

### वीआईपी ट्रीटमेंट


### आशीष की बैरक में 4 कूलर, घर से आता है खाना; 40 स्पेशल पान भी मंगवाता है

# लखीमपुर हिंसा के आरोपी को जेल में वीआईपी ट्रीटमेंट

एजेंसी

लखीमपुर-खीरी। लखीमपुर खीरी हिंसा (किसानों पर कार चढ़ाने का मामला) का मुख्य आरोपी और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी का बेटा आशीष मिश्रा 24 अप्रैल से जेल में है। खास बात यह है कि आशीष को लखीमपुर जेल में वीआईपी ट्रीटमेंट मिल रहा है। खाने-पीने से लेकर उसके रहने का भी खास इंतजाम किया गया है।

सूत्रों का कहना है कि बैरक में उसके लिए चार कूलर लगवाए गए हैं और स्पेशल पान भी बाहर से मंगाया जा रहा है। पान भी एक या दो नहीं, पूरे 30



से 40।

#### बैरक नंबर 20 में नए गद्दे और चादर का इंतजाम

जेल प्रशासन के सूत्रों के मुताबिक आशीष को सुरक्षा के मद्देनजर बैरक नंबर 20 में रखा गया है। उसे किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो, इसलिए बैरक में 24 अप्रैल से पहले ही नए गद्दे और चादर की व्यवस्था की गई थी। आशीष मिश्रा को अन्य बंदियों से अलग रखा गया है। जेल के अंदर ही उसे हर संभव मदद दी जा रही है।

#### गर्मी बर्दाश्त नहीं कर पा रहा मंत्री पुत्र

इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। तापमान 40 डिग्री से ज्यादा है। ऐसे में जेल में मंत्री पुत्र को भी गर्मी सता रही है।

आशीष को गर्मी न लगे इसलिए बैरक में 4 कूलर की व्यवस्था की गई है। ताकि उसे भीषण गर्मी से निजात मिल सके। फिर भी भीषण गर्मी मंत्री पुत्र को परेशान कर रही है। लिहाजा दिक्कतों को दूर करने के लिए जेल प्रशासन अन्य इंतजाम करने में जुटा है।

#### 24 अप्रैल से जेल का खाना नहीं खाया

जेल प्रशासन के सूत्रों के मुताबिक बीते 24 अप्रैल से आशीष मिश्रा ने जेल का खाना नहीं खाया है। जेल के अंदर ही उसे वीआईपी ट्रीटमेंट मिल रहा है। रोजाना सुबह 7 से 8 बजे के बीच उसके नाश्ते के लिए घर से चाय, मक्खन और ब्रेड आता है।

मंत्री पुत्र आशीष मिश्रा इन दिनों जेल में जरूर है, लेकिन उसके खाने-पीने का खास इंतजाम रखा गया है। दोपहर करीब 10 बजे आशीष मिश्रा के घर से जेल में लंच भी पहुंचाया जाता है। आरोपी दोपहर 12 से 1 बजे के बीच लंच करता है।

बताया जा रहा है कि 24 अप्रैल से अब तक आशीष मिश्रा ने वेज खाना ही घर से मंगाया है।

उसकी पसंद का ही खाना घर से पहुंचाया जाता है। वहीं, शाम को करीब छह बजे घर से डिनर भी जेल में पहुंचाया जाता है। देर शाम करीब 7:30 से 8 बजे के बीच आशीष डिनर करता है।

# देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या करीब 18 हजार हुई

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण के नए मामलों की तुलना में इससे निजात पाने वालों की संख्या कम रहने के कारण सक्रिय मामले 821 बढ़कर करीब 18 हजार हो गये।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि आज सुबह सात बजे तक 188 करोड़ 65 लाख 46 हजार 894 कोविड टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के 3377 नये मरीज सामने आये हैं। इनके साथ ही देश में कोरोना रोगियों की संख्या 17 हजार 801 रह गयी है।

यह संक्रमित मामलों का 0.04 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 0.71 प्रतिशत हो गयी है।

मंत्रालय ने बताया कि इसी अवधि में 2496 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल चार करोड़ 25 लाख 30 हजार 622 कोविड से उबर चुके हैं। स्वस्थ होने की दर 98.74 प्रतिशत है।

देश में पिछले 24 घंटे में चार लाख 73 हजार 635 कोविड परीक्षण किए गये हैं। देश में अब तक कुल 83 करोड़ 69 लाख 45 हजार 383 कोविड परीक्षण किए गये हैं। इस दौरान देश में कोविड से 60 मरीजों की मौत हुई, जिसके बाद इस जानलेवा विषाणु से जान गंवाने वालों लोगों की संख्या बढ़कर 523753 हो गयी।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कोरोना की तेज रफ्तार से दहशत पैदा होने लगी है। यहां पर पिछले 24 घंटों के दौरान इस संक्रमण के 1490 नए मामले दर्ज किए गए।

इस दौरान यहां 418 सक्रिय मामले बढ़ने के बाद इनकी संख्या 5250 हो गयी। वहीं 1070 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वाले लोगों का आंकड़ा 1848526 पर पहुंच गया, जबकि दो मरीजों की मौत के बाद मृतकों की संख्या 26172 हो गयी। हरियाणा में सक्रिय मामलों में 217 की वृद्धि हुई है। राज्य में इस समय 2238 सक्रिय मामले हैं। इस दौरान 363 लोगों के स्वस्थ होने से महामारी से उबरने वाले मरीजों की कुल संख्या 978537 हो गयी। पिछले 24 घंटों के दौरान यहां कोविड-19 से एक मरीज मरीज की मौत हुई और मृतकों का आंकड़ा 10,619 हो गया।



#### कोविड टीकाकरण में 188.65 करोड़ टीके लगे

देश भर में राष्ट्रीय कोविड टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 188.65 करोड़ से अधिक कोविड टीके लगाये गये हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि आज सुबह सात बजे तक 188 करोड़ 65 लाख 46 हजार 894 कोविड टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के 3377 नये मरीज सामने आये हैं। इनके साथ ही देश में कोरोना रोगियों की संख्या 17 हजार 801 रह गयी है। यह संक्रमित मामलों का 0.04 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 0.71 प्रतिशत हो गयी है। मंत्रालय ने बताया कि इसी अवधि में 2496 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल चार करोड़ 25 लाख 30 हजार 622 कोविड से उबर चुके हैं। स्वस्थ होने की दर 98.74 प्रतिशत है। देश में पिछले 24 घंटे में चार लाख 73 हजार 635 कोविड परीक्षण किए गये हैं। देश में अब तक कुल 83 करोड़ 69 लाख 45 हजार 383 कोविड परीक्षण किए गये हैं।

## शार्ट न्यूज

### महिला पुलिसकर्मी से कथित शीलभंग के आरोप में जिग्नेश मेवाणी को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** गुजरात के विधायक जिग्नेश मेवाणी को असम की एक अदालत ने एक महिला पुलिसकर्मी के कथित शीलभंग करने के मामले में जमानत दे दी है। विधायक पर अपने खिलाफ नए मामले में एक महिला पुलिस अधिकारी की शील भंग करने का आरोप लगाया गया था। मेवाणी को इससे पहले पीएम नरेंद्र पर कथित टिप्पणी करने के आरोप में भी गिरफ्तार किया गया था। गुजरात के विधायक जिग्नेश मेवाणी को पहली बार पिछले गुरुवार को गुजरात के पालनपुर से असम पुलिस की एक टीम ने गिरफ्तार किया था, जब असम के कोकराझार के एक स्थानीय भाजपा नेता ने उनके खिलाफ शिकायत दर्ज की थी। मेवाणी पर सोशल मीडिया में पीएम मोदी के खिलाफ टिप्पणी करने का आरोप है। जिस दिन उन्हें ट्वीट मामले में जमानत मिली उस दिन मेवाणी ने संवाददाताओं से कहा था, यह भाजपा और आरएसएस की साजिश है। उन्होंने मेरी छवि खराब करने के लिए ऐसा किया है। वे व्यवस्थित रूप से ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने रोहित वेमुला के साथ किया, उन्होंने चंद्रशेखर आजाद के साथ किया, अब वे मुझे निशाना बना रहे हैं। ट्वीट मामले में जिग्नेश पर आपराधिक साजिश, पूजा स्थल से संबंधित अपराध, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और शांति भंग करने के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया था।

### कश्मीर घाटी में शांतिपूर्वक मनाई गई शब ए कद्र

श्रीनगर। कश्मीर घाटी में मुस्लिम समुदाय का रात भर चलने वाला पवित्र त्योहार शब-ए-क़द्र शांतिपूर्वक मनाई गई। अधिकारियों ने सावधानी बरतते हुए, शहर के प्रतिष्ठित जामिया मस्जिद में सामूहिक नमाज की अनुमति नहीं दी, जिसे जम्मू-कश्मीर के राजनीतिक दलों बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसकी निंदा की। इस दौरान, ईद से पहले रात भर नमाज अदा करने के लिए असर-ए-शरीफ हजरतबल, खान-ए-कह-ए-मौला, चरार-ए-शरीफ, खानयार में दस्तगीर साहिब, श्रीनगर में सुल्तान-उल-अरीफीन, नकाशबंद साहिब और सोनवर में सैयद साहिब सहित पूरे घाटी में हजारों लोग मस्जिदों और अन्य मजारों पर इकत्र हुए। डल झील के पास हजरतबल की पवित्र दरगाह पर हजारों पुरुष, महिलाएं और बच्चों ने सामूहिक रूप से नमाज-ए-ईशा और निमाज-ए-तरावीह अदा की। इस दौरान लोगों ने कश्मीर घाटी की शांति और विकास तथा देश भर के लोगों की बेहतरी के लिए विशेष प्रार्थना की। इस दौरान अधिकारियों किसी भी घटना से निपटने के लिए खास इंतजाम किए थे। उल्लेखनीय है कि शब-ए-क़द्र रमजान महीने की एक पवित्र रात है, जो आमतौर पर महीने की 27वीं रात को पड़ती है। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिंहा सहित सभी नेताओं और धर्म गुरुओं ने इस अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी। सिन्हा ने ट्वीट किया,शब ए कद्र और जुमत उल विदा के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं। यह त्योहार हमें भगवान का आशीर्वाद और क्षमा मांगने, विनम्र बनने, परोपकारी होने और मानव जाति की भलाई के लिए काम करने का अवसर प्रदान करता है। मैं प्रार्थना करता हूं कि यह त्योहार केंद्र शासित प्रदेश में शांति और समृद्धि लाए और सभी के जीवन में खुशियां भरें।

### पीओके का नागरिक राजौरी में गिरफ्तार

जम्मू। सेना के जवानों ने शुक्रवार सुबह जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के एक नागरिक को नियंत्रण रेखा पार करते हुए गिरफ्तार कर लिया। रक्षा सूत्रों ने बताया कि पीओके के एक व्यक्ति को उस समय हिरासत में ले लिया गया, जब वह राजौरी जिले के तारकुंडी बेल्ट में नियंत्रण रेखा पार करके भारतीय क्षेत्र में घुस रहा था। उन्होंने बताया कि हिरासत में लिए गए व्यक्ति को आगे की जांच के लिए मंजाकोट थाने को सौंप दिया गया है।

### सिक्किम से लापता हुईं लड़कियां दिल्ली में मिलीं

गंगटोक। सिक्किम और दिल्ली पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में राज्य से लापता हुई दो लड़कियों को मानव तस्करों के चंगुल से छुड़ा लिया है। दोनों लड़कियां सिक्किम के सिंगटम से लापता हुई थीं। इन लड़कियों को पूर्वी सिक्किम के नामथांग का एक लड़का कथित तौर बहला-फुसलाकर दिल्ली ले गया था। मानव तस्करों ने दिल्ली की हौज रानी में सिक्किम की रहने वाली एक महिला के पास एक लड़की को रख दिया, जिसकी सूचना दिल्ली पुलिस को मिली। लापता लड़की के दिल्ली में होने की सूचना मिलने पर सिक्किम पुलिस राजधानी आई। बाद में पता चला कि दूसरी लापता लड़की भी हौज रानी में ही है, जिसके बाद उसको भी बचा लिया गया। एक एनजीओ ने बताया कि सिक्किम पुलिस के जांच अधिकारी टेमी तारकू योगेंद्र गुरुंग ने लड़कियों को बचाने में काफी मदद की, लड़कियां अब सुरक्षित हैं। रिपोर्ट के अनुसार दोनों लड़कियों की उम्र क्रमश: 14 और 17 वर्ष है। उन्हें अच्छी नौकरी और बेहतर जीवन का लालच देकर दिल्ली ले जाया गया था, दोनों लड़कियों को दिल्ली की अदालत में पेश करने तक बाल गृह में रखा गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और गंगटोक की अदालत में उनके खिलाफ मुकदमा चलेगा।

### पानी की तलाश में निकला तेंदुआ पहाड़ी से गिरकर घायल

**भरतपुर।** राजस्थान में करौली के सपोटरा में कावंटी की घाटी के पास भीषण गर्मी में पानी की तलाश में निकले एक तेंदुए के पहाड़ी पर से गिर कर घायल होने का मामला सामने आया है। दूसरी तरफ क्षेत्र में तेंदुए के मूवमेंट से लोगों में दहशत फैल गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कावंटी की घाटी के पास पहाड़ी पर सीधा ऊपर की तरफ चढ़ता तेंदुआ नजर आया तो लोगो ने उसे अपने मोबाइल में कैद करना शुरू कर दिया लेकिन तभी अचानक तेंदुआ पहाड़ी पर काफी ऊँचाई से सीधे नीचे आ गिरा और घायल हो गया। वन विभाग की टीम ने भी क्षेत्र में तेंदुए के पगमार्क होने की पुष्टि की है। वन विभाग की टीम ने बताया कि भीषण गर्मी में पानी की तलाश में तेंदुए का मूवमेंट है। फिलहाल तेंदुए के मूवमेंट की निगरानी के लिए वनकर्मी की ड्यूटी लगाई गई है।

### विपक्ष शासित राज्यों ने नहीं घटाये पेट्रोल-डीजल पर वैट, महंगाई पर की राजनीति

**पटना।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष शासित राज्यों ने पेट्रोल और डीजल पर मूल्यवर्धित कर (वैट) नहीं घटाकर महंगाई पर केवल राजनीति की है। मोदी ने गुरुवार को ट्वीट किया, पेट्रोल-डीजल की मूल्य वृद्धि पर छाती पीटने वाले विपक्षी दलों ने अपने शासन वाले राज्यों में इस पर वैट में कोई कमी नहीं कर दोहरा रवैया अपनाया। कांग्रेस शासित राजस्थान में पेट्रोल-डीजल पर सर्वाधिक 31.08 फीसद वैट के अलावा इस पर सेस भी वसूला जाता है। वहीं, भाजपा शासित हरियाणा में पेट्रोल-डीजल पर सबसे कम वैट 18 और 16 फीसद है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) महंगाई पर बोलने से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बात कर उन राज्यों में वैट कम कराये ताकि जनता को राहत मिले। भाजपा नेता ने बताया कि अन्तरराष्ट्रीय बाजार में पेट्रोलियम पदार्थों की मूल्य वृद्धि और युक्रेन-रूस युद्ध के कारण जब भारत में भी पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़े तब केंद्र सरकार ने इन वस्तुओं पर पिछले नवंबर में उत्पाद शुल्क घटा कर जनता को राहत दी।

### रमन ने मोदी से छत्तीसगढ़ के राजनीतिक हालात पर की चर्चा


रायपुर। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डा.रमन सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आज मुलाकात कर छत्तीसगढ़ के राजनीतिक हालात पर विचार विमर्श किया। डा.सिंह ने नई दिल्ली में मोदी से मुलाकात के दौरान चार राज्यों में भाजपा की विधानसभा चुनावों में हुई शानदार जीत के लिए उन्हे बधाई दी।उन्होने इसके साथ ही प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की तिथि और आगे बढ़ाने के लिए मोदी के प्रति आभार जताया। दोनो नेताओं ने छत्तीसगढ़ के राजनीतिक हालात पर चर्चा की और डा.सिंह ने उन्हे संगठन के छत्तीसगढ़ में चल रहे कार्यों से भी अवगत करवाया।

# श्रीलंका की मदद करना चाहता है तमिलनाडु, भाजपा सहित एकजुट हुआ पूरा विपक्ष

नई दिल्ली। तमिलनाडु विधानसभा ने शुक्रवार को एक प्रस्ताव पारित किया जिसमें उसने श्रीलंका की मदद के लिए केंद्र सरकार से इजाजत मांगी है। प्रस्ताव में केंद्र से राज्य सरकार के अनुरोध पर सकारात्मक रूप से विचार करने का आग्रह किया गया है। तमिलनाडु विधानसभा में पारित प्रस्ताव में कहा गया है कि राज्य संकटग्रस्त श्रीलंका को भोजन और जीवन रक्षक दवाएं तत्काल भेजना चाहता है और राज्य के इस अनुरोध पर केंद्र विचार करे।

मुख्यमंत्री स्टालिन द्वारा लाए गए प्रस्ताव को विपक्षी अन्नाद्रमुक और भाजपा सहित सदन ने सर्वसम्मति से पारित किया। दिलचस्प बात यह है कि सरकार के प्रस्ताव को समर्थन देने के अलावा, विपक्ष के उप नेता एआईएडीएमके ओ पनीरसेल्वम ने श्रीलंकाई तमिलों को सहायता के रूप में देने के लिए अपनी व्यक्तिगत क्षमता में 50 लाख रुपये देने का वादा किया। मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव पेश करते हुए कहा, हम श्रीलंका में हो रहे घटनाक्रमों को पड़ोसी देश के आंतरिक मुद्दे के रूप में नहीं देख सकते हैं। हमें मानवीय सहायता प्रदान करने की आवश्यकता है। मदद शीघ्र और समय पर होनी चाहिए। इस मुद्दे पर पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपनी बैठक को याद करते हुए, स्टालिन ने कहा कि उन्होंने विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ भी इस पर चर्चा की थी, लेकिन अभी तक केंद्र की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। उन्होंने कहा, इसलिए, मैं इस प्रस्ताव को पेश करने के लिए विवश हूं।

ईलम तमिलों के लिए द्रमुक की लंबे समय से चली आ रही प्रतिबद्धता का



उल्लेख करते हुए स्टालिन ने कहा, यह इस सरकार का रुख है कि हमें अब मानवीय सहायता प्रदान करनी चाहिए। राज्य सरकार ने बच्चों के लिए 40,000 टन चावल, 137 प्रकार की जीवन रक्षक दवाएं और 500 टन मिल्क पाउडर उपलब्ध कराने का फैसला किया है, जिनकी कीमत अनुमानित 123 करोड़ रुपये है।

उन्होंने कहा, हम इन सामानों को भेजने की स्थिति में हैं। राज्य सरकार उन्हें सीधे सप्लाई नहीं कर सकती है। इसे केंद्र सरकार की मंजूरी के साथ किया जाना है और श्रीलंका में भारतीय दूतावास के माध्यम से वितरित किया जाना है। मैंने श्रीलंका में संकट के तुरंत बाद भारत सरकार के साथ इस (विषय पर) बात की थी। तमिल क्लासिक थिरुक्कुरल के एक दोहे का जिक्र करते हुए स्टालिन ने कहा कि मदद मानवीय चिंताओं और समय पर होनी चाहिए। उन्होंने कहा, समय पर की गई मदद ही सच्ची मदद होती है। केंद्र सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाने के लिए इस तरह के प्रस्ताव को अपनाना होगा। स्टालिन द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव में, सरकार ने कहा कि श्रीलंका को सहायता भेजने के तमिलनाडु के प्रस्ताव पर केंद्र की ओर से कोई स्पष्ट जवाब नहीं आया है।

प्रस्ताव में कहा गया है, तमिलनाडु की सरकार ने भारत सरकार से गंभीर आर्थिक संकट के कारण पीड़ित श्रीलंका के लोगों को चावल, दाल और दूध उत्पादों और जीवन रक्षक दवाओं सहित आवश्यक वस्तुओं को भेजने की अनुमति देने के लिए भारत सरकार से कहा गया है, लेकिन अभी तक इस संबंध में भारत सरकार की ओर से कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला है। प्रस्ताव में आगे कहा गया, इसलिए, सदन केंद्र सरकार से आग्रह करता है कि वह तमिलनाडु सरकार के अनुरोध पर सकारात्मक रूप से विचार करे, जिसमें गंभीर कठिनाइयों का सामना कर रहे श्रीलंका के लोगों को तमिलनाडु से जीवन रक्षक दवाओं सहित भोजन और अन्य आवश्यक वस्तुएं भेजी जाएं।

प्रस्ताव में कहा गया है, यह सदन केंद्र सरकार से तमिलनाडु सरकार के अनुरोध को स्वीकार करने और व्यवस्था करने और प्रभावित लंकाई नागरिकों को भोजन और आवश्यक वस्तुओं को भेजने की अनुमति देने का आग्रह करता है।

# पंजाब : बठिंडा के बस स्टैंड पर खड़ी तीन बसों में लगी आग, कंडक्टर की जलकर मौत

चंडीगढ़। पंजाब के बठिंडा के एक बस स्टैंड पर गुरुवार रात भीषण आग लग गई। यहां तीन बसों के जल जाने से एक बस कंडक्टर की मौत हो गई। घटना स्थल पर मौजूद धनौला पुलिस स्टेशन के स्टेशन हाउस ऑफिसर दर्पण अहलूवालिया ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि आग की चपेट में आकर तीन बसें जलकर खाक हो गईं। इस घटना में एक कंडक्टर की मौत हो गई। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच में जुट गई है। इस बात का भी



पता लगाया जा रहा है कि कहीं इसमें किसी बाहरी शख्स का तो हाथ नहीं है। शुरुआती जांच में सामन आया है कि दो बसें जैसे ही स्टैंड पर आकर रूकीं तो तुरंत आग लग गई। इसकी चपेट में एक और बस आ गई। जो कंडक्टर बस में बैठा था, उसकी जिंदा जलकर मौत हो गई।

#### लुधियाना में आग लगने से एक ही परिवार के 7 लोगों की मौत

कुछ दिनों पहले पंजाब के लुधियाना में बिहार के रहने वाले एक ही परिवार के 7 लोगों की मौत हो गई थी। यह परिवार लुधियाना में रहकर मजदूरी करता था। सुबह के वक्त उनकी झोपड़ी में आग लग गई और इसके चलते सभी की जिंदा जलकर मौत हो गई। लुधियाना ईस्ट के असिस्टेंट पुलिस कमिश्नर सुरिंदर सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ये सभी लोग प्रवासी मजदूर थे और सुबह जब अपनी झोपड़ी में सो रहे थे, उसी वक्त आग लग गई। इसके चलते बच निकलने का मौका नहीं मिला और उनकी जिंदा जलने से दर्दनाक मौत हो गई।

# यादव ने धामी से की भेंट, विभिन्न विषयों पर हुई बातचीत

देहरादून। उत्तराखंड के तीन दिवसीय दौरे पर आये केन्द्रीय श्रम, सेवायोजन, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री से उनके आवास पर भेंट की। दोनों के मध्य राज्य के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से वन विभाग के एनओसी एवं क्लीयरेंस से संबंधित केन्द्रीय स्तर पर लंबित मामलों से अवगत कराया। केन्द्रीय मंत्री श्री यादव ने कहा कि केंद्र स्तर पर लंबित वन विभाग सभी मामलों का शीघ्र समाधान किया जायेगा। इस दौरान दोनों के मध्य वनाग्नि जैसी घटनाओं को रोकने को लेकर भी चर्चा हुई। केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड आस्था के प्रमुख केंद्र के साथ ही वन और पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण राज्य है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड भ्रमण के दौरान एफआरआई में वन एवं पर्यावरण से संबंधित विभिन्न मामलों में अधिकारियों के साथ बैठक की गई। प्रोजेक्ट एलीफेंट एवं कैंपा के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक की गई। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड को वन एवं पर्यावरण के क्षेत्र में केन्द्र सरकार की ओर से हर संभव मदद दी जाएगी।

# टीएमसी ने त्रिपुरा में राज्य समिति का किया गठन



अगरतला। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की प्रमुख एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को त्रिपुरा में अपनी पार्टी की विशाल राज्य समिति की शुक्रवार को घोषणा की और त्रिपुरा इकाई का अध्यक्ष सुबल भौमिक को बनाया है, जो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) छोड़कर टीएमसी में आए हैं।

टीएमसी एक अंतराल के बाद पिछले साल मई में त्रिपुरा में फिर सक्रिय हुई है। पार्टी के त्रिपुरा मामले की प्रभारी राजीव बनर्जी ने कहा कि राज्यसभा सदस्य सुष्मिता देव और पार्टी के कुछ खास नेताओं की छह सदस्यों की एक विशेष समिति बनाई गयी है। इसके अलावा चार फ्रंटल प्रकोष्ठ बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर तैयारी में कुछ समय लगने के कारण राज्य समिति का गठन करने में देरी हुई लेकिन अब टीएमसी त्रिपुरा में सत्तारूढ़ भाजपा के कुशासन का मुकाबला करने के लिए तैयार है। उन्होंने आरोप लगाया कि श्री बिपल्व कुमार के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार राज्य में टीएमसी को रोकने के लिए हर तरह के अलोकतांत्रिक हथकंडे अपना रही है। बनर्जी ने कहा,त्रिपुरा में शहरी निकायों के पिछले चुनाव से पहले टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी सहित कई नेताओं को झूठे मामलों में फंसाया गया। टीएमसी ही अकेली पार्टी रही, जिसने अगरतला महानगर निगम (एएमसी) के सभी 51 वार्ड में चुनाव लड़ा और अपने कार्यकर्ताओं पर लगातार हिंसा और हमलों के बावजूद 24 प्रतिशत वोट हासिल करने में सफल रही।

# पीएसआई भर्ती घोटाला : मुख्य आरोपी दिव्या सहित पांच गिरफ्तार

कलबुर्गी। कर्नाटक में सब-इंस्पेक्टर (पीएसआई) भर्ती घोटाले मामले में अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने मुख्य आरोपी व भारतीय जनता पार्टी की पूर्व पदाधिकारी दिव्या हागरागी समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

सीआईडी सूत्रों ने शुक्रवार को यहां बताया कि दिव्या के स्वामित्व वाले कलबुर्गी में अंग्रेजी माध्यम के स्कूल के प्रधानाध्यापक काशीनाथ, स्कूल की शिक्षिका अर्चना, सुनंदा और उम्मीदवार शांतिबाई को गिरफ्तार कर लिया गया है। ??सूत्रों ने कहा कि सीआईडी ??पुलिस अधीक्षक राघवेंद्र हेगड़े के नेतृत्व में एक टीम ने आरोपियों को महाराष्ट्र के पुणे में गिरफ्तार किया और कलबुर्गी लाया। कोई 15 दिनों तक तलाश करने के बाद भी सीआईडी ??आरोपियों का पता नहीं लगा पाई थी। विपक्षी दल इसकी आलोचना कर रहे थे। इस बीच, स्थानीय अदालत ने दिव्या और छह अन्य आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया।

पुलिस ने अब तक उम्मीदवारों, पर्यवेक्षकों और सरकारी महिला कर्मचारियों सहित 17 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें प्रमुख किंगपिन रुद्रगौड़ा पाटिल, उसका भाई कांग्रेस नेता महंतेश पाटिल तथा दिव्या के पति राजेश भी शामिल हैं। इनमें से सात उम्मीदवार सीआईडी ??की हिरासत में हैं।

आरोपियों में एक सरकारी इंजिनियर भी शामिल है जिसके ऊपर ब्लूटूथ से नकल करवाने का आरोप है। सहायक कार्यकारी अभियंता 33 वर्षीय मंजूनाथ मालेकुंडी 9 अप्रैल से फरार है। इधर गृह मंत्री अरागा ज्ञानेंद्र ने पुलिस सब-इंस्पेक्टर भर्ती घोटाले की मुख्य आरोपी दिव्या हागरागी की संपत्तियां जब्त करने का अल्टीमेटम जारी किया है।

घोटाला सामने आने के बाद से दिव्या फरार थी और मामले की जांच कर रही सीआईडी ने उसके खिलाफ वारंट जारी किया था। सब इंस्पेक्टर भर्ती की परीक्षा का केंद्र दिव्या के संचालित स्कूल में भी पड़ा था। आरोप है कि वहां पर उन्होंने अभ्यर्थियों को नकल करवाई।

राज्य के गृह मंत्री ने दावा किया कि ऐसी अनियमितताएं सालों से हो रही थीं। हम इसकी जड़ तक जाना चाहते थे और उस गिरोह का पर्दाफाश करना चाहते थे जो सरकारी नौकरी बेच रहा था और ईमानदार उम्मीदवारों की मेहनत को दबा रहा था।

वहीं राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को आरोप लगाया कि अन्य दलों के नेताओं को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने कहा कि यह घोटाला आने वाली पीढ़ी को प्रभावित करेगा। उन्होंने कहा कि जो उम्मीदवार पैसे के कारण चुना जाता है, उसकी सोच पैसा बनाने के बारे में होगी और वह केवल पैसा बनाने में लिप्त होगा, अधिकारियों की पोस्टिंग में भी भ्रष्टाचार है। राज्य में प्रशासन ध्वस्त हो गया है।

इधर पुलिस सब-इंस्पेक्टर भर्ती घोटाले की जांच कर रही सीआईडी ने पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक प्रियांक खड़गे को उनके सामने पेश होने के लिए दूसरा नोटिस दिया है। सीआईडी ने 22 अप्रैल को पहला सम्मन जारी किया था। उनसे कहा गया था कि वह उम्मीदवार और बिचौलिए के बीच बातचीत का ऑडियो जारी करें, जिसका वह दावा कर रहे थे।

दूसरे नोटिस पर श्री प्रियांक ने कहा,卐मुझे नहीं पता कि उन्होंने पहले नोटिस का मेरा जवाब पढ़ा या नहीं। मैंने सुना है कि उन्होंने बेंगलुरु में मेरे आवास पर दूसरा नोटिस दिया है। मुझे यह नहीं मिला है क्योंकि मैं कलबुर्गी में हूं। उन्होंने कहा, मुझे गवाही देने की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि मैं न तो आरोपी हूं और न ही गवाह हूं। मेरे पास जो जानकारी है वह सार्वजनिक डोमेन में है। मैंने अपने लिखित जवाब में यही कहा है और मैं इस पर कायम हूं।

यह घोटाला कलबुर्गी जिले में सामने आया था। इस मामले में अफजलपुर के विधायक के सुरक्षाकर्मी समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। यह मामला तब सामने आया था, जब एक अभ्यर्थी को एक प्रश्न पत्र में महज 21 प्रश्न हल करने पर 100 प्रतिशत अंक दे दिए गए थे। एसआई के 545 पदों के लिए 54,000 से अधिक अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी।

# उत्तराखंड में गोलीबारी के दो आरोपी गिरफ्तार, सात फरार

नैनीताल/बाजपुर। उत्तराखंड के उधमसिंह नगर जिले के बाजपुर स्थित पिपलिया गांव में दो दिन पहले स्टोन क्रशर मालिक के घर पर हुई गोलीबारी की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सात आरोपी फरार हैं। गोलीबारी अवैध धन वसूली के लिये की गयी है।

उधमसिंह नगर पुलिस के अनुसार 26 अप्रैल की देर रात को बाजपुर के पिपलिया गांव में स्टोन क्रशर मालिक नेत्र प्रकाश शर्मा के घर पर यकायक गोलीबारी होने लगी। इसमें एक व्यक्ति कुलवंत पुत्र सुखदेव निवासी बग्गी फार्म, रामपुर, उप्र की मौत हो गयी और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये थे। घटना के बाद ग्रामीण दहशत में आ



गये। सूचना मिलते ही पुलिस के उच्च अधिकारी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। इसके बाद पुलिस बदमाशों को पकड़ने में लग गयी। पुलिस के अनुसार बाजपुर के केशोवाला गांव निवासी अविनाश शर्मा पुत्र गुरवचन शर्मा पेशेवर अपराधी है। वह उधमसिंह नगर व आसपास के लोगों से अवैध वसूली करने के साथ ही सम्पत्तियों पर जबरन कब्जा करता है। आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में छह मुकदमे दर्ज हैं।

अविनाश शर्मा व उसके दोस्त स्टोन क्रेशर स्वामी से अवैध वसूली कर रहे थे। इसके लिये वह उन पर विभिन्न प्रकार से दबाव बना रहे थे। घटना के दिन आरोपियों की ओर से पहले एक निजी होटल में सार्वजनिक पंचायत बुलायी गयी और स्टोन क्रशर मालिक पर वसूली का दबाव बनाया गया।

पुलिस के अनुसार इसमें भी असफल रहने पर अविनाश शर्मा व उसके दोस्त देर रात स्टोन क्रशर मालिक के घर जा धमके और गोलीबारी शुरू कर दी। आरोप है कि घर में महिलाओं से भी मारपीट की गयी। गोलीबारी में बदमाशों का एक साथी की मौत हो गयी जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गये। इस घटना के बाद बाकी आरोपी फरार हो गये। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। नेत्र प्रकाश शर्मा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गुरूवार देर रात को दो आरोपियों मोहित अग्रवाल व दीपक शर्मा उर्फ शैंकी निवासी बाजपुर को गिरफ्तार कर लिया है।

फरार आरोपियों में अविनाश शर्मा व उसका लड़का विराट देवगन, तेजेन्द्र उर्फ जंटू, हरकेवल शर्मा निवासी खम्बारी, बाजपुर, हरप्रीत उर्फ हैप्पी निवासी बिरहा फार्म, बाजपुर, प्रेम शर्मा निवासी केशोवाला, बाजपुर, व हरजिंदर विलासपुर, रामपुर शामिल हैं। पुलिस की छह टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी हैं।

## पीएसआई भर्ती घोटाला

# भाजपा नेता दिव्या गिरफ्तार

बेंगलुरु। कर्नाटक में पुलिस उप-निरीक्षक (पीएसआई) भर्ती घोटाले में आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने पुणे से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता एवं मुख्य आरोपी दिव्या हगरागी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी को गुरुवार देर रात महाराष्ट्र के पुणे से गिरफ्तार किया गया और उसे कलबुर्गी लाया जाएगा। पुलिस ने बताया कि सीआईडी अधिकारियों ने दिव्या हगरागी के एक सहयोगी पर कड़ी नजर रख रही थी, जिसके कारण उसकी गिरफ्तारी हुयी। इस गिरफ्तारी के बाद पुलिस अब तक इस मामले में 22 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।वह इस मामले में गिरफ्तार होने वाली 18वीं आरोपी है। नेता के पति राजेश हगरागी पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। इस घोटाले में सीआईडी ने एक सरकारी कर्मचारी को भी गिरफ्तार किया, जिसने कथित तौर पर परीक्षा में एक महिला उम्मीदवार की मदद की थी। इस संबंध में पांच अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है, जिनमें शोलापुर के एक व्यवसायी सुरेश भी शामिल है, जिसने मुख्य आरोपी को आश्रय दिया था। साथ ही स्कूल के प्रधानाध्यापक काशीनाथ, परीक्षा पर्यवेक्षक अर्चना और सुनंदा तथा एक उम्मीदवार शांताबाई को भी गिरफ्तार किया गया है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में दो आरोपियों को मौत की सजा

कोटा। राजस्थान में बूंदी की एक अदालत ने आज नाबालिग से दुष्कर्म कर उसकी हत्या करने के एक बहुचर्चित मामले में दो आरोपियों को फांसी की सजा सुनाई।

बूंदी की पॉक्सो न्यायालय में चार माह पुराने इस मामले में पेश अभियोग पत्र में कहा गया है कि आरोपियों सुल्तानपुर (27), छोटू लाल (62) और एक नाबालिग ने बूंदी जिले के बसौली थाना क्षेत्र के काला कुआं गांव के पास 30 दिसंबर 2021 को एक 17 वर्षीय किशोरी की उस समय सामूहिक बलात्कार करने के बाद हत्या कर दी थी जब वह बकरियां चराने जंगल में गई थी। दुष्कर्मी बलात्कारी इस कदर हैवानियत पर उतर आए थे कि चुन्नी से गला दबाकर किशोरी की हत्या करने के बाद भी वह उसके शव को नौचते रहे थे और दुष्कर्म करते रहे। बाद में फरार हो गए।

किशोरी का शव बरामद होने के बाद बूंदी जिला पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिले के 10 थाना क्षेत्र की पुलिस को आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगाया और इसके लिए व्यापक अभियान छेड़ा गया घटना के 12 घंटे बाद ही नाबालिग सहित तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिल गई।

# मोबाइल बाजार में उपभोक्ताओं को सुविधा के लिए ओ-लाइन-ओ ने राजस्थान में भी की शुरुआत

**जयपुर।** डिजिटल की अपनी दुकान ओ-लाइन-ओ ने मोबाइल बाजार में उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए महाराष्ट्र एवं कनार्टक के बाद अब राजस्थान में भी अपनी शुरुआत कर दी और उसने राजधानी जयपुर सहित तीन शहरों में सत्रह दुकानें खोली हैं।

ओ-लाइन-ओ के निदेशक विभूति प्रसाद ने इस अवसर पर आयोजित समारोह में आज यहां मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इससे पहले महाराष्ट्र के मुंबई एवं कर्नाटक में ओ-लाइन-ओ ने शुरुआत की और अब राजस्थान में जयपुर, अजमेर और किशनगढ़ में 17 आउटलेट खोली है। जयपुर में वैशाली नगर, राजापार्क, टोंक रोड सहित कई प्रमुख जगहों पर ये दुकानें खोली है। उन्होंने बताया कि देश में ओ-लाइन-ओ अब इस तरह की 131 दुकानें खोल चुका है।

श्री प्रसाद ने बताया कि यूनिक ओ2ओ ओमनी चैनल कांसेप्ट के आधार पर ऑनलाइन-टू-ऑफलाइन और ऑफलाइन-टू-ऑनलाइन बिज़नेस ब्रिज के रूप में सेवा करने का एक नया कांसेप्ट है।

जो ग्राहक को अपने घरों पर ही आराम से खरीदारी की सुविधा के साथ अपना बहुमूल्य समय और प्रयास बचाने, ऑफलाइन स्टोर पर उपस्थित हुए बिना उत्पाद खरीदने में मदद करता है। ये सब मुंबई स्थित स्टार्ट अप ओ-लाइन-ओ द्वारा पेश किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यदि ग्राहक इस नये कांसेप्ट के बाद भी ऑफलाइन स्टोर पर जाना चाहते है जहां से उन्होने उत्पाद खरीदा था, तो वह अपने घरों के नजदीक स्थित ओ-लाइन-ओ स्टोर पर जा सकते है।

उन्होंने बताया कि ओ-लाइन-ओ मे उत्पादों को ग्राहक के निकटतम स्टोर से वितरित किया जाएगा और वह आन लाइन खरीदा मोबाइल एवं उससे संबंधित सामग्री पसंद नहीं आने पर वह नजदीकी या मनपसंद दुकान पर जाकर भी बदलवा सकेंगे।

## शार्ट न्यूज

### बाल भवन पब्लिक स्कूल में लगा निशुल्क वैक्सिनेशन शिविर

विवेक राय गौरवशाली भारत



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की ओर से, जिलाधिकारी श्री. एल.एम. बूँद (डी.सी.- पूर्वी दिल्ली, कार्यालय परिसर, शास्त्री नगर) के सहयोग द्वारा बाल भवन पब्लिक स्कूल, मयूर विहार फ़ेज-2 में 29 अप्रैल, 2022 को निशुल्क वैक्सिनेशन शिविर आयोजित किया गया। जिसमें बूस्टर डोस के साथ-साथ को-वैक्सीन और कोविडशील्ड भी लगाई गई। सरकार की गाइडलाइन के तहत यह कैंप लगाया गया है और कैंप के बारे में विद्यार्थियों तथा अभिभावकों को पहले ही सूचित कर दिया गया था जिसके चलते कई अभिभावक वैक्सीन लगवाने के लिए काफ़ी उत्साह के साथ आज स्कूल में पहुंचे। वैक्सीनेशन कैंप के दौरान 150 से अधिक लोगों को टीका लगाया गया। विद्यार्थियों के लिए भी 30 अप्रैल, 2022 को विद्यालय में निशुल्क वैक्सिनेशन कैम्प आयोजित किया गया है। कोरोना के ख़िलाफ़ छेड़ी सरकार की इस मुहिम में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विविध गुप्ता जी द्वारा उठाए गए इस कदम ने पूर्वी दिल्ली को कोरोना मुक्त करने में अपनी अहम भूमिका निभाई। जिसके चलते उन्होंने टीकाकरण करवाने आए लोगों को कोरोना महामारी से बचाव हेतु हिदायतों का पालन करने को प्रेरित किया।

### समाचार पत्र के दफ्तर में देर रात अचानक लगी भीषण आग

प्रफुल्ल राय गौरवशाली भारत



**गाजियाबाद।** एन एच 24 स्थित अमर भारती समाचार पत्र के दफ्तर मीडिया हाउस' में देर रात अचानक भीषण आग लग गयी. रात्रि में लगभग 2 बजकर 37 मिनट पर जब आग लगी उस समय कई कर्मचारी बिल्डिंग परिसर में मौजूद थे. अचानक घटी इस घटना के बाद वहां अफरातफरी मच गयी और कर्मचारी भागने लगे. आग लगने की सूचना गाजियाबाद के मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री सुनील कुमार को दी गयी जिसके बाद वैशाली फायर स्टेशन से तत्काल हाइड्रोलिक प्लेटफार्म सहित 2 फायर टेंडर वहाँ पहुंचे। चश्मदीदों के मुताबिक़ ग्राउंड फ्लोर पर स्तिथ इलेक्ट्रिक पैनल और उसके नजदीक पड़े सामान में आग लगी थी. आग लगने के बाद बिल्डिंग परिसर में काफी धुंआ भर गया जिसके कारण हालात मुश्किल भरे हो गए दमकल कर्मियों ने फसें कर्मचारियों का हौसला बढ़ाया और तुरंत आग बुझाने के प्रयास किये गए. लोगों को समझाया गया कि सुरक्षित स्थान पर बने रहे और बिल्डिंग से बाहर कूदने की कोशिश ना करे. बी ए सेट पहनकर दमकल कर्मियों ने चौथे फ्लोर पर बालकनी में फसे हुए आठ लोगों को आग से सुरक्षित बचाया. बचाव कार्य में कुछ कर्मचारियों के शरीर पर चोटें भी आई. घायल लोगों को खोड़ा कॉलोनी स्तिथ एनसीआर हॉस्पिटल में उपचार पहुँचाया गया। आग लगने के कारण मिडिया हाउस में लगी प्रिंटिंग प्रेस तथा कुछ अन्य जरूरी चीजे जलकर खाख हो गई जिसमे अमर भारती समाचार पत्र को भारी क्षति हुई।

### झुलसे राहगीरों के परिवार ने विद्युत निगम के खिलाफ शिकायत दी

**नोएडा।** सेक्टर-126 स्थित रायपुर में 15 दिन पहले ट्रांसफार्मर का खौलता तेल गिरने से बाइक सवार दो भाई गंभीर रूप से झुलस गए थे। दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में दोनों का उपचार चल रहा है। इस मामले में उनके परिजनों ने सेक्टर-126 थाने में बिजली विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगा शिकायत दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रायपुर गांव में 16 अप्रैल को ट्रांसफार्मर में आग लग गई थी। इस दौरान बदरपुर दिल्ली निवासी दो भाई हासिम खान और मोनिस खान अपनी बाइक लेकर वहां से गुजर रहे थे। जब वह जलते हुए ट्रांसफार्मर के पास से गुजरे तो उससे निकल रहा खौलता तेल दोनों भाइयों पर गिर गया था। इससे दोनों झुलस गए थे। लोगों ने दोनों को पास के अस्पतल में भर्ती कराया था। यहां से दोनों को दिल्ली स्थित सफदजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दोनों का वहां उपचार चल रहा है। इस मामले में अब घायलों के परिजनों ने सेक्टर-126 थाने में बिजली विभाग के एसडीओ, जेई और कर्मचारियों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाकर शिकायत दी है।

### पुराने विवाद को लेकर युवक के कार्यालय में तोड़फोड़

**नोएडा।** सेक्टर-71 निवासी युवक ने कार सवार युवकों पर अपने कार्यालय में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया है। इस मामले में पीड़ित की ओर से फेज-3 थाने में शिकायत दी गई है। शिकायत के आधार पर पुलिस जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार संजय कौशिक का सेक्टर-71 में कार्यालय है। उन्होंने पुलिस को शिकायत दी है कि दो दिन पहले वह अपने कार्यालय में थे। इसी दौरान कार में सवार होकर चार-पांच युवक उनके कार्यालय में पहुंचे। वे अपने हाथों में लोहे की रॉड और लाठी-डंडे लिए थे। कार सवारों ने उनके कार्यालय का दरवाजा तोड़ दिया। आरोपियों ने कार्यालय में भी जमकर तोड़फोड़ की। उन्होंने उनके साथ अभद्रता भी की। आरोप है कि उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट भी कर दी। कुछ दिन पहले भी ये युवक उनके कार्यालय में तोड़फोड़ कर चुके थे जिसकी शिकायत उन्होंने फेज-3 थाने में की थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बोली से भूखंडों के आवंटन का विरोध

**नोएडा।** ब्राह्मण रक्षा दल के मुख्य संरक्षक और समाजवादी पार्टी के नेता पंडित रवि शर्मा ने नोएडा प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और यमुना प्राधिकरण द्वारा ई-नीलामी के माध्यम से प्लॉट की बोली लगाने के फैसले का विरोध किया है। उन्होंने सरकार को भेजे ज्ञापन में कहा है कि कि ग्रुप हाउसिंग और कॉमर्शियल प्लॉट को छोड़कर आईटी, संस्थागत एवं रिहायशी सभी श्रेणी के प्लॉट का आवंटन ड्रॉ के माध्यम से कराया जाए। 4000 मीटर से ऊपर के प्लॉट का आवंटन साक्षात्कार के आधार पर होना चाहिए।

### 30 गांवों में ट्यूबवेल से होगी पानी की आपूर्ति

**सोहना।** जन स्वास्थ्य विभाग ने 30 गांवों में ट्यूबवेल से साफ पेयजल की आपूर्ति देने की कवायद शुरू कर दी है। जनस्वास्थ्य विभाग ने शहर के जिन वार्ड व गांव मे ट्यूबवेल से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। उन गांवों के उपभोक्ताओं को गर्मी व बारिश के मौसम में साफ पानी की आपूर्ति की जाएगी। विभाग की तरफ से करीब 45 ट्यूबवेल से उपभोक्ताओं को पेयजल की आपूर्ति की जाती है। जिनमें सांप की नंगली, मौहम्मदपुर गुर्जर, रायसीना, हरियाहेड़ा, गढ़ीबाजीपुर, दौला, हरचंदपुर, निमौठ, लाला खेड़ली, मंडावर, रानी का सिंघौला, नूनेरा, सांचौली, नाई नंगला, खरौदा, बालूदा आदि में लगे ट्यूबवेल के पास दवाई के टैंक लगाएं गए है। पेयजल आपूर्ति के दौरान टैंकों से पानी के साथ-साथ कीटनाशक दवाई मिलाकर होकर जाएगी। जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि सभी ट्यूबवेल पर दवाई के टैंक चालू कर दिए हैं। जिनका समय-समय पर निरीक्षण भी किया जाता है। इसके अलावा पंप ऑपरेटर की जिम्मेदारी लगाई गई है।

# उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिका पर 6 मई को एक साथ होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली हिंसा से जुड़े माामले में गिरफ्तार शरजील इमाम की जमानत याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा है कि इमाम की जमानत याचिका पर हिंसा की साजिश के आरोप में आतंकवाद निरोधक कानून के तहत गिरफ्तार जेएनयू छात्र उमर खालिद की जमानत याचिका के साथ सुनवाई की जाएगी।



जस्टिस सिद्धार्थ मृदुल और रजनीश भटनागर की बेंच ने कहा कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 124ए के तहत राजद्रोह के कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट में लंबित है और इस पर 5 मई को सुनवाई होगी। साथ ही कहा कि इस मामले में भी राजद्रोह के आरोप है, ऐसे में अब आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के बाद करेंगे। इसके साथ ही मामले की सुनवाई 6 मई तक के लिए स्थगित कर दिया।

खालिद और इमाम ने निचली अदालत द्वारा जमानत नहीं दिए जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दाखिल कर जमानत की मांग की है। खालिद की ओर से वरिष्ठ वकील त्रिदीप पेस ने बेंच को बताया कि इस बात की पूरी संभावना है कि 5 मई को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी होगी। उन्होंने कहा कि मौजूदा मामले में जमानत की कार्यवाही सिर्फ आईपीसी की धारा 124 ए तक सीमित नहीं है, बल्कि आतंकवाद निरोधक कानून यानी गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के कुछ प्रावधान भी शामिल है।

इस पर हाईकोर्ट ने वरिष्ठ वकील से कहा कि आपका भी मानना है कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला महत्वपूर्ण होने वाला है, ऐसे में हमें उसका इंतजार करना चाहिए।

### सुरक्षा में खामी पर स्कूल बसें पकड़ी

**नोएडा।** जिले की कई स्कूल बसों की शुक्रवार को जांच में खिड़कियों में ग्रिल कम पाई गई हैं। इससे बच्चे आसानी से अपनी गर्दन और हाथ खिड़की से बाहर निकाल सकते हैं। स्कूल बसों में यह बड़ी कमी है, जो हादसे का कारण बन सकती है। गाजियाबाद के मोदी नगर में हुए हादसे में बच्चे ने अपनी गर्दन खिड़की से बाहर निकाली थी और खंभे से सिर टकराने पर उसकी मौत हो गई थी। स्कूल बसों के चालान किए जा रहे हैं। इसके बाद भी स्कूलों और बस ऑपरेटरों की ओर से लापरवाही जारी है। परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारियों की ओर से नोएडा एक्सटेंशन, सूरजपुर, सेक्टर-60, 61, 62, 65, 66 समेत अन्य स्थानों पर जांच अभियान चलाया गया। इसमें आठ स्कूली बसें जब्त की गई जबकि 25 वाहनों का चालान किया गया। पैसेंजर टैक्स अधिकारी ज्योति मिश्रा ने कहा कि स्कूल बसों में तमाम कमियां जांच में मिल रही हैं। सबसे बड़ी कमी बसों की खिड़की में आवश्यकता के मुताबिक ग्रिल का न होना है। उन्होंने कहा कि कार्रवाई की जद में आई बसों में करीब 30 फीसदी बसें ऐसी थी, जिसमें ग्रिल कम थी। ऐसे में बच्चे सिर और हाथ आसानी से खिड़की से बाहर निकाल सकते हैं। इसके अलावा कुछ बसों में बच्चों के उतरने के दौरान गेट पर पकड़ने के लिए रॉड के स्थान पर बेल्ट लगी हुई थी। ऐसे में उसे पकड़ कर उतरते समय बच्चों का हाथ फिसल सकता है। एआरटीओ प्रवर्तन अजय मिश्र ने बताया कि ग्रिल की संख्या में कमी काफी बसों में मिल रही है।

### फ्लैट दिलाने के नाम पर 78 लाख रुपये ठगे

गुरुग्राम। फ्लैट दिलाने के नाम पर युवक से 78 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर सेक्टर-14 थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि, अभी तक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। मूलरूप से रेवाड़ी निवासी नरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चार साल पहले एक रिश्तेदार के साथ मनीष कुमार नामक युवक से उनकी मुलाकात हुई थी। आरोपी शेयर मार्केट और रियल एस्टेट का काम करता है। दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और घर भी आना-जाना शुरू हो गया। बातचीत के दौरान आरोपी ने बताया कि वह उन्हें फ्लैट दिला देगा। सहूलियत के हिसाब से किस्तों में उसे रुपये देने की बात कही। इसके बाद उन्होंने आरोपी मनीष को धीरे-धीरे नगद और ऑनलाइन रुपये देना शुरू कर दिया। इस दौरान अच्छा फ्लैट दिलाने का भरोसा देता रहा। तब तक वह आरोपी को 54 लाख रुपये दे चुका था। आरोपी ने बताया कि जब तक वह फ्लैट नहीं दिलवा पाता है, तब तक वह तीन प्रतिशत ब्याज देता रहेगा। उसका करार भी लिखित रूप में हुआ। कुछ समय बाद आरोपी ने बताया कि उसके पास एक फ्लैट आ गया है, लेकिन उस पर लोन है। लोन चुकाने के बाद वह फ्लैट उनके नाम कर देगा। आरोपी ने लोन चुकाने के एवज में 24 लाख रुपये और लिए। बाद में आरोपी ने फोन उठाना बंद कर दिया। जांच अधिकारी ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी है।

# जहांगीरपुरी हिंसा के आरोपी फरीद दो दिन की पुलिस रिमांड पर सौंपा, पश्चिम बंगाल से हुई थी गिरफ्तारी

नई दिल्ली। दिल्ली के जंहागीरपुरी इलाके में 16 अप्रैल को हुई हिंसा के मुख्य आरोपी फरीद को अदालत ने दो दिन की रिमांड पर दिल्ली पुलिस के सौंप दिया है। फरीद को इस हिंसा का मुख्य आरोपी बताया गया जा रहा है। घटना के बाद से वह फरार चल रहा था।

दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को रोहिणी कोर्ट में आरोपी फरीद को पेश किया। पुलिस की तरफ से दलील दी गई कि जहांगीरपुरी इलाके में हुई हिंसा को भड़काने में फरीद की अहम भूमिका थी।



घटना के बाद से वह फरार हो गया था। पुलिस ने इस आरोपी को गुरुवार को पश्चिम बंगाल के पूर्वी मिदनापुर से गिरफ्तार किया था। इसके बाद फरीद को वहां की अदालत में पेश करने के बाद ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली लाया गया। जहां शुक्रवार सुबह उसकी पेशी रोहिणी अदालत में की गई। पुलिस की दलील थी कि इस आरोपी से कई अहम खुलासे कराने हैं। इस हिंसा की साजिश में उसके भागीदार रहे अन्य साथियों को पता लगाना है, इसलिए आरोपी को रिमांड पर दिया जाए। अदालत ने पुलिस के पक्ष और आरोपी को लेकर पेश किए गए साक्ष्यों के आधार पर फरीद को दो दिन की रिमांड पर सौंप दिया है।

ज्ञात रहे कि हनुमान जयंती के दिन जहांगीरपुरी इलाके में निकाली जा रही शोभायात्रा पर पथराव की घटना हुई थी। इस मामले में पुलिस अब तक 2 दर्जन से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। कई लोगों की तलाश जारी है, जबकि अदालत ने भी कई आरोपियों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए हुए हैं। इनमें से ही एक आरोपी फरीद भी था।

# कनॉट प्लेस शूटआउट केस : 25 साल बाद पीड़ित को 15 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि राज्य की कार्रवाई के चलते हुई क्षति, जहां पुलिस अधिकारियों को लापरवाही या निष्क्रियता के लिए नहीं बल्कि आपराधिक कृत्यों के लिए दोषी ठहराया गया था, को लापरवाही और निष्क्रियता के सामान्य मामलों की तुलना में 'उच्च स्तर' पर विचार करने की जरूरत है। हाईकोर्ट ने सीपी शूटआउट के 25 साल बाद एक पीड़ित को 15 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश देते हुए यह टिप्पणी की है।

कनॉट प्लेस में हुई इस फर्जी मुठभेड़ में पुलिस ने दो कारोबारियों को मार गिराया था, जबकि तरुणप्रीत सिंह जीवित बच गए थे। इस फर्जी मुठभेड़ में अदालत ने 2007 में दिल्ली पुलिस के तत्कालीन सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) सत्यवीर सिंह राठी सहित



10 पुलिस कर्मियों को हत्या के जुर्म में दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। जस्टिस प्रतिभा एम. सिंह ने अपने फैसले में कहा है कि इस मामले में, याचिकाकर्ता अपने शरीर में छर्रे के साथ जीवन गुजार रहा है, जो अपने आप में दर्दनाक हो सकता है क्योंकि इसके दुष्प्रभाव आज भी अज्ञात हैं।

हाईकोर्ट ने कहा है कि याचिकाकर्ता को मुआवजा न सिर्फ उसकी वर्तमान स्थिति बल्कि भविष्य में उत्पन्न होने वाली किसी भी जटिलता का ध्यान रखकर दिया जाना चाहिए। साथ ही कहा है कि याचिकाकर्ता के दो बच्चे हैं, जिनके लिए उन्हें शिक्षा और शादी के मामले में पूरा करने की जरूरत है। आज उसके पास कोई रोजगार का स्थायी साधन नहीं है, ऐसे में इन सब बातों को ध्यान रखकर मुआवजा दिया जाना चाहिए। हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी करते हुए केंद्र सरकार को 15 लाख रुपये मुआवजा याचिकाकर्ता को देने का आदेश दिया है। साथ ही इस पर याचिका दाखिल करने के दिन यानी 1998 से ही 8 फीसदी साधारण ब्याज भी देने को कहा है। कोर्ट ने इसके अलावा, 2 लाख रुपये मुकदमा खर्च भी देने को कहा है।

हाईकोर्ट ने कहा है कि यदि पहले कोई मुआवजा दिया गया है तो इसमें समायोजित कर दिया जाए। कोर्ट ने तरुणप्रीत सिंह की याचिका का निपटारा करते हुए यह फैसला दिया है। उन्होंने याचिका दाखिल कर 1 करोड़ रुपये मुआवजे की मांग की है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा था कि इस मुठभेड़ में जिन दो लोगों की मौत हुई उन्हें 15-15 लाख रुपये मुआवजा दिया गया। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा था कि मृतकों के परिजनों को 15-15 लाख रुपये दिया गया, जबकि उनके मुवक्किल को अधिक मुअवजा मिलना चाहिए क्योंकि उनको जिंदगीभर दर्द के साथ जीना होगा।

#### क्या है मामला?

दिल्ली पुलिस ने 31 मार्च, 1997 को कनॉट प्लेस में मुठभेड़ में दो बदमाशों को मार गिराने का दावा किया था, लेकिन इसके चंद घंटों बाद ही पता चला कि जिन दो लोगों को पुलिस बदमाश बता रही है, वे कारोबारी थे। बाद में, इस मामले में तत्कालीन सहायक पुलिस आयुक्त सत्यवीर सिंह राठी सहित कई पुलिस कर्मियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था।

# 96 लाख की लूट के बाद आरोपी कार वापस लेने पहुंचा था घटनास्थल पर

गुरुग्राम। कैश कलेक्शन वैन से 96.32 लाख रुपये की लूट को अंजाम देने के बाद आरोपी गुलाब अपनी अर्टिगा कार को वापस लेने के लिए घटनास्थल पर पहुंचा था। रिमांड के दौरान आरोपी ने पुलिस पूछताछ में खुलासा किया। आरोपी ने बताया कि वारदात को अंजाम देने से पहले वह अपनी कार से ही घटनास्थल पर पहुंचा था। कार को खड़ा करने के बाद आरोपियों के साथ उनकी ऑल्टो कार में बैठकर फरार हो गया था। यहां से आरोपी फरीदाबाद गया था और कुछ घंटे के बाद कार को लेने के लिए घटनास्थल पर आया था।

आरोपी कार को टैक्सी में चलाता था। अपराध शाखा सेक्टर-40 की टीम ने गुरुवार को लूट की वारदात में गिरफ्तार किए गए सभी छह आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

जबकि इस वारदात में शामिल आरोपी जीतू फरार चल रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस उसके ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। रिमांड के दौरान आरोपियों से पुलिस ने 07 लाख 90 रुपए, आर्टिगा कार और एक फर्जी नंबर प्लेट को बरामद किया है। पुलिस अब तक आरोपियों के कब्जे से 78 लाख 40 हजार रुपये, चार गाड़ी, एक पिस्टल, छह मोबाइल की बरामदगी कर चुकी है।

18 अप्रैल को सोहना रोड पर सुभाष चौक के नजदीक मारुति कंपनी के शोरूम के सामने आरोपितों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपित अल्टो कार में थे। कैश कलेक्शन वैन एस एंड आइबी नामक कैश कलेक्ट करने वाली कंपनी की थी।

वैन में दो कर्मचारी बैठे थे जबकि एक मारुति कंपनी के शोरूम से कैश लाने चला गया था। उसी दौरान बदमाशों ने कर्मचारियों की आंखों में मिर्च डालकर गनप्वाइंट पर 96.32 लाख रुपये लूटकर फरार हो गए थे।

### फ्लैट में एसी लगाने के दौरान बिगड़ा संतुलन, छठी मंजिल से गिरा मैकेनिक, दर्दनाक मौत

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम सेक्टर-82 स्थित मैपस्को रोयले विले सोसाइटी में एसी लगाने के दौरान मैकेनिक का संतुलन बिगड़ने से वह छठी मंजिल से नीचे बने पार्क में गिर गया। गंभीर हालत में मैकेनिक को निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह दर्दनाक हादसा गुरुवार शाम को हुआ। मृतक मैकेनिक की पहचान 29 वर्षीय अमन निवासी बिजनौर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस गुरुवार देर रात तक जांच में जुटी रही। वहीं हादसे में अभी तक पुलिस को कोई शिकायत नहीं मिली। फ्लैट में एसी लगाने आए थे दो युवक ~ फ्लैट मालिक ने पुलिस को बताया कि वह मैपस्को रोयले विले सोसाइटी के रिजेंट टावर के फ्लैट नंबर 604 में रहते हैं। उन्होंने नया ऐसी खरीदा था और कंपनी की तरफ से एसी को लगाने के लिए गुरुवार शाम को दो मैकेनिक फ्लैट पर आए थे। एक मैकेनिक अंदर था और दूसरा मैकेनिक अमर बालकनी के साथ एसी की जगह के नीचे बने छज्जे पर था। करीब साढ़े छह बजे एसी का आउटर (बाहरी हिस्सा) उसके हाथ से फिसल गया और उसका संतुलन बिगड़ा गया। वह छठी मंजिल से सीधा नीचे पार्क में जा गिरा। एसी का आउटर छज्जे पर जाकर गिरा, जिससे छज्जा भी क्षतिग्रस्त होकर लटक गया। मैकेनिक के नीचे गिरते ही जोरदार आवाज हुई।

# गाजियाबाद : मासूम छात्र को दो घंटे तक बंधक बनाकर 3 लोगों ने किया सामूहिक कुकर्म, अश्लील वीडियो वायरल करने की दी धमकी

मुरादनगर। गाजियाबाद के मुरादनगर की एक कॉलोनी में कथित तौर पर कक्षा चार के 12 वर्षीय छात्र को दो घंटे तक कमरे में बंधक बनाकर सामूहिक कुकर्म करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपियों ने पीड़ित छात्र का अश्लील वीडियो भी बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। छात्र के पिता ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई की बात कह रही है।

मुरादनगर की एक कॉलोनी में एक व्यक्ति परिवार सहित रहते हैं। उनका 12 वर्षीय पुत्र कक्षा चार का छात्र है। पीड़ित के पिता का आरोप है कि बुधवार दोपहर कॉलोनी के तीन युवक उनके बेटे को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए। आरोप है कि तीनों उसे एक कमरे में ले गए और गंदा काम किया। इतना ही नहीं दो घंटे तक छात्र को एक कमरे में बंद कर रखा और लगातार गंदा काम करते रहे। उन्होंने छात्र का अश्लील वीडियो भी बना लिया। किसी को बताने पर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी गई।

हालत बिगड़ने पर पीड़ित छात्र ने गुरुवार को परिजनों को आपबीती सुनाई। इसके बाद छात्र के पिता ने उसे स्थानीय डॉक्टर को दिखाकर मुरादनगर थाने में तहरीर दी। थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

#### नोएडा में बलात्कार के आरोपी गिरफ्तार

वहीं, उत्तर प्रदेश के नोएडा में युवती को बंधक बनाकर उसके साथ कथित बलात्कार करने के आरोपी को थाना जेवर की पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। जेवर थानाध्यक्ष अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि थाना जेवर क्षेत्र के चिरोली गांव में रहने वाली एक 19 वर्षीय युवती को भूषण नामक आरोपी ने बंधक बनाकर उसके साथ कई दिनों तक बलात्कार किया था। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही पुलिस ने आज आरोपी भूषण को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# मेवाड़ इंस्टिट्यूट में इंटरनेशनल 'डांस डे' का भव्य आयोजन

आनंद राय गौरवशाली भारत

**गाजियाबाद।** इंटरनेशनल डांस डे के मौके पर वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के ऑडिटोरियम में विख्यात कत्थक नृत्यांगना गौरी दिवाकर ने अपनी प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। उनके नृत्य की भाव मृद्राओं की बारीकियां देखकर विद्यार्थी एवं मेवाड़ स्टाफ अपने दांतों तले उंगली दबा गया।





बला, हारमोनियम और सारंगी के साथ प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक समीउल्लाह खां की जुगलबंदी में गौरी दिवाकर ने अपने कुशल नृत्य और विद्यार्थियों को इसकी बारीकियां समझाने तक सभी को लगभग डेढ़ घंटे तक बांधे रखा। तबले पर योगेश गंगानी, सारंगी पर मोहम्मद अयूब और हारमोनियम पर स्वयं समीउल्लाह खां मौजूद रहे।

गणपति वंदना 'गणपत विघ्न हरण गजानन...' के साथ गौरी दिवाकर ने अपने कत्थक नृत्य की छटा बिखेरनी शुरू की। तीन ताल में पांवों की थिरकनों के साथ तबले की जोरदार जुगलबंदी देखने को मिली। 'राधा रानी के श्रृंगार करने पर ठुमरी 'सब बन ठन आई श्याम प्यारी रे...' पर गौरी ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। मोर की चाल को कुशलता से दर्शाता नृत्य देखकर ऐसा लगा जैसे मोर स्वयं नृत्य कर रहा हो।

कत्थक सम्राट बिरजू महाराज की शिष्यमंडली में अग्रिम पंक्ति में स्थान रखने वाली गौरी दिवाकर ने वंदेमातरम पर नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर स्वागत भाषण मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने पेश किया तो चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने स्पिक मैके के साथ भविष्य में भी मनमोहक और आकर्षक कार्यक्रमों की विशेष श्रृंखला चलाने की योजना बताई। उन्होंने बताया कि भविष्य में विद्यार्थियों के लिए नृत्य, गायन आदि कलाओं पर आधारित कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।

डॉ. गदिया और डॉ. अलका अग्रवाल ने अतिथियों को शॉल एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम मेवाड़ इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के अंतर्गत कल्चरल-इको क्लब ने स्पिक मैके के सहयोग से आयोजित किया। संचालन अमित पाराशर ने किया तो



अंत में अजय कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संयोजक नीतू सिंह, डॉ. आशुतोष मिश्र, वियंता पाल, निधि बंसल, डॉ. गीता रानी, कवि डॉ. चेतन आनंद, शमशाद अली आदि भी उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# अनुभवहीन बिलावल भुट्टो के विदेश मंत्री बनने से पाक राजनयिकों के बीच मायूसी का माहौल

पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर अली भुट्टो के बेटे बिलावल भुट्टो-जरदारी पाकिस्तान के अब तक के सबसे युवा विदेश मंत्री बन गये हैं। लेकिन पाकिस्तान के राजनयिकों और विदेश मामलों के विशेषज्ञों को भय है कि कहीं अनुभवहीन बिलावल भुट्टो पाकिस्तान की बची खुची अंतरराष्ट्रीय साख भी खत्म ना कर दें। हम आपको बता दें कि पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के 33 वर्षीय बेटे बिलावल ने इमरान खान सरकार में विदेश मंत्री रहे शाह महमूद कुरैशी का स्थान लिया है। बिलावल की महिला मित्र माने जाने वाली हिना रब्बानी खार विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री बनाई गयी हैं। पहले से ही माना जा रहा था कि विदेश मंत्रालय पर बिलावल की नजर है लेकिन कुछ मुद्दे हल होना बाकी रह गये थे इसलिए बिलावल ने अपनी खास माने जाने वाली नेता हिना रब्बानी खार को विदेश मंत्रालय में राज्यमंत्री पद दिलवा दिया और कैबिनेट मंत्री पद रिक्त रखवा कर खुद लंदन चले गये नवाज शरीफ से मुलाकात करने। वहां से आश्वासन पाकर बिलावल इस्लामाबाद लौटे और मंत्री पद की शपथ ली। खास बात यह है कि शाहबाज शरीफ के मंत्रिमंडल को शपथ दिलाने से पाकिस्तान के राष्ट्रपति ने इंकार कर दिया था लेकिन बिलावल को शपथ दिलाने के लिए वह राजी हो गये थे। बिलावल पाकिस्तान की तीन बार प्रधानमंत्री रहीं दिवंगत बेनजीर भुट्टो के पुत्र हैं। पहले से ही माना जा रहा था कि बिलावल ही अपनी मां के राजनीतिक उत्तराधिकारी होंगे लेकिन बेनजीर की हत्या के बाद उपजी परिस्थितियों में पहले बेनजीर के पति आसिफ अली जरदारी ने पार्टी और देश की कमान संभाली और फिर खुद विदेश में बसकर अपने बेटे को आगे कर दिया। उल्लेखनीय है कि बेनजीर भुट्टो की 2007 में रावलपिंडी में एक राजनीतिक रैली में बम और गोलियों के हमले में मौत हो गई थी। बेनजीर पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो की बेटी थीं। जुल्फिकार अली को जनरल जियाउल हक ने 1977 में सत्ता से हटा कर मार्शल लॉ लागू कर दिया था। जुल्फिकार अली भुट्टो के खिलाफ हत्या के मामले में साजिश का मुकदमा चला और 1979 में उन्हें फांसी दे दी गई। हम आपको बता दें कि जुल्फिकार अली भुट्टो के चार बच्चों में से तीन (बेनजीर सहित) की हिंसक घटना में मौत हुई है। इससे पता चलता है कि पाकिस्तान के हालात शुरू से कैसे रहे हैं। इसे संयोग भी कहा जा सकता है कि जुल्फिकार अली भुट्टो ने भी 1960 के दशक में देश के विदेश मंत्री के रूप में अपने कॅरियर की शुरुआत की थी और उनके नाती ने भी वहीं से शुरुआत की है। देखा जाये तो पाकिस्तान की सरकार में इतनी कम उम्र के किसी व्यक्ति को पहली बार कोई महत्वपूर्ण मंत्रालय दिया गया है। बिलावल वैसे तो पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं लेकिन वह पाकिस्तान नेशनल असेंबली के लिए पहली बार 2018 में निर्वाचित हुए थे। बिलावल ऐसे वक्त में विदेश मंत्री बने हैं जब पाकिस्तान को बेहद नाजुक हालात से गुजरते हुए विदेश नीति को संतुलित बनाकर आगे बढ़ने की जरूरत है। विदेश मंत्री के रूप में बिलावल को जिन मुख्य चुनौतियों से निपटना होगा उनमें पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान द्वारा लगाए गए आरोपों की पृष्ठभूमि में अमेरिका से तनावपूर्ण हुए संबंधों को सुधारना और पड़ोसी देश भारत के साथ शांति प्रक्रिया फिर से शुरू करने का रास्ता तलाशना शामिल है। लेकिन बिलावल ने पाकिस्तान में अब तक जितनी भी राजनीति की है वह विदेश में रहते हुए ही की है। उनकी परवरिश जिस माहौल में हुई है उसके चलते जनता की दिक्कतों से उनका सीधा वास्ता नहीं है। अपनी मां या नाना की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए वह कदम तो बढ़ा चुके हैं लेकिन उनकी तरह वह जमीनी नेता नहीं हैं। संभ्रांत लोगों से घिरे रहने वाले बिलावल ने अपने लिए विदेश मंत्रालय भी इसीलिए लिया क्योंकि वह जमीनी राजनीति करने से बचते हैं। बिलावल की चाह है कि विदेशों में वह आलीशान जीवन ही बिताएं।

# योग-क्रांति है गुड गवर्नेस का मॉडल



\- ललित गर्ग -



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल देश एवं दुनिया में मुफ्त की सुविधाओं के लिये जाने जाते हैं। अब उन्होंने दिल्ली में रहने वाले लोगों के लिए निशुल्क योग कराने का निर्णय लिया है, क्योकि दिल्ली के आम-आदमी का भागदौड़ की प्रदूषणभरी जिंदगी में शरीर, मन और आत्मा स्वस्थ्य नहीं है, ऐसे में योग उनकी बड़ी मदद कर सकेगा, ऐसा विश्वास है। निश्चित ही यह एक स्वागतयोग्य कदम है। राजनीति का मकसद सिर्फ सत्ता हासिल करना नहीं, बल्कि उन्नत एवं स्वस्थ जीवनशैली प्रदत्त करना भी है, इस दृष्टि से दिल्ली सरकार ने योग और मेडिटेशन को जन आंदोलन बनाकर दिल्ली के घर-घर तक पहुंचाने का निर्णय लेकर सूझबूझ एवं आदर्श शासन-व्यवस्था का संकेत दिया है।

इनदिनों दिल्ली योग के पोस्टरों से पटी है। जनवरी से दिल्ली में जगह-जगह योग की क्लासेज भी शुरू हो जायेगी। यह पूरे देश में अपने किस्म का पहला विलक्षण कार्यक्रम है, जिसके तहत दिल्ली सरकार लोगों को फ्री में योग कराएगी। इसके लिए 400 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है। दिल्ली में निशुल्क सुविधाओं की आंधी का अनुकरण देश के अन्य प्रांतों की सरकारें भी करने लगी है, ठीक इसी तरह यदि दिल्ली सरकार की योग मुहिम को देखकर पूरे देश के अंदर भी योग शालाएं शुरु होती है तो घर-घर तक योग पहुंचेगा, लोगों का जीवन स्वस्थ, संतुलित एवं शांतिमय होगा। भारतभूमि अनादिकाल से योग भूमि के रूप में विख्यात रही है। यहां का कण-कण, अणु-अणु न जाने कितने योगियों की योग-साधना से आप्लावित हुआ है। तपस्वियों की गहन तपस्या के परमाणुओं से अभिषिक्त यह माटी धन्य है और धन्य है यहां की हवाएं, जो साधना के शिखर पुरुषों की साक्षी हैं। इसी भूमि पर कभी वैदिक ऋषियों एवं महर्षियों की तपस्या साकार हुई थी तो कभी भगवान महावीर, बुद्ध एवं आद्य शंकराचार्य की साधना ने इस माटी को कृतकृत्य किया था।

साक्षी है यही धरा रामकृष्ण परमहंस की परमहंसी साधना की, साक्षी है यहां का कण-कण विवेकानंद की विवेक-साधना का, साक्षी है क्रांत योगी से बने अध्यात्म योगी श्री अरविन्द की ज्ञान साधना का और साक्षी है महात्मा गांधी की कर्मयोग-साधना का। योग साधना की यह मंदाकिनी न कभी यहां अवरुद्ध हुई है और न ही कभी अवरुद्ध होगी, क्योंकि पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अब केजरीवाल जैसे शासक इसे जन-जन की जीवनशैली बनाने को तत्पर हुए हैं। इसी योग मंदाकिनी से अब दिल्ली आप्लावित होगा, निश्चित ही यह एक शुभ संकेत है सम्पूर्ण दिल्लीवासियों के लिये। दिल्ली में योग आन्दोलन की सार्थकता इसी बात में है कि सुधरे व्यक्ति, समाज व्यक्ति से, विश्व मानवता का कल्याण हो। सचमुच योग वर्तमान की सबसे बड़ी जरूरत है। लोगों का जीवन योगमय हो, इसी से युग की धारा को बदला जा सकता है। मेरी दृष्टि में योग मानवता की न्यूनतम जीवनशैली होनी चाहिए। आदमी को आदमी बनाने का यही एक सशक्त माध्यम है। एक-एक व्यक्ति को इससे परिचित- अवगत कराने और हर इंसान को अपने अन्दर झांकने के लिये प्रेरित करने हेतु दिल्ली में योग आन्दोलन को व्यवस्थित ढंग से आयोजित करने के उपक्रम होने चाहिए। इसी से संतुलित इंसान बनने और अच्छा बनने की ललक पैदा होगी। योग मनुष्य ही नहीं बल्कि राजनीतिक जीवन की विसंगतियों पर नियंत्रण का माध्यम है। दिल्ली का जीवन जीने लायक बन सकेगा।

आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए दिल्ली की महत्वपूर्ण उपलब्धि और असफलता को दो बिन्दुओं में बताना हो तो दिल्ली की सबसे बड़ी उपलब्धि होगी योग-क्रांति और असफलता होगी बढ़ता प्रदूषण। जहां तक व्यवस्था का प्रश्न है, यह दोनों ही बातें सही हैं। योग की ही भांति हमें प्रदूषण को शून्य दर पर ले जाना होगा जिसके बिना सभी क्षेत्रों में हमारी तरक्की बेमानी मानी जायेगी। कोई भी राष्ट्र केवल व्यवस्था से ही नहीं जी सकता। उसका सिद्धांत पक्ष भी सशक्त होना चाहिए। किसी भी राष्ट्र की ऊंचाई वहां की इमारतों की ऊंचाई से नहीं मापी जाती बल्कि वहां के नागरिकों के चरित्र से मापी जाती है। उनके काम करने के तरीके से मापी जाती है। हमारी सबसे बड़ी असफलता है कि आजादी के 75 वर्षों के बाद भी राष्ट्रीय चरित्र, स्वस्थ जीवनशैली नहीं दे पाये। राष्ट्रीय चरित्र का दिन-प्रतिदिन नैतिक ह्रास हो रहा है। हर गलत-सही तरीके से हम सब कुछ पा लेना चाहते हैं। अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए कर्त्तव्य को गौण कर दिया है। इस तरह से जन्मे हर स्तर पर भ्रष्टाचार ने राष्ट्रीय जीवन में एक विकृति पैदा कर दी है। लेकिन केजरीवाल की इस दृष्टि से बरती जा रही सख्ती एवं दिल्ली को उन्नत एवं स्वस्थ जीवनशैली देने का संकल्प एक प्रेरणा है, एक उजाला है। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने हैपीनेस क्लासेज, एंटरप्रिन्योर क्लासेज, देशभक्ति क्लासेज के प्रयोग किए और स्कूल पहले से बेहतर कर दिए हैं। लोगों को यकीन नहीं होता है कि दिल्ली में मुफ्त बिजली-पानी मिलता है। पहली बार ऐसा हो रहा है कि अब लोग मुफ्त में तीर्थ यात्रा पर जा रहे हैं। दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक का प्रयोग भी सफल एवं स्वास्थ्य-क्रांति का प्रेरक बना, जिसकी हर जगह चर्चा है। किसी भी बीमारी के ईलाज के लिए पैसे की बगैर चिंता किए मुफ्त दवाई मिल रही है। छोटी सी खांसी से लेकर बड़ी सर्जरी अगर 70-80 लाख रुपए की भी होगी, तो दिल्ली सरकार इलाज का सारा खर्च उठा रही है। मुख्यमंत्री के ये दावे कुछ अनूठा करने के संकल्प, सुशासन की द्योतक है। भले ही केजरीवाल का मुफ्त सुविधाएं देने का गवर्नेस मॉडल बहस के केन्द्र में है। दिल्ली में केजरीवाल सरकार को लेकर जिस तरह का मानस तैयार किया गया है, उसमें किसी भी विषय पर सम्यक विमर्श की गुंजायश का लगातार घटते जाना विडम्बनापूर्ण है। निश्चित तौर पर चर्चा के इस आदर्श मॉडल को बढ़ावा देने में केजरीवाल की राजनीति, सूझबूझ एवं कौशल का बड़ा योगदान है। कुछ दिन पहले एक कॉल आया। चंडीगढ़ नंबर से अरविंद केजरीवाल की तरफ से, जो पहले से ही रिकॉर्ड किया गया था। उन्होंने कहा कि अगर आप में से 25 लोग योग करना चाहते हैं तो उनकी सरकार हर दिन एक योग प्रशिक्षक भेजेगी।' क्या कोई सरकार इस तरह के प्रयोग कर सकती है? आज योगिक विज्ञान जितना महत्वपूर्ण हो उठा है, इससे पहले यह कभी इतना महत्वपूर्ण नहीं रहा। आज हमारे पास विज्ञान और तकनीक के तमाम साधन मौजूद हैं, जो दुनिया के विध्वंस का कारण भी बन सकते हैं। ऐसे में यह बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है कि हमारे भीतर जीवन के प्रति जागरूकता और ऐसा भाव बना रहे कि हम हर दूसरे प्राणी को अपना ही अंश महसूस कर सकें, वरना अपने सुख और भलाई के पीछे की हमारी दौड़ सब कुछ बर्बाद कर सकती है।

आत्म विकास हेतु योग एक प्रमुख साधना है। पातंजलि योगशास्त्र में योग का अर्थ चित्तवृत्ति-निरोध किया है। चित्त की वृत्तियों को रोककर एकाग्रता अथवा स्थिरता लाने को योग कहा है। वास्तव में इनका अर्थ मन, वचन, काया का निरोध कर एकाग्रता लाना व उनका आत्म-विकास के मार्ग में प्रवृत्ति करना है। अगर लोगों ने अपने जीवन का, जीवन में योग का महत्व समझ लिया और उसे महसूस कर लिया तो दिल्ली में खासा बदलाव आ जाएगा। जीवन के प्रति अपने नजरिये में विस्तार लाने, व्यापकता लाने में ही मानव-जाति की सभी समस्याओं का समाधान है। उसे निजता से सार्वभौमिकता या समग्रता की ओर चलना होगा। दिल्ली सरकार की पहल एक महत्वपूर्ण कदम है, जो इस पूरी दिल्ली में मानव कल्याण और आत्मिक विकास की लहर पैदा कर सकता है।

योग में गहरी दिलचस्पी लेने वाले केजरीवाल ने एक महान संकल्प लेकर उसे कार्यान्वित करने की ठानी है। निश्चित ही उनकी योग-क्रांति दिल्ली के जीवन में विकास, सुख और शांति का माध्यम बनेगी। योग केवल सुंदर एवं व्यवस्थित रूप से जीवन-यापन करना ही नहीं सिखाता अपितु व्यक्तित्व को निखारने, साम्प्रदायिक सौहार्द एवं संतुलित जीवन की कला को भी सिखाता है। योग के नाम पर राजनीति करने वाले मानवता का भारी नुकसान कर रहे है। क्योंकि योग किसी भी धर्म, सम्प्रदाय, जाति या भाषा से नहीं जुड़ा है।

योग का अर्थ है जोड़ना, इसलिए यह प्रेम, अहिंसा, करुणा और सबको साथ लेकर चलने की बात करता है। योग, जीवन की प्रक्रिया की छानबीन है। यह सभी धर्मों से पहले अस्तित्व में आया और इसने मानव के सामने अनंत संभावनाओं को खोलने का काम किया।

आंतरिक व आत्मिक विकास, मानव कल्याण से जुड़ा यह विज्ञान सम्पूर्ण दुनिया के लिए एक महान तोहफा है तो दिल्लीवासियों के लिये निश्चित रूप से वरदान साबित होगा।

## बच्चों के लिए बूस्टर डोज बनती जा रही कोचिंग/ ट्यूशन क्लास

शिक्षा एक बदलाव की पहली सीडी है जिसके माध्यम से मनुष्य अपनी सफलताओं की और अग्रसर होता है। शिक्षा के लिए सरकारी तंत्र से लेकर निजी तंत्र में भी बहुत काम हुआ है जिससे शिक्षा को एक उचित दिशा मिल सके द्य समाज विकास में शिक्षा का एक बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है, शिक्षा पाकर ही मनुष्य अपने आप को समाज में एक अच्छा ओहदा एवं पद पाकर सम्मान पता है एवं सही गलत का निर्णय का पता है। शिक्षा के लिए पुराने समय में पुरानी आश्रम शिक्षा इतनी मजबूत और कारगार थी कि एक बार को विद्या विद्धर्थियो ने सीख लिया यानि पत्थर की लकीर हो गई इस सीख को जैसे जीवन भर याद रखा जाता था द्य वही आज के समय में शिक्षा मंदिर का स्थान धीरे-धीरे प्राइवेट ट्यूशन की कक्षाओं ने ले रखा है। इसका आर्थिक, मानसिक एवं सामाजिक प्रभाव बच्चों सहित अभिभावकों में भी देखने को मिल जाएगा। प्राइवेट ट्यूशन छात्रों की पढ़ाई का बोझ व तनाव दोनों ही बढ़ा रहे हैं। अच्छे से अच्छे निजी स्कूल में पढ़ने के बाद भी बच्चों को ट्यूशन व कोचिंग करने का चलन बढ़ता ही जा रहा है। ये जहां बच्चों की कक्षाओं में पढ़ाई के प्रति उदासीनता आ रहा है वहीं अभिवावकों की आय पर जोरदार चपत भी लगाता है। कम एवं माध्यम वर्गीय परिवार की आय का लगभग एक चौथाई भाग बच्चों के स्कूल की फीस ट्यूशन में खर्च हो जाती है। राहुल एक रियल स्टेट कंपनी में कार्यरत हैं। वो बताते हैं, मेरे दो बच्चे हैं एक तीसरी कक्षा में और दूसरा आठवी । दोनों की हर महीने स्कूल की फीस सात हजार बैठती है। इसके बाद भी ट्यूशन पढ़ाना पड़ता है जिसकी भी अच्छी खासी फीस देनी पड़ती है। शिक्षा की गिरती गुणवत्ता लगातार बढ़ती प्राइवेट कोचिंग सेंटर की दुकानों का एक कारण यह भी है कि लगातार शिक्षा व्यवस्था का स्तर गिर रहा है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ाई का स्तर गिरता जा रहा है, सरकारी स्कूलों में पढ़ाई के नाम पर मजाक होता है ये आप सभी जानते हैं ऐसे में प्राइवेट कोचिंग ही सहारा बन रही है। अगर स्कूलों में ही सही से पढ़ाई हो तो इसकी जरूरत ही न पड़े। परन्तु आज के परिवेश में देखा देखी ये तथ्य भी झूठा हो रहा है इसका कारण है मां बाप बच्चों पर अतिरिक्त दबाव डालते हैं कि उनको फलाने से ज्यादा नम्बर लाने ही लाने हैं ऐसे में वो खुद उन्हें कोचिंग की तरफ ढकलेते हैं। ऐसे में बच्चे के ऊपर तनाव बढ़ता ही जाता है और उसे सेल्फ स्टडी का समय ही नहीं मिलता जो सबसे ज्यादा जरूरी है। बच्चों का बढ़ रहा तनाव। लगातार बढ़ती प्रतिस्पर्धा और अभिभावकों के पास समय का अभाव हर अभिवावक को अपने बच्चे की भविष्य की चिंता रहती है। धीरे-धीरे हर क्षेत्र में कंपटिशन लगातार बढ़ रहा है। भारतीय शिक्षा प्रणाली के अनुसार अच्छी नौकरी के लिए परीक्षा में ज्यादा से ज्यादा अंक लाना भी जरूरी है जिसके चलते हर अभिवावक अपने बच्चे पर अतिरिक्त दबाव डालता है, उसे अच्छी से अच्छी कोचिंग व ट्यूशन कराता है जिससे वो अधिकतम अंक ला सके। भोपाल निवासी पुष्पा बुनकर बताती है कि स्कूलों में एक एक क्लास में इतने बच्चे होते हैं कि सिर्फ वहां की पढ़ाई के भरोसे अच्छे नंबर लाना संभव नहीं है, अभिभावकों की सबसे बड़ी मजबूरी यह भी है कि कोचीन के चलन के कारन बच्चे घर में ही स्वयं पढ़ाई करने से कतराते है व अपने माता-पिता या परिजनों से नहीं पढ़ पाते द्य साथ-साथ आस पड़ोस के बच्चे यदि कोचीन जा रहे और हमारा बच्चा नहीं जा रहा यानि समाज में हमारा नाम ख़राब होने जैसा लगता है। हर माता-पिता चाहते है कि उनका बच्चा एक अच्छा स्कूल में पढ़ाई करे इसके लिए माता-पिता पैसा खर्च करने में पीछे नहीं हटते द्य एक अच्छा स्कूल यानि अच्छे पढ़ाने वाले शिक्षक, अच्छी शिक्षा व्यवस्था, अच्छी पढ़ाई और इसके बदले में मोटी फीस। ये सब माहौल मिलने के बाद भी बच्चा नहीं बच्चा को ट्यूशन की जरुरत पड़ रही है तो इस प्रकार के स्कूल में पढ़ना और इतनी मोटी रकम स्कूल को देना व्यर्थ हो जाता है।

## 1000 साल बाद बना ग्रहों का दुर्लभ संयोग, आकाश में एक साथ बिना टेलीस्कोप के दिखेंगे 4 ग्रह

अप्रैल माह के अंत में एक ऐसी दुर्लभ खगोलीय घटना देखने को मिली है जिसमें चार ग्रह एक पंक्ति में नजर आ रहे हैं। भुवनेश्वर के पठानी सामंत तारामंडल के डिप्टी डायरेक्टर शुभेंदु पटनायक के मुताबिक, अप्रैल के अंतिम सप्ताह में शुक्र मंगल बृहस्पति और शनि समेत चार ग्रह सूर्योदय से लगभग 1 घंटे पहले पूर्व दिशा में सीधी रेखा में नजर आए हैं। आपको बता दें कि यह अद्भुत नज़ारा लगभग एक हजार साल बाद देखने को मिल रहा है। पिछली बार ऐसा नज़ारा 947 ईसवी में देखा गया था। शुभेंदु पटनायक के मुताबिक, इस तरह की खगोलीय घटना को ग्रह परेड के रूप में भी जाना जाता है। ग्रह परेड की कोई वैज्ञानिक परिभाषा नहीं है लेकिन खगोल विज्ञान में एक घटना को दिखाने के लिए इसका इस्तेमाल किया जाता है, जब सौरमंडल में ग्रह एक ही लाइन होते हैं। उनके मुताबिक, ग्रह परेड तीन तरह की होती है। पहली तरह की ग्रह परेड वह होती है जब हमारे सौरमंडल के तीन ग्रह सूर्य की तरफ आ जाते हैं। इस तरह की घटना को एक ही वर्ष में कई बार देखा जा सकता है। इसी तरह 4 ग्रह एक पंक्ति में साल में एक बार, 5 ग्रह 19 साल में एक बार और 8 ग्रह 170 साल में एक बार एक ही पंक्ति में आते हैं। दूसरी तरह की ग्रह परेड वह होती है जिसमें कुछ ग्रह एक ही समय में आकाश के एक छोटे से क्षेत्र में दिखाई देते हैं। इस तरह की एक परेड आखिरी बार 18 अप्रैल 2002 और जुलाई 2020 में हुई थी। तीसरी तरह की ग्रह परेड काफी दुर्लभ होती है और वह भी तब देखी जा सकती है जब सभी ग्रहों को देखने के लिए अनुकूल परिस्थितियां हों। शुभेंदु के मुताबिक, अप्रैल के आखिरी हफ्ते में एक अनोखी ग्रह परेड होगी जब सूर्योदय से 1 घंटे पहले शुक्र मंगल बृहस्पति और शनि चार ग्रहों के साथ चंद्रमा पूर्वी क्षितिज से 30 डिग्री पर दिखाई देंगे। उन्होंने बताया कि 30 अप्रैल 2022 को शुक्र और बृहस्पति ग्रहों को एक साथ बहुत करीब से देखा जा सकेगा।

## प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने बदल दी भारतीय महिलाओं की तकदीर

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

कहने को भले ही कुछ भी कहा जाए पर बदलाव की बयार तो अब साफ दिखाई देने लगी है। महिलाएं अब घर की चार दीवारी से बाहर आई हैं और हर क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने में सफल रही हैं। कल तक यह माना जाता था कि राजनीति में आरक्षण के कारण महिलाएं आगे तो आईं हैं पर सरपंच और प्रधान के दायरे से बाहर नहीं निकल पाई हैं पर अब यह सब पुरानें जमाने की बात हो गई है। अब महिलाएं जितनी सक्रियता से राजनीति में पैठ बनाने में सफल रही हैं उतनी ही सक्रियता से उद्यमी बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के ताजातरीन आंकड़े इसके गवाह हैं। दरअसल सात साल पहले देश में जब प्रधानमंत्री मुद्रा योजना अस्तित्व में आई थी तब यह नहीं सोचा गया होगा कि यह योजना महिला सशक्तिकरण का भी प्रमुख माध्यम बन जाएगी। हालांकि यह योजना केवल और केवल महिलाओं के लिए ही नहीं थी अपितु युवाओं और हुनरमंद या फिर स्वरोजगार को बढ़ावा देने की योजना रही है। महिला सशक्तिकरण का माध्यम तो इसलिए सिद्ध हो रही है क्योंकि इस योजना का महिलाओं ने अधिक लाभ उठाया है। दरअसल अप्रैल, 2015 में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना शुरु की गई थी। योजना का प्रमुख उद्देश्य युवाओं या हुनरमंद लोगों को अपना काम धंधा शुरू करने के लिए आसानी से बैंकों से ऋण उपलब्ध कराना रहा है। इस योजना को शिशु, किशोर और तरुण तीन वर्गों में विभाजित किया गया और यह विभाजन भी ऋण राशि के अनुसार किया गया। 50 हजार रु. तक के ऋण को शिशु श्रेणी में, 5 लाख तक के ऋण को किशोर श्रेणी में और 10 लाख रु. तक के ऋण को तरुण श्रेणी में रखा गया है। हालांकि पिछले सात सालों में शिशु श्रेणी यानी की 50 हजार तक के ऋण अधिक वितरित हुए हैं। पिछले सात सालों में 34 करोड़ 42 लाख ऋण खातों में 18.60 लाख करोड़ रुपए के ऋण उपलब्ध कराए गए हैं। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार इनमें से 68 फीसदी लोन खातें महिलाओं के हैं। यानी प्रधानमंत्री मुद्रा योजना को महिला उद्यमियों ने हाथोंहाथ लिया है। इससे दो बातें साफ हो जाती हैं कि महिलाओं में कुछ करने का जज्बा बढ़ा है। वह आर्थिक गतिविधियों में पुरुषों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर आगे आ रही हैं। विकास की मुख्य धारा से जुड़ना शुभ संकेत माना जाना चाहिए। दरअसल महिलाओं ने एमएसएमई उद्यमों में भी रुचि दिखाई है। इसको इसी से समझा जा सकता है कि देश में 2021-22 में 8 लाख 59 हजार से अधिक एमएसएमई उद्यमों का संचालन महिलाओं द्वारा किया जाने लगा है। यह अपने आप में बड़ी संख्या होने के साथ ही आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं की बढ़ती ताकत का जीता जागता उदाहरण है। वैसे तो महिला सशक्तिकरण को देश में कई योजनाएं चलती रही हैं पर मुद्रा योजना इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाती है कि इस योजना में आसानी से ऋण सुविधा उपलब्ध हो जाता है। ऋण आवेदन के खासतौर से शिशु श्रेणी में तो सात से दस दिन में जहां ऋण उपलब्ध हो जाता है वहीं ऋण के लिए किसी तरह की सिक्योरिटी की भी आवश्यकता नहीं होती। यही कारण है कि यह योजना नए-पुराने सभी उद्यमियों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रही है। सेवा क्षेत्र से लेकर उत्पादन क्षेत्र तक सभी को इसमें शामिल किया गया है। खासतौर से इस योजना का ध्येय युवाओं व हुनरमंद चाहे पुरुष हो या महिलाएं, रोजगार या पैसे की तलाश में इधर उधर घूमने के स्थान पर बैंकों से आसानी से ऋण उपलब्ध कराना है ताकि देश में स्वरोजगार के अवसर विकसित हों और आज की पीढ़ी में उद्यमी बनने की ललक पैदा की जा सके। युवा रोजगार की तलाश में घूमने के स्थान पर मुद्रा योजना के सहयोग से स्वयं उद्यमी बन सकेगा और रोजगार के लिए हाथ फैलाने के स्थान पर रोजगार दाता बनेगा। यही कारण है कि यह योजना युवाओं व महिलाओं की छोटा-मोटा काम शुरू करने के लिए आने वाली रुपए-पैसे की दिक्कत को दूर करने में सहायक है।

## मज़बूत स्वस्थ्य और समृद्ध भारत मिशन



**गतिहीन और तनावपूर्ण जीवनशैली के साथ अस्वस्थ्यकर भोजन की आदतें गैर संक्रमणकारी रोगों की संख्या में बढ़ोतरी कर रहे हैं**

**वर्तमान परिस्थितियों में शारीरिक फिटनेस और मानसिक सतर्कता बनाए रखने के लिए योग, व्यायाम, पौष्टिक भोजन प्रथा अपनाना स्वस्थ जीवन की कुंजी - एड किशन भावनानी**

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर वर्तमान परिपेक्ष में अभी तीसरा वर्ष शुरू है, परंतु कोरोना महामारी पूरी तरह से काबू में नहीं आ पाई है। बल्कि उनके अनेक वेरिएंट्स समय-समय पर आ रहे हैं और मनीषियों को नुकसान पहुंचाकर डर का माहौल पैदा करने में कामयाब हो रहे हैं,जिसमें स्वास्थ्य और आर्थिक दोनों स्तरपर हमें व्यक्तिगत और राष्ट्रीय स्तरपर नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसलिए अब समय आ गया है कि हम वर्तमान परिस्थितियों में अपने शारीरिक फिटनेस और मानसिक सतर्कता उच्च स्तरपर बनाए रखने के लिए योग, व्यायाम, पौष्टिक भोजन प्रथा को गंभीरता से अपनाना शुरू करें जो स्वस्थ्य जीवन की अनमोल कुंजी है। साथियों क्योंकि वर्तमान समय में हमारी गतिहीन और तनावपूर्ण जीवन शैली के साथ अस्वस्थ्यकर भोजन भी हमारी आदतें गैर संक्रमणकारी रोगों और उपयुक्त कोविड व्यवहार को नजरंदाज करने की हमारी आदत से संक्रमण फैलने में भी बढ़ोतरी हो रही है जो अभी हाल ही के कुछ दिनों से हम टीवी चैनलों प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से देख रहे हैं कि कुछ राज्यों में अभी मरीजों की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है जिसे अभी तथाकथित चौथी लहर का नाम दिया जा रहा है। दिल्ली यूपी सहित कुछ राज्यों में मास्क अनिवार्य किया गया है महाराष्ट्र में भी विचार चालू है अन्य सरकारें भी परिस्थिति जन्य मरीजों की संख्या मैं वृद्धि पर सतर्क हो गई है और यूपी दिल्ली सहित कुछ राज्यों में कड़क कदम उठाए जा रहे हैं वही दिनांक 27 अप्रैल 2022 को माननीय पीएम द्वारा भी गंभीरता से लेते हुए सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों की एक वर्चुअल बैठक भी इस मुद्दे पर बुलाई गई जिसमें गहन मंथन किया गया क्योंकि मज़बूत स्वस्थ्य मिशन से ही समृद्ध भारत होगा इसलिए हम मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर सहित प्रत्येक नागरिक को इस मिशन में भागीदार होना होगा और अपने जीवन को परिस्थितियों के अनुसार जीवन शैली में बदलाव लाकर शासन प्रशासन को व्यवस्था रूपी यज्ञ में सहयोग रूपी आहुति देनी होगी। साथियो बात अगर हम दिनांक 27 अप्रैल 2022 को पीएम द्वारा सभी राज्यों के सीएम से वर्चुअल मीटिंग की करें तो पीआईबी के अनुसार उन्होंने कोरोना के खिलाफ लड़ाई में केंद्र और राज्य के सामूहिक प्रयासों के बारे में चर्चा की। उन्होंने मुख्यमंत्रियों, अधिकारियों और सभी कोरोना योद्धाओं के प्रयासों के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि कोरोना की चुनौती पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। ओमाइक्रोन और इसके सब-वेरिएंट समस्या पैदा कर सकते हैं, जैसा कि यूरोप के कई देशों के मामले में देखा जा रहा है। सब-वेरिएंट से कई देशों में कोविड के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत कई देशों की तुलना में स्थिति से बेहतर तरीके से निपटने में सक्षम है। उन्होंने कहा, फिर भी, पिछले दो हफ्तों में, कुछ राज्यों में बढ़ते मामलों से पता चलता है कि हमें सतर्क रहने की जरूरत है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कुछ राज्यों में हाल ही में कोविड के मामलों में वृद्धि के बारे में बात की, और परीक्षण, ट्रैक, उपचार, टीकाकरण का पालन करने और कोविड के अनुकूल व्यवहार को सुनिश्चित करने की आवश्यकता के बारे में बताया। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने एक प्रस्तुति दी जिसमें उन्होंने दुनिया के कई देशों में मामलों के बढ़ने पर चर्चा की, साथ ही भारत के कुछ राज्यों में मामलों के बढ़ने पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने राज्यों को नियमित रूप से डेटा की निगरानी और रिपोर्ट करने, प्रभावी निगरानी बनाए रखने, बुनियादी ढांचे के उन्नयन और केंद्र द्वारा दिए गए धन का उपयोग करने की आवश्यकता के बारे में बताया।

पीएम नें संतोष व्यक्त किया कि अधिक से अधिक बच्चों को वैक्सीन मिल रही है। उन्होंने कहा कि मार्च में 12-14 वर्ष की उम्र के लिए टीकाकरण का अभियान शुरू किया गया था और कल ही 6-12 वर्ष के बच्चों के लिए कोवैक्सीन के टीके की अनुमति दी गई है। उन्होंने कहा, हमारी प्राथमिकता सभी योग्य बच्चों का जल्द से जल्द टीकाकरण करना है। इसके लिए पहले की तरह स्कूलों में भी विशेष अभियान चलाने की जरूरत होगी। शिक्षकों और अभिभावकों को इसके बारे में पता होना चाहिए।

साथियों बात अगर हम माननीय उपराष्ट्रपति द्वारा दिनांक 28 अप्रैल 2022 को एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार उन्होंने एक मजबूत, स्वस्थ और समृद्ध भारत के निर्माण के लिए व्यापक प्रयासों का आह्वान किया। इसके लिए उन्होंने निजी संस्थानों,बड़े व्यापार घरानों और व्यक्तियों से स्वास्थ्य सेवा में सरकारी पहलों को आगे बढ़ाने को लेकर अपना समय व संसाधन खर्च करने का अनुरोध किया। उन्होंने युवाओं के बीच फास्ट फूड कल्चर का उल्लेख करते हुए उन्हें पारंपरिक रूप से तैयार व पौष्टिक भोजन करने की सलाह दी। इसके अलावा उन्होंने युवाओं के समग्र स्वास्थ्य में सुधार के लिए प्रकृति की गोद में कुछ समय गुजारने की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि देश में गतिहीन और तनावपूर्ण जीवन शैली के साथ अस्वास्थ्यकर भोजन की आदतें गैर- संक्रमणकारी रोगों की संख्या में बढ़ोतरी कर रही हैं। उन्होंने सभी लोगों से, विशेषकर युवाओं से शारीरिक फिटनेस और मानसिक सतर्कता बनाए रखने के लिए योग जैसी नियमित शारीरिक गतिविधियां करने का अनुरोध किया। उन्होंने चिकित्सा क्षेत्र के समुदाय से लोगों के बीच निवारक स्वास्थ्य देखभाल के महत्व और एक स्वस्थ जीवन शैली के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने का आह्वान किया। अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि मज़बूत स्वस्थ्य और समृद्ध भारत मिशन। गतिहीन और तनावपूर्ण जीवनशैली के साथ अस्वस्थ्यकर भोजन की आदतें गैर संक्रमणकारी रोगों की संख्या में बढ़ोतरी कर रही है।

## पाकिस्तान डोल रहा है

आपने तो सुना ही होगा, राजनीति के उठापटक के बाद इमरान की नैया डूब चुकी हैं। भारत में आर्टिकल 370 हटाए जाने से व्यापारनीति, विदेशनीति और राजनीति ने पाकिस्तान के सच्चे बाशिंदो को झकझोर कर रख दिया हैं। यहाँ तक कि बढ़ती महंगाई में देश के राजनीतिज्ञ विकास ढूंढ़ रहे हैं। अगर किसी शिक्षित और मशहूर राजनेता को बिगड़ेल कारसाजी की आईना दिख जाये, तो उस पर देशद्रोह का क़ानून लग जाये। हम पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री की बात कर रहे है, जो महज कुछ दिन पहले बड़ी-बड़ी जनसभाकर और लाइव पटल में सिक्सर लगाकर, जनताओं से भारती गाथा की राग अलाप रहे थे। राजनीति की व्यापार फूस न पड़ जाये इसलिये तमाम विपक्षी नेताओं ने अविलम्ब रात बारह बजे सदन में अविश्वास प्रस्ताव लाकर इमरान को खेल में डक आउट में भेजा गया। बहरहाल चिकनी-चपेटी बातों से पाकिस्तान चल रहा है। अब नये सरकार, नये पाकिस्तान की और नये महंगाई की एकतरफा खेल कराएँगे। राजनीतिक संकट कैसे आर्थिक मामले प्रभावित कर रहा है पाकिस्तानी सरकार को नज़र नहीं आ रहा है। अतिशीघ्र पाकिस्तानी नेताओं को यह समझाना चाहिये कि भारत एक बड़ी अर्थव्यवस्था वाला राष्ट्र है, सक्षम विदेशनीति है और एक अत्यंत ताकतवर लीडरशिप खड़ा है।

## शार्ट न्यूज

### योगी एक मई को शुरु करेंगे ई पेंशन सेवा, सेवानिवृत्ति के तीन दिन में मिलेगी पेंशन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को ई पेंशन सेवा के जरिये एक मई को अहम तोहफा देगी जिसके तहत पेंशन के हकदार किसी भी कर्मचारी को सेवानिवृत्त होने के तीन दिन के भीतर ही पेंशन की राशि उसके बैंक खाते में जमा हो जायेगी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगामी एक मई को ई पेंशन पोर्टल की शुरूआत करेंगे। लखनऊ स्थित उप्र सरकार के सचिवालय 'लोकभवन' में वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में सभी मंडल आयुक्तों एवं जिलाधिकारियों को उनके जिले में सेवानिवृत्त होने वाले कम से कम 100 कर्मचारियों के साथ उपस्थित रहने को कहा गया है। सरकार काा दावा है कि इस सेवा के शुरु होने से रिटायर होने वाले कर्मचारियों को पेंशन पाने की दिक्कत नहीं होगी। उप्र सरकार ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को ई पेंशन सेवा के माध्यम से पेंशन संबंधी समस्याओं से मुक्ति मिल सकेगी।

### डेढ़ साल से गैरहाजिर जौनपुर जिला अस्पताल के दो डाक्टर निलंबित

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जौनपुर जिला अस्पताल के दो डाक्टरों को पिछले डेढ़ साल से बिना सूचना के गैरहाजिर रहने के आरोप में निलंबित कर दिया है। जौनपुर के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डा एके शर्मा ने शनिवार को बताया कि अस्पताल के दो चिकित्सक डा डीपी सिंह व डा सतेंद्र कौशल बिना किसी सूचना के लगभग डेढ़ साल से ड्यूटी पर नही आ रहे हैं। उन्होंने बताया, मैंने दोनों चिकित्सकों को कई बार पत्र लिखा गया था, इसके बाद भी ये ड्यूटी पर नहीं आये। इसे विभागीय काम में लापरवाही मानते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों डॉक्टर को निलंबित करने के आदेश दे दिये हैं।उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के आदेश पर अमल करते हुए निलंबन कार्रवाई शुरु कर दी गयी है। गौरतलब है कि गत बुधवार को भारतीय पुलिस सेवा की अधिकारी अलंकृता सिंह को भी लंबे समय से बिना पूर्व सूचना के विदेश जाने और ड्यूटी से गैरहाजिर रहने के आरोप में योगी सरकार ने निलंबित कर दिया था।

### लाउडस्पीकर मसले पर बोले शिवपाल, आखिर कौन से इस फसाद की जड़

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पूजा स्थलों पर लाउडस्पीकर हटाने अथवा आवाज कम करने के मामले में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (प्रसपा) अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने सवाल किया है कि अचानक शुरू हुये इस फसाद की जड़ कौन है। यादव ने शुक्रवार को कहा कि सदियों से भजन कीर्तन अजान और गुरूवाणी के स्वर गूंजते रहे है मगर किसी ने इस पर सवाल नहीं उठाया। यहां तक कि लाउडस्पीकर के अविष्कार से भी पहले यह सिलसिला अनवरत जारी रहा है मगर अचानक यह विवाद की श्रेणी में कैसे आ गया, इसका पता लगाना जरूरी है। उन्होने ट्वीट किया सैंकड़ों सालों से देश की गंगा-जमुनी तहजीब में भजन,कीर्तन,अजान व गुरुवाणी के स्वर सहअस्तित्व के साथ गूंजते रहें हैं। लाउडस्पीकर के आविष्कार के बहुत पहले से। किसी ने इस पर सवाल नहीं उठाया। ईश्वर न तब बहरा था और न अब बहरा है। बुनियादी सवाल है कि अचानक शुरू हुए इस फसाद की जड़ कौन है। गौरतलब है कि उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार राज्य सरकार ने पूजा स्थलों पर लगे लाउडस्पीकरो की आवाज कम करने अथवा उन्हे हटाने का अभियान शुरू किया है और पिछले तीन दिनों में 12 हजार से अधिक लाउडस्पीकर हटाये जा चुके है।

### बरेली में पत्नी, पुत्री की हत्या कर लगायी फांसी

बरेली। उत्तर प्रदेश में बरेली के फतेहगंज पूर्वी क्षेत्र में एक व्यक्ति ने कथित रूप से अपनी पत्नी और दुधमुंही पुत्री की हत्या करने के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार सुबह तीनों के शव कमरे में मिले। परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिये भेजा। पुलिस ने प्रथम दृष्टया युवक द्वारा पत्नी पुत्री की हत्या कर खुद फांसी पर लटकने की आशंका व्यक्त की है हालांकि मृत्यु का सटीक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से साफ हो सकेगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने बताया कि उत्तमगज पश्चिमी मुहल्ला निवासी निवासी महिला ने पुलिस को सूचित किया था कि उसका बेटा रामप्रकाश (26), बहू मीनू (24) और उनकी 3 माह की बच्ची कृष्णा अपने कमरे में अचेत अवस्था में पड़े है। उसने बताया कि सुबह जब बहू बेटे अपने कमरे से बाहर नहीं आए तो महिला और उसके पुत्र ने दरवाजा तोड़कर कमरे में प्रवेश किया गया और कमरे में देखा कि रामप्रकाश चुनरी से लटका हुआ है और बिस्तर पर उनकी बच्ची और बहू मृत हैं। पुलिस ने इस बात की आशंका जताई है कि किसी विवाद में रामप्रकाश ने पहले अपनी पत्नी की हत्या की उसके बाद अपने बच्चे की हत्या करके खुद आत्महत्या कर ली। पुलिस को मिले तीनों शवों के गले पर निशान मिले है।

### बलिया खाद्यान्न घोटाले में पूर्व ब्लॉक प्रमुख गिरफ्तार, 15 साल पहले हुआ था फर्जीवाड़ा



वाराणसी। सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना में वर्ष 2002 से 2005 के मध्य बलिया में लाखों के गबन में वांछित सियर के तत्कालीन ब्लाक प्रमुख भीम प्रसाद को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। बनारस कचहरी के पास एसबीआई से ईओडब्ल्यू वाराणसी की टीम ने गिरफ्तार किया।योजना के तहत जनपद के विभिन्न गावों में मिटटी, नाली निर्माण, खडन्जा निर्माण, पटरी मरम्मत कार्य सम्पर्क मार्ग निर्माण, पुलिया निर्माण कार्य आदि श्रमिकों का चयन कर कराया जाना था। श्रमिकों को श्रम बदले खाद्यान्न और नकद पैसे दिए जाने का निर्देश था। आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन वाराणसी ने घोटाले की विवेचना में पाया कि जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के द्वारा तत्कालीन ब्लाक प्रमुख सीयर एवं कोटेदारों से मिलीभगत कर कार्ययोजनाओ की पत्रावलियो पर पेमेण्ट आर्डर, मास्टर रोल एवं खाद्यान्न वितरण रजिस्टर में कूटरचना कर केन्द्र सरकार के निर्देशों को गम्भीरता से न लेते हुये इस योजना को जबरदस्त चूना लगा दिया। श्रमिकों का चयन भी मनमानी तरीके से किया गया और मास्टर रोल में दर्शाये गये श्रमिकों का नाम, पता भी विवेचना में फर्जी पाया गया। इस प्रकरण में मानक के अनुरूप कार्य न कराकर जनपद के जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा ब्लाक प्रमुख एवं कोटेदारों से मिलीभगत करते हुए सरकारी धन और खाद्यान्न का गबन कर लिया गया।

### सपा विधायक का उपद्रव : आधी रात को समर्थकों संग बिजलीघर में की मारपीट, कर्मियों ने किया हड़ताल का ऐलान

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश के बदायूं में बिजली कटौती को लेकर बिसौली के सपा विधायक आशुतोष मौर्य आधी रात को बिजलीघर पहुंचे। यहां उन्होंने कर्मचारियों से मारपीट की। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। कर्मचारियों ने थाने में विधायक के खिलाफ तहरीर दी है। उत्तर प्रदेश के बदायूं में बिसौली से सपा विधायक आशुतोष मौर्य गुरुवार आधी रात समर्थकों के साथ बिजलीघर पहुंच गए। आरोप है कि बिजली कर्मियों से मारपीट की गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बिजली विभाग के संविदा कर्मियों में इस घटना को लेकर आक्रोश है। घटना से नाराज बिजली कर्मियों ने किया हड़ताल का ऐलान किया है। जबकि विधायक की ओर से तहरीर देकर बिजली कर्मियों पर अभद्रता का आरोप लगाया गया है। उनका कहना है कि रात में कोल्ड स्टोर की लाइट जल रही थी लेकिन नगर में बिजली नहीं थी।

# यूपी के नौ शिक्षकों पर गिरी गाज

## चार साल से बिना ड्यूटी के ले रहे थे वेतन, बीएसए ने किया बर्खास्त

अमरोहा। यूपी के अमरोहा में बगैर ड्यूटी वेतन ले रहे एक मामले के खुलासे के बाद बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अनुशासनहीनता के आरोप में नौ शिक्षकों को बर्खास्त कर दिया है। दरअसल, चार साल से बिना ड्यूटी वेतन लेने की आरोपी शिक्षिका के मामले का खुलासा हुआ तो डीएम ने बीएसए के खिलाफ जांच के आदेश दिए। इस पर बीएसए ने भी एबीएसए, प्रधानाध्यापिका, आरोपी शिक्षिका के खिलाफ जांच के आदेश जारी कर दिए। साथ ही लंबे समय से स्कूल न पहुंचने वाले नौ शिक्षकों को बर्खास्त कर दिया। बीएसए चंद्रशेखर ने प्रधानाध्यापिका को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही आरोपी शिक्षिका मीनाक्षी के वेतन आहरण पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगा दी है।

गौरतलब है कि यूपी सरकार अधिकारियों-कर्मचारियों को तैनाती स्थल पर ही रात में रुकने का फरमान सुनाया है। सरकार ने दो टूक कह दिया है कि यदि तैनाती स्थल पर सरकारी आवास नहीं है तो किराए पर मकान ले कर रहें। तैनाती स्थल से घर भागने की फिराक में रहने वाले अधिकारी-कर्मचारी रोजाना स्कूल-दफ्तर में अनुपस्थित रहते हैं। मामले का खुलासा हुआ जब जोया ब्लाक के केशोपुर प्राथमिक विद्यालय में तैनात प्रधान अध्यापिका फाजिला नुजहत 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो गई थीं। उन्हें कार्यभार सहायक अध्यापिका मीनाक्षी को सौपना था, लेकिन मीनाक्षी के लगातार स्कूल से गैरहाजिर रहने की वजह से वह कार्यभार नहीं सौंप पा रही थीं।

आरोप है कि मीनाक्षी का पति लखनऊ में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का अपने आप को गनर बता सबको हडकाता रहा है, जिस वजह से मीनाक्षी पिछले चार साल से कभी-कभार ही स्कूल आई है हालांकि वह लगातार लखनऊ में रहकर वेतन ले रही है। उनके सेवानिवृत्त होने के बाद भी मीनाक्षी विद्यालय का चार्ज लेने नहीं आ रही है, जिससे कार्यभार से मुक्त हो सकें।

सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका की शिकायत मीडिया में उछलने के बाद बीएसए चंद्रशेखर हरकत में आ गए। उन्होंने सहायक अध्यापिका मीनाक्षी को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब किया है। साथ ही चार साल में अबतक तैनात रहे संबंधित बीईओ भी जवाब मांगा है।

बीएसए के मुताबिक जब शिक्षिका स्कूल नहीं आ रही है, तो उसका वेतन कैसे निकल रहा है। वहीं बीएसए अब, सेवानिवृत हुई फाजिला नुजहत की कार्यशैली को संदिग्ध मान रहे है। बीएसए का कहना है कि प्रधानाध्यापिका 27 दिन पहले सेवानिवृत्त हुई हैं। जब उन्हें कार्यभार से मुक्त होने की जरूरत पड़ी, तो उन्होंने अधिकारियों को इसकी जानकारी दी है। जबकि उन्होंने मीनाक्षी के स्कूल नहीं आने की चार साल में एक भी शिकायत दर्ज नहीं कराई। इससे साफ है कि मीनाक्षी और फाजिला नुजहत के बीच तालमेल ठीक चल रहा था।

### सहारनपुर में बांग्लादेशी छात्र गिरफ्तार

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने अवैध रूप से यहां निवास कर रहे बांग्लादेशी मूल के एक छात्र को गिरफ्तार करने का दावा किया है। एटीएस के उपाधीक्षक अतुल यादव ने शुक्रवार को बताया कि तलाह तालुकदार बिन फारूख नामक बांग्लादेशी युवक 2015 से इस्लामिक शिक्षण संस्था दारूल उलूम देवबंद में शिक्षा ग्रहण कर रहा था। संदेह के आधार पर तलाह तालुकदार को एटीएस के कार्यालय बुलाया गया था और उससे उसके बांग्लादेशी होने के बारे में पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह भारतीय नागरिक है। उसने भारतीय आधार कार्ड, पेन कार्ड और दारूल उलूम देवबंद का आजीवन सदस्यता कार्ड प्रस्तुत किया। उन्होने बताया कि एटीएस की टीम ने उसके पर्स से बांग्लादेशी पासपोर्ट की छायाप्रति और दो बांग्लादेशी नोट बरामद किए। पूछताछ में तालुकदार ने बताया कि वह बांग्लादेश के ग्राम बारगूआली थाना दाउदकंदी जिला कुमिल्ला डिवीजन चटोग्राम का रहने वाला है और उसके पिता का नाम फारूख जमा है। उसने फर्जी दस्तावेज तैयार करके खुद को भारतीय नागरिक दिखाते हुए वर्ष 2015 में दारूल उलूम देवबंद में प्रवेश लिया था और वह दारूल उलूम में अरबी आलिम की आठवीं कक्षा में पढ़ रहा था और दारूल उलूम के दार ए जदीद छात्रावास के कमरा नंबर 61 में रह रहा था। एटीएस अधिकारी उससे पूछताछ कर रहे हैं। पुलिस को आशंका है कि यह युवक देश विरोधी गतिविधियों में शामिल हो सकता है। एटीएस की ओर से आज देवबंद कोतवाली में तलाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। उसके खिलाफ दर्ज मुकदमें में धारा 420, 467, 468, 471आईपीसी और 14/14बी विदेशी अधिनियम की धाराएं लगी हैं। इससे पूर्व भी 12 मार्च को दारूल उलूम चौक स्थित एक प्राइवेट छात्रावास से एक और बांग्लादेशी छात्र की गिरफ्तारी हुई थी।

# आगरा में मंदिर हटाने के विरोध में मुस्लिम भी आये सामने

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में राजा की मंडी रेलवे स्टेशन पर स्थित देवी मंदिर को हटाए जाने का विरोध कर रहे हिन्दूवादी संगठनों के पक्ष में मुस्लिम समाज के लोग भी खड़े हो गये हैं।

गौरतलब है कि इस स्टेशन के विस्तार में आ रही दिक्कतों के चलते मंडलीय रेल प्रबंधक ने मंदिर को शिफ्ट कर लेने का नोटिस दिया है। इसके अलावा आगरा छावनी रेलवे स्टेशन पर भी एक मजार को हटाने का नोटिस दिया गया है।

मंदिर को रेलवे स्टेशन से भी पुराना बताकर इसे हटाने के निर्णय का विरोध किया जा रहा है। बजरंग दल के प्रांत सह संयोजक दिग्विजय नाथ तिवारी ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि रेलवे स्टेशन पर स्थित प्राचीन चामुंडा मंदिर को जबरन शिफ्ट करना मंजूर नहीं है और मंदिर हटाने के फैसले पर रेलवे प्रशासन को पुनर्विचार करने की जरूरत है।

आज सुबह भाजपा नेत्री शबाना खंडेलवाल के नेतृत्व में कुछ मुस्लिम समाज के लोग भी मंदिर के समर्थन में पहुंच गए। उन्होंने चामुंडा देवी मंदिर के दर्शन किये और मंदिर के पुजारी को अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि वे मंदिर पर बुलडोजर नहीं चलने देंगे और जरूरत पड़ी तो बुलडोजर के आगे लेटकर मंदिर की रक्षा करेंगे।

पिछली 10 अप्रैल को आगरा रेलवे मंडल ने एक नोटिस लगाया था कि रेलवे स्टेशन राजा की मंडी के प्लेटफार्म नंबर एक से मंदिर को हटा लिया जाए नहीं तो रेलवे प्राचीन चामुंडा मंदिर को हटाने का कार्य करेगा।

# मऊ : मुख्तार अंसारी गैंग पर बड़ी चोट, पति-पत्नी की 2.5 करोड़ की सम्पत्ति कुर्क

**मऊ।** मुख्तार अंसारी गैंग आईएस 91 के सहयोगी आनंद यादव और उसकी पत्नी मीरा की 2.5 करोड़ रुपए की अचल सम्पत्ति को शुक्रवार को कुर्क कर लिया गया। जिलाधिकारी के आदेश के बाद कुर्की की कार्रवाई नगर मजिस्ट्रेट त्रिभुवन कुमार, क्षेत्राधिकारी धनंजय मिश्रा व उपजिलाधिकारी की देखरेख में हुआ।

नगर मजिस्ट्रेट त्रिभुवन कुमार ने बताया कि शासन के मंशा अनुरूप अपराधियों और उनके द्वारा कमाई गई अवैध संपत्ति के विरुद्ध कठोर कार्रवाई का अभियान चलाया जा रहा है।

इस क्रम में जिलाधिकारी अरुण के न्यायालय आदेश पर उत्तर प्रदेश



गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 की धारा 14 (1) के अंतर्गत मुख्तार गैंग के सहयोगी आनंद यादव और उसकी पत्नी मीरा की अवैध तरीके से कमाई गई संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई की गई है। राजस्व ग्राम परदहा के गाटा संख्या 2172 रकबा 168 कड़ी, सरकारी मूल्य 4968000 रुपए और बाजार मूल्य 2.5 करोड़ रुपए की जमीन को मुनादी करके कुर्की की कार्रवाई की गई।

बताते चलें कि मुख्तार अंसारी के करीबी आनंद कुमार यादव के खिलाफ थाना सरायलखंसी में 553/2008 धारा 325, 323, 504, 506 भादवि, धारा 147, 323, 504, 506, 452, भादवि एवं 7 सीएलए एक्ट 185 बटा/ 21 धारा 419, 420, 467, 468, 471, 120 बी भादवि के तहत मुकदमा दर्ज है।

इसके साथ ही इनके खिलाफ 3/4लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम 8/ 22 धारा 3 (1) उ. प्र. गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम व जनपद बाराबंकी के थाना कोतवाली में धारा 419,420, 467, 468, 471, 177, 506, 120, 7 सी एल ए एक्ट धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के अधीन मुकदमा दर्ज है।

# अखिलेश बचकाने बयान देना बंद करें : मायावती

एजेंसी

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव के उस बयान पर शुक्रवार को एक बार फिर उन्हें आड़े हाथों लिया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बसपा प्रमुख को क्या राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बना रही है। मायावती ने ट्वीट कर कहा कि सपा अध्यक्ष को ऐसे बचकाने बयान देना बन्द करना चाहिये।



गौरतलब है कि अखिलेश ने बीते दिनों हुए विधानसभा चुनाव में बसपा द्वारा भाजपा का गुपचुप समर्थन करने का हवाला देकर पूछा था कि अब क्या भाजपा मायावती को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बना रही है। इसके जवाब में मायावती ने गुरुवार को भी कहा कि सपा प्रमुख अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिये उनके राष्ट्रपति बनने की आशंका का दुष्प्रचार कर रहे हैं।

इस मामले में मायावती ने एक बार फिर सपा पर निशाना साधते हुए कहा, सपा मुखिया यूपी में मुस्लिम व यादव समाज का पूरा वोट लेकर तथा कई-कई पार्टियों से गठबन्धन करके भी जब अपना सीएम बनने का सपना पूरा नहीं कर सके हैं, तो फिर वो दूसरों का पीएम बनने का सपना कैसे पूरा कर सकते हैं?

उन्होंने ट्वीट कर कहा, इसके साथ ही,जो पिछले लोकसभा आमचुनाव में, बी.एस.पी. से गठबन्धन करके भी, यहाँ खुद 5 सीटें ही जीत सके हैं, तो फिर वो बी.एस.पी. की मुखिया को कैसे पीएम बना पायेंगे? अत: इनको ऐसे बचकाने बयान देना बन्द करना चाहिये। बसपा प्रमुख ने एक अन्य ट्वीट में कहा,, साथ ही, मैं आगे सीएम व पीएम बनूं या ना बनूं, लेकिन मैं अपने कमजोर व उपेक्षित वर्गों के हितों में देश का राष्ट्रपति कतई भी नहीं बन सकती हूँ। अत: अब यूपी में सपा का सीएम बनने का सपना कभी भी पूरा नहीं हो सकता है।

ज्ञात हो कि इस वर्ष जुलाई में राष्ट्रपति पद के लिये चुनाव होगा। इसमें सत्तापक्ष और विपक्षी दलों के बीच राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार को लेकर विचार मंथन का दौर जारी है।

### मथुरा में स्कूल वैन में रेडिएटर फटा, गर्म पानी और लोहे के टुकड़ों की चपेट में आए 2 बच्चे

मथुरा। मथुरा में एक स्कूली वैन का रेडिएटर फटने से दो बच्चे घायल हो गए हैं। बच्चे रेडिएटर फटने के बाद उससे निकले गर्म पानी और लोहे के टुकड़ों की चपेट में आ गए। दोनों घायल बच्चों को रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह रुक्मिणी विहार स्थित कान्हा माखन पब्लिक की स्कूल वैन से बच्चे स्कूल जा रहे थे। तभी चैतन्य विहार के निकट स्कूल वैन का रेडिएटर अचानक फट गया। उस समय स्कूल वैन में 2 बच्चे बैठे हुए थे। रेडिएटर फटने से दोनों बच्चे उससे निकले गर्म पानी और लोहे के टुकड़ों की चपेट में आकर घायल हो गए। घायलों में चित्रा (उम्र 9 साल) पुत्री गौरव और देव स्वामी ( उम्र 7 साल) पुत्र जितेंद्र निवासी पत्थर पुरा शामिल हैं। स्कूल प्रबंधन द्वारा दोनों घायल बच्चों को रामकृष्ण मिशन अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार चल रहा है। स्कूल के उप प्रधानाचार्य नटवर चौधरी ने बताया कि दोनों बच्चों के हाथ पैर और शरीर में चोटें आई हैं। डॉक्टरों के अनुसार बच्चे खतरे से बाहर हैं। वहीं घटना की सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी अजय कौशल भी मौके पर पहुंच गए। बताया कि पुलिस ने स्कूल वैन को कब्जे में ले लिया है। वैन का ड्राइवर मौके से फरार हो गया है।

# आगरा में रेलवे स्टेशन से मंदिर हटाने के नोटिस पर हंगामा



**आगरा।** आगरा में राजा की मंडी रेलवे स्टेशन क्षेत्र में बने मां चामुंडा देवी मंदिर को हटाने के नोटिस के खिलाफ हिंदूवादी संगठनों ने शुक्रवार को डीआरएम कार्यालय का घेराव किया। उन्होंने वहीं बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ कर ज्ञापन दिया। इसके बाद डीआरएम ने इस मामले में बातचीत के लिए 15 लोगों को अंदर बुलाया।


गौरतलब है कि आगरा में राजा की मंडी रेलवे स्टेशन क्षेत्र से चामुंडा देवी मंदिर को हटाने की नोटिस के खिलाफ पिछले कुछ दिनों से आंदोलन चल रहा है। मंदिर की ओर से महंत और उनके समर्थकों ने प्रशासन से साफ-साफ कर दिया है कि वे मंदिर को नहीं हटने देंगे। प्रशासन चाहे तो रेलवे स्टेशन को कहीं और ले जाए। विवाद के तूल पकड़ने के साथ ही इस मामले में स्थानीय सियासत भी गर्मा गई है। इस मामले में अब हिंदूवादी संगठनों ने आरपार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। शुक्रवार को हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने डीआरएम कार्यालय का घेराव कर दिया। कार्यकर्ताओं ने वहां हनुमान चालीसा का पाठ किया। उन्होंने कहा कि वे किसी भी कीमत पर मंदिर को शिफ्ट करने के लिए तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यहां मंदिर का गर्भगृह स्थापित है।

# दारुल उलूम देवबंद में एडमिशन के सख्त हुए नियम

## खुफिया विभाग से कराई जाएगी सभी स्टूडेंट की जांच

सहारनपुर। इस्लामिक शिक्षा के अहम केंद्र दारुल उलूम देवबंद में दाखिले की प्रक्रिया अब बेहद सख्त हो गई है। यहां दाखिला चाहने वालों को ना सिर्फ अब पहले से अधिक दस्तावेज देने होंगे, बल्कि उनकी जांच भी कराई जाएगी। लोकल इंटेलिजेंस यूनिट के साथ भी हर स्टूडेंट की जानकारी साझा की जाएगी। वॉइस चांसलर अब्दुल खालिक मदरासी की ओर से इसको लेकर गाइडलाइंस जारी की गई है। इस बीच संस्थान से एक संदिग्ध बांग्लादेशी को भी एटीएस ने गिरफ्तार किया है।

सूत्रों के मुताबिक, संस्थान की ओर से यह फैसला इसलिए लिया गया है कि संस्थान पर अक्सर संदिग्ध तत्वों को भी दाखिला देने का आरोप लगता रहा है। देवबंद के मौलाना और जमीयत दावत उल मुस्लिमीन मौलाना इशाक गोरा ने कहा, यह बहुत महत्वपूर्ण फैसला है। सांप्रदायिक ताकतों की



ओर से वर्षों से संस्थान को निशाना बनाया जा रहा है। लोकल इंटेलिजेंस से वेरिफिकेशन से इन निराधार आरोपों को खत्म करने में मदद मिलेगी। संस्थान एजुकेशन डिपार्टमेंट के इंचार्ज मौलाना हुसैन अहमद हरिद्वारी ने कहा, छात्रों की ओर से संस्थान में जमा कराए जाने वाले दस्तावेजों की इंटेलिजेंस से जांच कराई जाएगी और यदि वे गलत पाए जाते हैं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

नए सत्र में दाखिले को लेकर दारुल उलूम प्रबंधतंत्र ने मौजूदा परिस्थितियों के चलते प्रवेश प्रक्रिया में बदलाव करते हुए नियमों को कड़ा कर दिया है। संस्था में दाखिले को इच्छुक नए छात्रों को अधिक दस्तावेज जमा कराने होंगे। बुधवार को दारुल उलूम के कार्यवाहक मोहतमिम मौलाना अब्दुल खालिक मद्रासी ने नए सत्र के प्रवेश के लिए तलबा को जारी एडवाइजरी में कहा कि संस्था में प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए उन्हें पूर्व संस्था के प्रमाण पत्र के साथ-साथ पिता का भी आधार कार्ड ओर मोबाइल नंबर जमा कराना होगा।

#### इन राज्यों के छात्रों को देना होगा शपथपत्र

सीमावर्ती राज्यों जैसे जम्मू और कश्मीर, पश्चिम बंगाल, मणिपुर, त्रिपुरा, असम आदि के तलबा को मूल निवास प्रमाण पत्र के साथ शपथ पत्र लाना अनिवार्य होगा। जारी एडवाइजरी में प्रवेश के इच्छुक तलबा द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज जमा नहीं कराए जाने पर संस्था में प्रवेश नहीं दिया जाने का निर्णय लिया गया है। वहीं संस्था के शिक्षा विभाग प्रभारी मौलाना हुसैन अहमद हरिद्वारी ने कहा कि जमा कराई जाने वाली आईडी की फोटो कॉपी की जांच खुफिया विभाग द्वारा कराई जाएगी। यदि आईडी गलत पाई जाती है तो कानूनी कार्रवाई कराई जाएगी।

# जेल में आजम ने जो कहा, अगर बता दूं तो सियासी भूचाल आ जायेगा : प्रमोद कृष्णम

**रामपुर।** कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता आजम खान के प्रति राज्य की योगी सरकार द्वारा की जा रही नाइंसाफी के मामले में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बीच आपस में मिलीभगत होने का आरोप लगाते हुए कहा कि जेल में मुलाकात के दौरान आजम ने उनसे जो कुछ कहा, अगर वह उसे बता दें तो राजनीतिक भूचाल आ जायेगा।

कृष्णम ने तमाम आपराधिक मामलों में सीतापुर जेल में बंद रामपुर के विधायक आजम खान के परिजनों से उनके यहां स्थित आवास पर गुरुवार को मुलाकात करने के बाद कहा कि जेल में मुलाकात के दौरान आजम खान ने उनसे जो कहा, अगर वह उसे बता दें तो प्रदेश में राजनीतिक भूचाल आ जायेगा। कृष्णम ने कहा कि आजम खान पर जो ज्यादतियां और नाइंसाफी की बात है उसे वह खुद जेल से बाहर आ कर बताएंगे। गौरतलब है कि कृष्णम ने बुधवार को आजम से सीतापुर जेल में मुलाकात की थी।

आजम खान द्वारा जेल में सपा प्रतिनिधिमंडल से मिलने से इंकार करने के बारे में कृष्णम ने कहा कि जब किसी के दिल को ठेस पहुंचती है तभी वह किसी से मिलने को मना करता है। उन्होंने कहा कि यह एक बड़ा इशारा है कि सपा अपने फर्ज को अदा करने से चूक गई है। उन्होंने कहा कि आजम के जेल से बाहर आने के बाद देश की सियासत में एक बड़ा बदलाव होगा।

कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि मौजूदा सपा नेतृत्व ने जब मुलायम सिंह का ध्यान नहीं रखा तो आजम खान का क्या ख्याल रखेगी। उन्होंने सपा से मुस्लिमों के दूर होने की वजह सपा के कर्मों का फल बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव अपने चाचा शिवपाल को भाजपा में भेजना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सपा में क्या हो रहा है, यह तो नहीं मालूम, लेकिन इतना जरूर कहेंगे कि शीशे में बाल आ चुका है।

कृष्णम ने कहा कि आजम खान की रिहाई आज नहीं तो कल हो जाएगी, क्योंकि जुल्म की एक इंतेहा होती है। हुकूमत ने उनके साथ जो नाइंसाफी की है, उसका फैसला भी जल्दी आएगा। मगर इतना तय है कि अखिलेश यादव और योगी आजम खान के मामले में आपस में मिले हुए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आजम खान के विरुद्ध दर्ज किये गये मुकदमों पर पुनर्विचार करने की अपील की। उन्होंने कहा, मेरी योगी जी से यह विनती है, क्योंकि सीएम योगी भी हैं, साधु भी हैं और साधु का दिल बड़ा उदार होता है। आजम खान के खिलाफ हुकूमत की ओर से लगाए गए मुकदमों को रद्द कर देना चाहिए।

कृष्णम ने कहा कि मौजूदा सरकार ने राजनैतिक विरोधियों के साथ दुश्मनों जैसा व्यवहार किया और यह हुकूमत का बड़ा गुनाह है। हुकूमत आजम खान को अपना बड़ा दुश्मन मानती है, जबकि उनकी अपनी पार्टी सपा ने आजम खान का साथ नहीं दिया। उन्होंने कहा कि आजम खान से मिलने के लिये अखिलेश और मुलायम सिंह दोनों को जेल जाना चाहिए था।

कांग्रेस नेता ने कहा कि आजम खान जेल की जिस काल कोठरी में रहते हैं, उसमें एक रात काटना भी मुश्किल है। बिच्छू, मच्छर, गंदगी के ढेर के अलावा उसमें और कोई सुविधा नहीं है। आजम खान फर्श पर टाट बिछा कर सोते हैं। उन्होंने कहा कि यह देश और लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्य की बात है।

## शार्ट न्यूज

### पुणे में सीएनजी के दाम 2.20 रुपये प्रति किलो से बढ़े

**मुंबई।** महाराष्ट्र नेचुरल गैस लिमिटेड (एमएनजीएल) ने पुणे में कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) के दाम में 2.20 रुपये प्रति किलो का इजाफा कर दिया है। इस बढ़ोतरी से यहां सीएनजी का दाम 77.20 रुपये प्रति किलो हो गया है। कंपनी की अधिसूचना के मुताबिक नयी दर शुक्रवार से लागू हो गयी। नयी दरें पीएमसी (पुणे नगर निगम) क्षेत्र, फुरसुंगी, पिसोली और आंबेगांव इलाकों में लागू हो गयी हैं। महाराष्ट्र सरकार ने इस महीने की शुरुआत में मूल्य वर्धित कर 13.5 प्रतिशत से घटाकर तीन प्रतिशत कर दिया था। सरकार के इस फैसले से पुणे में सीएनजी के दाम 62 रुपये प्रति किलो हो गए थे। ये कीमत लंबे समय तक नही रह सकी और 06 अप्रैल इसकी कीमत सात रुपये से बढ़ गयी। इसके बाद 13 अप्रैल को पांच रुपये और 18 अप्रैल को दो रुपये प्रति किलो से कीमत बढ़ा दी गयी थी।पुणे में हलांकि, पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर हैं।

### एलोन मस्क ने टेस्ला के 4.8 अरब डालर के शेयर बेचे

वाशिंगटन। ट्विटर खरीदने के समझौते के बाद टेस्ला और स्पेसएक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एलोन मस्क ने विद्युत ऑटोमोबाइल कंपनी के 4.8 अरब डालर के शेयर बेच दिए हैं। सोशल मीडिया कंपनी ट्विटर के निदेशक मंडल के इसे 44 अरब डालर में श्री मस्क को बेचने के बाद उद्योगपति ने यह फैसला लिया है। यूएस सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन को गुरुवार को दी जानकारी के अनुसार, उन्होंने टेस्ला कंपनी के 53 लाख शेयर 905.30 डालर प्रति शेयर के औसत दाम पर बेचे हैं। सीएनएन की एक रिपोर्ट के अनुसार श्री मस्क ने जो शेयर बेचे हैं वे मंगलवार को कारोबार शुरू होने से पहले उनके पास के शेयरों के केवल 3.1 प्रतिशत के बराबर हैं। यदि उन्हें स्टॉक ऑपशन में मिलने वाले शेयर भी जोड़ दे तो बेचे गए शेयर दो प्रतिशत से भी कम हैं। मस्क ने शेयर गुरुवार को शेयर बेचने के संदर्भ में उनके ट्विटर अकाउंट पर पूछे गए सवाल पर कहा,आज के बाद टेस्ला को लेकर बिक्री की कोई योजना नहीं हैं।

### खाद्य तेलों में मिलजुला रुख, चीनी महंगी

**नयी दिल्ली।** विदेशी बाजारों की जबरदस्त तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलजुला रुख रहा वहीं चीनी के भाव चढ़ गए। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 197 रिंगिट चढ़कर 7693 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह अमेरिकी सोया तेल का मई वायदा 0.60 सेंट की गिरावट लेकर 91.20 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान स्थानीय स्तर पर सोया रिफाइंड 366 रुपये और पाम ऑयल 292 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़े रहे। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चीनी के दाम 50 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गए वहीं गुड़ में स्थिरता रही। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, चना दाल, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज : अनाज मंडी में स्थिरता रही। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव स्थिर रहे। दाल-दलहन : चना 4600-4700,दाल चना 5600-5700, मसूर काली 8700-8800, मूंग दाल 8900-9000, उड़द दाल 9900-10000, अरहर दाल 8200-8300 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2300-2400 रुपये और चावल : 2550-2650 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 3560-3670, चीनी एम. 3740-3840, मिल डिलीवरी 3440-3540 और गुड़ 3300-3400 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल : सरसों तेल 19267 रुपये, मूंगफली तेल 20292 रुपये, सूरजमुखी तेल 20220 रुपये, सोया रिफाइंड 19047 रुपये, पाम ऑयल 17215 रुपये और वनस्पति तेल 17729 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

### मनोज सहाय, सुशील सिंह आईडीबीआई बैंक के निदेशक मंडल में शामिल

**मुंबई।** भारतीय बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा प्रवर्तित आईडीबीआई बैंक ने शुक्रवार को बताया कि उसके निदेशक मंडल ने वित्त मंत्रालय के प्रतिनिधि मनोज सहाय और सुशील कुमार सिंह को निदेशक मंडल में शामिल करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि ये नियुक्तियां 28 अप्रैल से प्रभावी हो गयी हैं और अगले आदेश तक जारी रहेंगी। सहाय वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग में संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार हैं और श्री कुमार इसी मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग में कार्यरत हैं। सहाय भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा सेवा के 1994 बैच के अधिकारी हैं और वर्तमान में राजस्व विभाग, व्यय विभाग, आर्थिक मामलों के विभाग, वित्तीय सेवा विभाग, निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) और सार्वजनिक उद्यम विभाग समेत छह विभागों का काम देख रहे हैं। भारतीय रक्षा लेखा सेवा के 2006 बैच के अधिकारी श्री सिंह वर्तमान में वित्तीय प्रभाग में प्रधानमंत्री जन धन योजना, मुद्रा योजना, स्टैंड अप इंडिया योजना और सूक्ष्म बीमा योजनाओं जैसी सरकारी प्रमुख योजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी का काम देखते हैं। बैंक ने कहा, मनोज सहाय और सुशील कुमार सिंह का आईडीबीआई बैंक के किसी अन्य निदेशक से कोई संबंध नहीं हैं।

### अंबुजा सीमेंट के मुनाफे में बड़ी गिरावट, कारोबार खरीदने में है अडानी की दिलचस्पी

नई दिल्ली। स्विट्जरलैंड की भवन निर्माण सामग्री क्षेत्र की कंपनी होल्सिम ग्रुप की इकाई अंबुजा सीमेंट्स के मुनाफे में बड़ी गिरावट आई है। ये नतीजे ऐसे समय में आए हैं जब अंबुजा सीमेंट्स के कारोबार बिक्री की प्रक्रिया चल रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गौतम अडानी के समूह ने सीमेंट कारोबार खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है। इसके अलावा रिटेल चेन एवेन्यू सुपरमार्ट के मालिक राधाकिशन दमानी भी अंबुजा में निवेश करने की योजना बना रहे हैं। मुनाफे में आई गिरावट : मार्च, 2022 में समाप्त पहली तिमाही के दौरान मुनाफा 30.26 प्रतिशत घटकर 856.46 करोड़ रुपये पर आ गया। इससे पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी ने 1,228.24 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। आपको बता दें कि कंपनी का वित्त वर्ष जनवरी से दिसंबर होता है। आय में इजाफा : बीएसई को भेजी सूचना में अंबुजा सीमेंट्स ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी परिचालन आय 2.4 प्रतिशत बढ़कर 7,900.04 करोड़ रुपये पर पहुंच गई, जो एक साल पहले समान तिमाही में 7,714.81 करोड़ रुपये रही थी।

### कीमती धातुओं में लौटी तेजी

**मुंबई।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमती धातुओं में आयी तेजी के बल पर आज घरेलू स्तर पर इनकी कीमतों में तेजी रही। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोना हाजिर 0.18 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1916.77 डॉलर प्रति औंस पर और अमेरिका सोना वायदा 1.39 प्रतिशत बढ़कर 1915 डॉलर प्रति औंस पर रहा। इस दौरान चाँदी 1.1 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23.46 डॉलर प्रति औंस पर रही। घरेलू स्तर पर देश के सबसे बड़े वायदा बाजार एमसीएक्स में सोना 500 रुपये की तेजी के साथ 51762 रुपये प्रति 10 ग्राम पर और सोना मिनी 444 रुपये की बढ़त के साथ 51835 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा। इसबीच चाँदी 84 रुपये की बढ़त के साथ 64001 रुपये प्रति किलोग्राम पर और चाँदी मिनी 257 रुपये की बढ़त के साथ 65123 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही।

### रुपया 11 पैसे मजबूत

मुंबई। दुनिया की प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर में रही नरमी के साथ ही घरेलू स्तर पर शेयर बाजार की तेजी से मिले समर्थन के बल पर आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 11 पैसे की मजबूती के साथ 76.50 रुपये प्रति डॉलर पर रहा। पिछले सत्र में रुपया 76.61 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। रुपया आज एक पैसा टूटकर 76.62 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। सत्र के दौरान यह 76.63 रुपये प्रति डॉलर के निचले और 76.29 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर के बीच रहा। अंत में यह पिछले दिवस की तुलना में 11 पैसे की मजबूती के साथ 76.50 रुपये प्रति डॉलर पर रहा।

# शक्कर में पूछपरख, खाद्य तेलों में तेजी, दलहन नरम, दाल सस्ती, चावल सामान्य

**एजेंसी**

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में पूछपरख बताई गई। खाद्य तेल तेजी लिए रहे। आज सोयाबीन रिफाइंड ऊंचा होकर बिका। दलहन मजबूत रहे। दालों में ग्राहकी सुस्त होने से नरमी दर्ज की गई। चावल में खरीदी बढ़ी रही।

#### किराना बाजार

शक्कर में पूछपरख बताई गई। आज शक्कर में कामकाज 3600 से 3650 रुपये के स्तर पर चला। शक्कर में 07 गाड़ी आवक हुई। नारियल में लिवाली बनी रही। खोपरा गोला तथा हल्दी में उठाव बताया गया। साबूदाना मजबूत रहा।


खाद्य तेल में मजबूती दर्ज की गई। आज सोयाबीन रिफाइंड बढ़कर बिका। तिलहन में सोयाबीन में प्लान्टो की लिवाली रही। सरसों में सुधार रहा।

#### दाल-दलहन

स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन नरमी लिए बताए गए। दालों में लिवाली सुस्ती से गिरावट हुई। इससे भाव गिरावट लिए बताए गए। चावल में उठाव बना रहा।

#### किराना

शक्कर 3600 से 3650 रुपये प्रति क्विंटल। नारियल 120 भरती 1450 से 1500, 160 भरती 1725 से 1750, 200 भरती 1800 से 1850, 250 भरती 2100 से 2150 रुपये। खोपरा गोला 205 से 225 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2400 से




4400 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 115 से 175 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 4500 से 5100, पैकिंग में 5400 से 5600 रुपये प्रति क्विंटल।

#### तिलहन

सरसों निमाड़ी 6400 से 6500, रायडा 6200 से 6300 रुपये प्रति क्विंटल।

#### तेल

मूंगफली तेल इंदौर 1670 से 1690, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 1630 से 1640, सोयाबीन साल्वेंट 1615 से 1620, पाम तेल 1685 से 1690 रुपये प्रति 10 किलो।

तुअर निमाड़ी 5500 से 6100, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 6200 से 6300, तुअर (कर्नाटक) 6500 से 6600, चना (कांटा) 4850 से 4900, मसूर 6550 से 6600, मूंग 6600 से 6700, मूंग हल्की 6000 से 6500, उड़द 6900 से 7000, उड़द मीडियम 5500 से 6200, उड़द हल्की 2500 से 4500 रुपये प्रति क्विंटल।

#### दाल

चना दाल 6050 से 6500, तुअर दाल सवा नंबर 8200 से 8300, तुअर दाल फूल 8400 से 8600, तुअर दाल नई 8900 से 9600, आयातित तुअर दाल 8000 से 8100, मसूर दाल 7850 से 8150, मूंग दाल 8400 से 8700, मूंग मोगर 8800 से 9100, उड़द दाल 8300 से 8600, उड़द मोगर 9300 से 9700 रुपये प्रति क्विंटल।

#### चावल-पोहा

बासमती 10000 से 11000, तिबार 8000 से 8500, दुबार 7000 से 7500, मिनी दुबार 6500 से 7000, मोगरा 3500 से 4500, बासमती सैला 6500 से 9000, कालीमूंछ 7000 से 7500, राजभोग 6400 से 6500, दूबराज 3500 से 4500, परमल 2500 से 2650, हंसा सैला 2450 से 2650, हंसा सफेद 2350 से 2450, पोहा 3700 से 4100 रुपये प्रति क्विंटल।

#### रवा-मैदा

रवा 1380 से 1390, मैदा 1340 से 1350, आटा 1300 से 1310, चना बेसन 3250 से 3275 रुपये प्रति 50 किलोग्राम।

# वर्ष 2030 तक 110 अरब डॉलर के सेमीकंडक्टर की खपत का अनुमान

**बेंगलुरु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में सेमीकंडक्टर डिजाइन के लिए असाधारण प्रतिभाएं होने का हवाला देते हुये आज कहा कि सेमीकंडक्टर की देश में अपनी खपत 2026 तक 80 अरब डॉलर और 2030 तक 110 अरब डॉलर के पार कर जाने की उम्मीद है।

प्रधानमंत्री सेमीकॉन इंडिया सम्मलेन 2022 का वर्चुअली उद्घाटन करते हुये कहा , हमारे पास सेमीकंडक्टर डिजाइन के लिए असाधारण प्रतिभाएं हैं, जो दुनिया के सेमीकंडक्टर डिजाइन इंजीनियरों के 20 प्रतिशत के बराबर हैं। शीर्ष 25 सेमीकंडक्टर डिजाइन कंपनियों में से लगभग सभी के हमारे देश में अपने डिजाइन या आर एंड डी केंद्र हैं।''

उन्होंने इस सम्मेलन में भारत में आयोजित किये जाने पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने आज की दुनिया में सेमीकंडक्टर की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया और कहा वैश्विक सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखलाओं के प्रमुख भागीदारों में से एक के रूप में भारत को स्थापित करना हमारा सामूहिक उद्देश्य है। हम हाई-टेक, उच्च गुणवत्ता और उच्च विश्वसनीयता के सिद्धांत के आधार पर इस दिशा में काम करना चाहते हैं।

प्रधानमंत्री ने भारत को सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकियों के लिए एक आकर्षक



निवेश गंतव्य के रूप में रेखांकित करने के लिए छह कारण बताये। उन्होंने कहा कि भारत 1.3 अरब से अधिक भारतीयों को जोड़ने के लिए एक डिजिटल अवसंरचना तैयार कर रहा है। भारत ने हाल ही में वित्तीय समावेशन, बैंकिंग और डिजिटल भुगतान आदि क्षेत्रों में जो प्रगति की है के बारे में उन्होंने कहा कि , हम डिजिटल तकनीक का उपयोग स्वास्थ्य और कल्याण से लेकर समावेश और सशक्तिकरण तक, शासन के सभी क्षेत्रों में जीवन को बदलने के लिए कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 5जी, आईओटी और स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों की क्षमताओं में विकास के साथ छह लाख गांवों को ब्रॉडबैंड से जोड़ने जैसे कदमों के जरिये, भारत अगली प्रौद्योगिकी क्रांति का नेतृत्व करने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते स्टार्टअप इकोसिस्टम के साथ मजबूत आर्थिक विकास की ओर आगे बढ़ रहा है। भारत की सेमीकंडक्टर की अपनी खपत 2026 तक 80 अरब डॉलर और 2030 तक 110 अरब डॉलर के पार कर जाने की उम्मीद है।

श्री मोदी ने कहा कि भारत ने व्यवसाय में सुगमता को और आसान बनाने के लिए व्यापक सुधार किए हैं। प्रधानमंत्री ने 25,000 से अधिक अनुपालन को खत्म करने, लाइसेंस के स्वत:-नवीनीकरण की ओर आगे बढ़ने, डिजिटलीकरण के माध्यम से नियामक ढांचे में पारदर्शिता और गति एवं दुनिया में सबसे अनुकूल कराधान संरचनाओं में से एक जैसे उपायों के बारे में बताते हुये कहा कि 21वीं सदी की जरूरतों के लिए युवा भारतीयों के कौशल विकास और प्रशिक्षण में भारी निवेश।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने विनिर्माण क्षेत्र को बदलने की दिशा में कई उपाय किए हैं। ऐसे समय में जब मानवता सदी में एक बार आने वाली महामारी का मुकाबला कर रही थी, भारत न केवल अपने लोगों के स्वास्थ्य में सुधार कर रहा था, बल्कि अपनी अर्थव्यवस्था की स्थिति को भी बेहतर बना रहा था। प्रधानमंत्री मोदी ने उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाओं के बारे में चर्चा की और कहा कि 14 प्रमुख क्षेत्रों में 26 अरब डॉलर से अधिक की प्रोत्साहन धनराशि की पेशकश की गयी है। अगले 5 वर्षों में, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में रिकॉर्ड वृद्धि होने की उम्मीद है। मोदी ने सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम के बारे में भी बताया, जिसकी कुल व्यय राशि 10 अरब डॉलर से अधिक है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सेमीकंडक्टर, डिस्प्ले विनिर्माण और डिजाइन इकोसिस्टम में निवेश करने वाली कंपनियों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

प्रधानमंत्री ने सरकारी समर्थन की आवश्यकता को स्वीकार किया और प्रतिनिधियों को व्यवसाय के लिए एक अनुकूल वातावरण प्रदान करने में सरकार के सर्वोत्तम प्रयासों का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, जब उद्योग जगत कड़ी मेहनत करता है, तो सरकार को और भी कड़ी मेहनत करनी चाहिए। नई विश्व व्यवस्था के निर्माण के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें उन अवसरों का उपयोग करना चाहिए, जो उभर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, हमने पिछले कुछ वर्षों में कड़ी मेहनत की है, ताकि विकास को प्रोत्साहित करने वाले वातावरण का निर्माण किया जा सके। भारत में तकनीक प्राप्ति और जोखिम लेने की अदम्य इच्छा है। हमने एक सहायक नीति वातावरण के माध्यम से जहां तक ? ?संभव हो सका है, सभी बातों को आपके पक्ष में किया है; हमने दिखाया है कि भारत अपने कार्य, अपने कारोबार के प्रति गंभीर है।

# पेट्रोल-डीजल के दामों में कोई बदलाव नहीं




**देश के चार बड़े महानगरों में पेट्रोल और डीजल के दाम**

| महानगर | पेट्रोल | डीजल (रुपए प्रति लीटर) |
|---|---|---|
| दिल्ली | 105.41 | 96.67 |
| कोलकाता | 115.12 | 99.83 |
| मुंबई | 120.51 | 104.77 |
| चेन्नई | 110.85 | 100.94 |

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच देश में शुक्रवार को लगातार 23वें दिन पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव बना रहा।

सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के अनुसार आज दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 96.67 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 104.77 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है।

यूक्रेन और रूस के बीच जारी जंग से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में घट-बढ़ जारी है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गयी। लंदन ब्रेंट क्रूड 0.43 प्रतिशत चढ़कर 108.05 डालर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 0.11 प्रतिशत की बढ़त के साथ 105.48 डालर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिन की स्थिरता के बाद गत 22 मार्च से बढ़नी शुरू हुई थीं। कंपनियों ने पिछले 33 दिन में 14 बार पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की। इस दौरान इनके दामों में करीब 10 रुपये प्रति लीटर की तेजी आयी है।

पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

# अगले कुछ सप्ताह में देश में शुरू होगा स्वदेशी 4 जी नेटवर्क



**बेंगलुरू।** केन्द्रीय संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज कहा कि सरकारी दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) अगले कुछ सप्ताह में देश में स्वदेशी 4 जी नेटवर्क को शुरू करने जा रही है और इसके लिए पूरे देश में 2342 स्थानों को चिन्हित किया गया है।

श्री वैष्णव ने यहां एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद संवाददाताओं से चर्चा के दौरान यूनीवार्ता के सवाल के जबाव में यह बात कही। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने इसके लिए 2343 स्थानों पर शुरू किये जाने को पहले ही स्वीकृत कर चुका है। उन्होंने कहा कि बीएसएनएल जिस नाम से यह सेवा शुरू करेगी इसकी घोषणा बाद में की जायेगी। जहां जहां सेवायें शुरू की जायेगी इसकी पहचान की जा चुकी है।

भारतीय इंजीनियरों और वैज्ञानिकों ने 4 जी टेलीकॉम नेटवर्क का विकास किया है। इस प्रौद्योगिकी पर आधारित 4 जी सेवायें शुरू करने के लिए बीएसएनएल पूरे देश में 1.12 लाख टावर लगायेगी। इसके लिए 45 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

# मारुति सुजुकी का चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 57.7 प्रतिशत बढ़ा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** देश में यात्री कारों की सबसे बड़ी विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2021-22 में कारों की बिक्री में संख्या के हिसाब से बिक्री में हल्की गिरावट के बावजूद 18.39 अरब रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया जो 2020-21 की इसी तिमाही की तुलना में 57.7 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान कंपनी का परिचालन लाभ 17.80 अरब रुपये के करीब रहा जो वर्ष 2020-21 की चौथी तिमाही की तुलना में 42 प्रतिशत ज्यादा है। अलोच्य अवधि में कंपनी की घरेलू बिक्री एक साल पहले की तुलना में 08 प्रतिशत कम रही जबकि निर्यात में सुधार दर्ज किया गया।

चौथी तिमाही में कंपनी ने कर देनदारी में 1.12 अरब रुपये से अधिक राशि का भुगतान टाले जाने का प्रावधान किया है।

कंपनी के निदेशक मंडल की शुक्रवार को जारी बैठक के बाद जारी वित्तीय रिपोर्ट के अनुसार कंपनी ने जनवरी-मार्च 2022 की तिमाही में 25,514 करोड़ रुपये की शुद्ध बिक्री आय दर्ज की है जो एक साल पहले की इसी अवधि की तुलना में 11.1 प्रतिशत अधिक है।

चौथी तिमाही में कंपनी ने कुल 4,88,830 वाहन बेचे जो एक साल पहले की तुलना में 0.7 प्रतिशत कम है। कंपनी ने इस दौरान घरेलू बाजार में बिक्री में 08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,20,376 वाहन बेचे।

कंपनी के एक बयान के मुताबिक चौथी तिमाही में उसने अबतक का सबसे अधिक तिमाही निर्यात दर्ज करते हुए विदेशी बाजारों को 68,454 वाहन बेचे।

अप्रैल-मार्च (2021-22) में कंपनी ने वाहनों की बिक्री में 13.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। वर्ष के दौरान कुल 16,52,653 वाहनों की बिक्री के साथ कंपनी ने 83,798 करोड़ रुपये से अधिक की शुद्ध आय दर्ज की जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष में कंपनी की शुद्ध बिक्री आय 66,562 करोड़ रुपये थी।

शुद्ध बिक्री आय में 26 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद कंपनी का वार्षिक शुद्ध लाभ एक साल पहले की तुलना में 11 प्रतिशत से अधिक गिरकर 37.66 अरब रुपये से कुछ अधिक रहा।

कंपनी के निदेशक मंडल ने वर्ष 2021-22 के लिए 60 रुपये प्रति शेयर की दर से लाभांश देने की सिफारिश की है जबकि 2020-21 में दिया गया प्रति शेयर लाभांश की दर 45 रुपये थी। कंपनी ने लाभांश की दर में उल्लेखनीय वृद्धि के बारे में कहा,%%कंपनी के शुभारंभ के 40वें वर्ष के उपलक्ष्य में शेयरधारकों को उनके संरक्षण और समर्थन के लिए एकबारगी आभार की अभिव्यक्ति है।%% कंपनी के शेयर का अंकित मूल्य पांच रुपये है।

कंपनी ने कहा है कि वर्ष 2021-22 में इलेक्ट्रोनिक उपकरणों की कमी के कारण उसके उत्पादन में कम से कम 2,70,000 वाहनों की कमी रही। यह कमी मुख्य रूप से घरेलू बाजार में बिकने वाले मॉडलों के उत्पादन से संबंधित है। इसी कारण साल के अंत में ग्राहकों को 2,68,000 वाहनों की आपूर्ति लंबित थी।

# गिरावट पर रहे सेंसेक्स और निफ्टी

**मुंबई।** विदेशी बाजारों में जारी तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर एसबीआई, मारुति, रिलायंस, एनटीपीसी समेत 22 दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से आज सेंसेक्स और निफ्टी गिरकर बंद हुए।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 460.19 अंक का गोता लगाकर 57,060.87 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 142.50 अंक उतरकर 17,102.55 अंक पर आ गया। बीएसई का मिडकैप 0.81 फीसदी टूटकर 24,418.04 अंक और स्मॉलकैप 0.58 फीसदी गिरकर 28,611.92 अंक पर रहा।

बीएसई में कुल 3508 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2114 बिकवाली जबकि 1264 में लिवाली हुई वहीं 130 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में 38 कंपनियां लुढ़की जबकि 12 में तेजी




रही। इस दौरान बीएसई के सभी 19 समूह में गिरावट दर्ज की गई। ऊर्जा 2.45, इंडस्ट्रियल्स 1.03, आईटी 1.01, टेलीकॉम 1.15, यूटिलिटीज 1.74, बैंकिंग 1.12, पूंजीगत वस्तुएं 1.34, तेल एवं गैस 2.58, पावर 1.92, रियल्टी 1.18 और टेक समूह के शेयर 1.12 प्रतिशत टूट गए।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.06, जर्मनी का डैक्स 0.89, जापान का निक्केई 1.75, हांगकांग का हैंगसेंग 4.01 और चीन का शंघाई कंपोजिट 2.41 प्रतिशत मजबूत रहा।

कारोबार की शुरुआत में सेंसेक्स 296 अंक उछलकर 57,817.51 अंक पर खुला और लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 57,975.48 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के अंतिम चरण में बिकवाली होने से यह 56,902.30 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले सत्र के 57,521.06 अंक के मुकाबले 0.80 फीसदी गिरकर 57,060.87 अंक पर रहा। इसी तरह निफ्टी भी 84 अंक बढ़कर 17,329.25 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 17,377.65 अंक के उच्चतम जबकि 17,053.25 अंक के न्यूनतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 17,245.05 अंक की तुलना में 0.83 फीसदी उतरकर 17,102.55 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स में 22 कंपनियों के शेयरों ने गोता लगाया जबकि शेष आठ में तेजी रही। एक्सिस बैंक ने सबसे अधिक 6.57 फीसदी का नुकसान उठाया। साथ ही विप्रो 2.59, एसबीआई 2.08, मारुति 1.97, एनटीपीसी 1.88, एलटी 1.30, रिलायंस 1.01, आईटीसी 0.67 और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 0.50 फीसदी टूटे। वहीं, कोटक बैंक के शेयरों में सबसे अधिक 1.44 फीसदी की तेजी रही।

# एलआईसी के शेयरधारकों के लिए दीर्घकालीन मूल्यसृजन की दिशा में आईपीओ पहला कदम

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार के निवेश एवं सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन (दीपम) के सचिव तुहिन कांता पांडे ने शुक्रवार को कहा कि सरकारी क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के शेयरों को बाजार में उतारना सरकार की दीर्घकालिक रणनीतिक सोच का हिस्सा है और कंपनी के आईपीओ में खुदरा निवेशकों की भागीदारी बड़ी रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि एलआईसी का प्रस्तावित आईपीओ कंपनी के शेयरधारकों के लिए दीर्घकालीन पूंजीसृजन की दिशा में पहला कदम है। सरकार ने प्राथमिक शेयर बाजार में एलआईसी के 3.5 प्रतिशत शेयर बेचने की योजना बनायी है। इसके तहत कुल 22.13 करोड़ शेयर बेचकर करीब 21,000 करोड़ रुपये प्राप्त होने का अनुमान है। यह देश में अबतक का सबसे बड़ा प्राथमिक शेयर निर्गम (आईपीओ) होगा। दीपम सचिव श्री पांडे ने शुक्रवार को संवाददाताओं से यहां कहा,बाजार में वर्तमान वातावरण को देखते हुए एलआईसी के आईपीओ का प्रस्तावित आकार उचित है। हमें उम्मीद है कि देश की सबसे मूल्यवान कंपनी के आईपीओ में खुदरा निवेशकों की भागीदारी महत्वपूर्ण रहेगी। एलआईसी ने इस आईपीओ के लिए आवेदन मूल्य का दायरा 902-949 रुपये प्रति शेयर रखा है। शेयर का अंकित मूल्य 10 रुपये है। खुदरा निवेशकों के लिए यह शेयर 04 से 09 मई तक खुला रहेगा। एंकर निवेशकों के लिए यह निर्गम 02 मई को खुलेगा। कंपनी ने खुदरा निवेशकों के लिए 45 रुपये प्रति शेयर की छूट और कंपनी के पॉलिसीधारकों के लिए 60 रुपये की छूट देने का फैसला किया है। पांडे ने एक सवाल के जवाब में कहा, निर्गम का आकार घटाने के बावजूद यह देश में अबतक का सबसे बड़ा आईपीओ है। सरकार पहले आईपीओ के जरिए एलआईसी के पांच प्रतिशत शेयर बेचने की योजना पर काम कर रही थी।

## शार्ट न्यूज

### क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने नई टी20 प्रतियोगिता का किया एलान

**जोहानसबर्ग।** क्रिकेट साउथ अफ्रीका (सीएसए) ने शुक्रवार को ब्रॉडकास्टर सुपरस्पोर्ट के साथ मिलकर एक नए घरेलू टी20 टूर्नामेंट की घोषणा की। उम्मीद जताई जा रही है कि इस प्रतियोगिता का पहला संस्करण जनवरी 2023 में खेला जाएगा और भविष्य में उसी समय सीमा में इसका आयोजन होगा। सीएसए के सीईओ फोलेत्सी मोसेकि ने कहा, हम इस नए ताज़ा टूर्नामेंट के बारे में उत्साहित हैं। इससे फ्रैंचाइज़ी में निजी निवेश के मौके भी खुलेंगे और सीएसए ने अब तक कई स्थानीय और विदेशी निवेशकों से बात की है जो इस में पैसा डालने में रुचि रखते हैं। प्रतियोगिता के नियम के अनुसार छह निजी तौर पर स्वामित्व रखने वाली फ्रैंचाइज़ी टीमें राउंड रॉबिन के तौर पर एक दूसरे से दो दो बार भिड़ेंगी। इसके बाद शीर्ष की तीन टीमें प्लेऑफ़ तक आगे बढ़ेंगी। एक मोटी इनामी राशि और धारणीय आय मॉडल के चलते आयोजकों को पूरा विश्वास है कि इसमें स्थानीय और विश्व क्रिकेट के सबसे बड़े नाम खेलना चाहेंगे।सुपरस्पोर्ट के सीईओ मार्क ज्यूरी ने कहा, यह टूर्नामेंट साउथ अफ्रीका क्रिकेट के चेहरे को बदल देगा और इसमें हम निवेश करने के बारे में अति उत्साहित हैं। क्रिकेट कार्यक्रम में साल के शुरुआत में एक गैप रहता है और हम इसे उसी वक़्त आयोजित करेंगे। इस टूर्नामेंट के चलते उम्मीद की जा रही है कि साउथ अफ्रीका क्रिकेट में अधिक पैसों का निवेश होगा जिससे देश में क्रिकेट के विकास के कार्यक्रमों को बढ़ावा मिलेगा।

### ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका दौरे के लिए टीम का ऐलान किया, पैट कमिंस टी 20 से बाहर

कैनबरा। ऑस्ट्रेलियाई टीम जून-जुलाई में श्रीलंका दौरे पर जाने वाली है। यह दौरा सात सप्ताह का है। इस दौरे में तीन टी20, पांच वनडे तथा दो टेस्ट मैच होने हैं। इसको लेकर ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टीमों की घोषणा कर दी है, इस टीम में एक से बढ़कर एक दिग्गज को शामिल किया गया हैं। हालांकि तेज गेंदबाज पैट कमिंस को टी20 मैच में आराम दिया गया है जबकि मार्क हैरिस को 16 सदस्यीय टीम में जगह मिली है। ऑस्ट्रेलिया ने फुल स्ट्रेंथ टीम का ऐलान करते हुए वैसे खिलाड़ियों को मौका दिया है जो पाकिस्तान दौरे पर आईपीएल के कारण नहीं खेल पाये थे। तीनों फॉर्मेट में टीम की सूची: ऑस्ट्रेलिया टी20 टीम: आरोन फिंच (कप्तान), सीन एबट, एश्टन एगर, जोश हेजलवुड, जोश इंग्लिस, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, झाय रिचर्ड्सन, केन रिचर्ड्सन, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टॉयनिस, मिचेल स्वेप्सन, मैथ्यू वेड, डेविड वॉर्नर। ऑस्ट्रेलिया वनडे स्क्वॉड: आरोन फिंच (कप्तान), एश्टन एगर, एलेक्स कैरी, पैट कमिंस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मार्नस लाबुशेन, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टॉयनिस, मिचेल स्वेप्सन, डेविड वॉर्नर। ऑस्ट्रेलिया टेस्ट टीम: पैट कमिंस (कप्तान), एश्टन एगर, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, स्टीव स्मिथ(उप-कप्तान), मिचेल स्टार्क, मिचेल स्वेप्सन, डेविड वॉर्नर।

### हम एक संतुलित टीम नहीं बना पा रहे हैं : श्रेयस

**मुम्बई।** नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर का मानना है कि दिल्ली कैपिटल्स के विरुद्ध उनकी निराशाजनक बल्लेबाज़ी के लिए उनके पास कोई बहाना नहीं है।लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि टीम सही सलामी जोड़ी नहीं चुन पाई है और यह उनके लिए चिंता का विषय बनता जा रहा है। साथ ही कप्तान ने इस सीज़न में लगातार पांचवीं हार झेलने के बाद अपनी टीम से निडर होकर खेलने का आग्रह किया। गुरुवार को कुलदीप यादव की घातक गेंदबाज़ी के सामने घुटने टेकते हुए कोलकाता ने 83 रनों के भीतर छह विकेट गंवा दिए थे। केवल तीन ही बल्लेबाज़ 10 से अधिक रन बना पाए लेकिन नीतीश राणा की अर्धशतकीय पारी ने उन्हें एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। दूसरी पारी में कोलकाता ने लगातार अंतराल पर विकेट लिए लेकिन वह दिल्ली को रोक नहीं पाई। श्रेयस ने मैच के बाद ब्रॉडकास्टर से कहा, शुरुआत में हमने धीमी गति से बल्लेबाज़ी की और विकेट भी गंवाए। गेंद पिच पर रुककर आ रही थी। इसके बावजूद मुझे लगता है कि हमने पर्याप्त रन नहीं बनाए। जिस तरह से हमने बल्लेबाज़ी की, उसके लिए कोई बहाना नहीं है। हमें वापस जाकर देखना होगा कि हमसे कहां ग़लतियां हो रही हैं। तीन जीत के साथ कोलकाता इस समय अंक तालिका में केवल मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स से आगे हैं। नौ मैचों के बाद भी वहअपनी सबसे अच्छी सलामी जोड़ी की तलाश कर रही हैं। इस सीज़न में वह पांच अलग-अलग सलामी जोड़ियां बदल चुकी हैं। पिछले सीज़न में ओपन करते हुए सभी को प्रभावित करने वाले वेंकटेश अय्यर अपने फ़ॉर्म को नहीं दोहरा पाए हैं और कुछ मैचों के लिए तो उन्हें मध्य क्रम में उतारा गया। सुनील नारायण का बल्ला शांत रहा है और अन्य सलामी बल्लेबाज़ ातों फ़िंच और सैम बिलिंग्स चोटिल रहे हैं। पहले पांच मैचों में अजिंक्य रहाणे और वेंकटेश पारी की शुरुआत कर रहे थे लेकिन ख़राब प्रदर्शन के बाद रहाणे को ड्रॉप कर दिया गया। दिल्ली के विरुद्ध फ़िंच और वेंकटेश ने पारी का आग़ाज़ किया था लेकिन वह क्रमश: छह और तीन ही रन बना पाए।

### चीनी खिलाड़ी को मात देकर सिंधु एशियाई चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में

**मनीला।** भारत की प्रमुख बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधु ने शुक्रवार को चीनी शटलर ही बिंग जियाओ को मात देकर बैडमिंटन एशियाई चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु ने दो बार की विश्व कांस्य पदक विजेता जियाओ को क्वार्टरफाइनल में 21-9, 13-21, 21-19 से मात देकर जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में सिंधु का मुकाबला वर्ल्ड नंबर दो जापान के अकाने यामागुची तथा विश्व में दसवें नंबर की खिलाड़ी थाईलैंड की पोर्नपावी चोकुवांग के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता के साथ होगा। मैच की शुरुआत में ही सिंधु ने पहले गेम में ब्रेक से पहले ही 11-2 की बढ़त बना ली। चीनी खिलाड़ी जियाओ की बेजां भूलों के कारण सिंधु ने पहले गेम को 21-9 से जीत लिया। दूसरे गेम में जियाओ ने दम-खम के साथ कम-बैक किया और 10-10 की बराबरी के बाद 14 में से 11 अंक जीत लिए। निर्णायक गेम में अनुभवी भारतीय खिलाड़ी सिंधु ने अपने अनुभव के सहारे पहले ही सीधे छह अंक हासिल किए, जबकि खेल अंको को लेकर उलझन के कारण मैच रुकने से पहले चीनी खिलाड़ी ने पांच अंक बनाये। एक हल्के अंतराल के बाद जियाओ ने अटैक करना जारी रखा और 16-20 से पीछे रहने के बाद भी उसने सीधे तीन अंक प्राप्त किए। इस दौरान हालांकि सिंधु ने अपने धैर्य को बनाए रखा और तीन मैच अंक हासिल किया और 21-19 स्कोर से गेम और मैच जीत गयी।

### कैरम के 14 खिलाड़ियों को मिली एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया की 2022-23 की स्कालरशिप

**नयी दिल्ली।** भारत में पहले केवल कुछ प्रमुख खेलों में ही खिलाड़ी अपना कैरियर बना पता था पर अभी सरकार की खेल नीति से अब पढाई करने वाले बच्चे भी सरकारी संस्था में स्कालरशिप पा रहें हैं। इसमें उन्हें होम जिला में ही रहना होता हैं और प्रत्येक महीना उन्हें एक तय किया हुआ मानदेय मिलता हैं। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने कल ही भारत के विभिन्न राज्यों से कैरम के 14 खिलाड़ियों को उनके कैरम में अच्छे प्रदर्शन के लिए एक साल की स्कालरशिप में चयन किया हैं। उक्त आशय की जानकारी देते हुए ऑल इंडिया कैरम फेडरेशन के राष्ट्रीय रेफ़री व वर्ल्ड कैरम फैमिली के संस्थापक कुमार अजय ने आगे बतया कि बिहार की ममता कुमारी, नेहा कुमारी, उत्तरप्रदेश की मंताशा इकबाल व कर्नाटक की शैनी को एक साल के अनुबंध पर लिया गया हैं जबकि बिहार की निशा कुमारी, सोनाली कुमारी, महाराष्ट्र की आकांक्षा कदम, चंडीगढ़ की निधि गुप्ता, उत्तरप्रदेश की अंजलि केशरी, समद अख्तर, कामरान तनवीर, असम के वाकिब इक़बाल, तमिलनाडु के मिथुन व अब्दुल आसिफ को एक साल के स्कालरशिप पर लिया गया हैं।

# एंडरसन और ब्रॉड की टेस्ट टीम में वापसी होगी : रॉब की

लंदन। इंग्लैंड के प्रबंध निदेशक रॉब की ने कहा है कि नए टेस्ट कप्तान स्टोक्स भी दोनों गेंदबाज़ों जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के चयन के हित में हैं।

इंग्लैंड पुरुष क्रिकेट टीम के नए निदेशक रॉब की ने कहा है कि 2 जून से लॉर्ड्स में न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ पहले टेस्ट के लिए जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड की जोड़ी चयन के लिए उपलब्ध हैं। इससे पहले वेस्टइंडीज़ के दौरे के लिए दोनों अनुभवी तेज़ गेंदबाज़ों को विवादित तरीक़े से दल से बाहर रखा गया था।

एंडरसन और ब्रॉड जिनकी उम्र 39 और 35 साल है, टेस्ट क्रिकेट में कुल मिलाकर 1177 विकेट ले चुके हैं लेकिन एशेज में 4-0 से परास्त होने के बाद उनके भविष्य पर प्रश्नचिंह लगे हुए हैं। वेस्टइंडीज़ में 1-0 से सीरीज़ हारने के बावजूद पूर्व कप्तान जो रूट ने युवा टीम में सकारात्मक वातावरण की बात की थी और इसके चलते ऐसा लग रहा था कि %ब्रॉडरसन% नाम से मशहूर जोड़ी को इंग्लैंड की टेस्ट टीम में साथ देखना और मुश्किल हो सकता था। रॉब लॉर्ड्स में निदेशक का पदभार संभालने के बाद पहली बार पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे और उन्होंने कहा कि एंडरसन और ब्रॉड के भविष्य पर उन्होंने रूट के उत्तराधिकारी बेन स्टोक्स से बात की थी और दोनों ने माना कि अगर दोनों गेंदबाज़ फ़िट हों तो वह टीम में लौटने के लिए प्रबल दावेदार होंगे। रॉब ने बीबीसी को बताया, मेरी औपचारिक नियुक्ति से पहले मैंने जिमी और ब्रॉडी दोनों को फ़ोन किया और बताया कि मेरे हिसाब से इस सीज़न के पहले टेस्ट के लिए दोनों उपलब्ध होंगे। हालांकि मैं सिर्फ़ प्रबंध निदेशक हूं और यह ज़रूरी था कि इस बात पर नए कप्तान भी सहमत हों। बेन ने ख़ुद कहा कि जिमी और ब्रॉडी वापस लौटने चाहिए और मैं भी यही मानता हूं। अगर हम दोनों इस बात पर सहमत नहीं होते तो यह अलग बात थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

ब्रॉड इस हफ़्ते पहली बार काउंटी चैंपियनशिप में खेलते दिखे और उन्होंने नॉटिंघमशायर के लिए खेलते हुए वूस्टरशायर के विरुद्ध अपने तीसरे ही ओवर में विकेट लिया। वहीं



एंडरसन लंकाशायर के लिए पिछले हफ़्ते ग्लॉस्टरशायर के ख़िलाफ़ पारी से जीत में अपनी लय प्राप्त करने के बाद इस हफ़्ते हैंपशायर के विरुद्ध दो विकेट झटकने में सफल रहे। रॉब ने कहा, हमें जिमी और ब्रॉडी जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को कुछ समझाने की कोई ज़रूरत नहीं। अगर उन्हें नहीं पता है कैसे एक बड़े सीज़न के लिए तैयारी की जाए तो शायद किसी को भी ना हो। पहले टेस्ट में चयन की चर्चाओं में उनका होना स्वाभाविक है।

एशेज के दौरान सिडनी में पांच विकेट लेने के बाद ब्रॉड ने पिछले टीम प्रबंधन के साथ नाराज़गी जताई थी क्योंकि कार्यभार संभालने के चक्कर में अक्सर वह मौजूदा परिस्थितियों पर ध्यान केंद्रित करना छोड़ देते थे। ऐसे में ब्रॉड को कई बार ड्रॉप किया गया और 2020 में भी टीम से बाहर रखे जाने पर स्काई स्पोर्ट्स से बात करते हुए उन्होंने इस नीति पर आपत्ति जताई थी। रॉब ने कहा कि हालांकि वह इस वरिष्ठ जोड़ी के भविष्य पर टिप्पणी नहीं कर सकते, कोविड के प्रकोप के कम होते हुए उन्हें नहीं लगता कि इंग्लैंड प्रबंधन कार्यभार संभालने के लिए खिलाड़ियों को विश्राम देना और उनको रोटेट करने की प्रथा जारी रखेगा।

उन्होंने कहा, हमें देखना होगा वह कैसी गेंदबाज़ी करते हैं। मान लीजिए दोनों पहला टेस्ट खेलते हैं और अच्छा करते हैं तो शायद हम उन्हें दूसरे टेस्ट में भी खिलाएं। अगर उनमें से किसी को थकान महसूस हो तो हम किसी और को मौक़ा दे सकते हैं। हमें इस बारे में ज़्यादा नहीं सोचना और प्लान को लचीला रखना होगा। फ़िलहाल दोनों ही हर प्रारूप में नहीं खेलते। जोफ़्रा आर्चर जैसे किसी प्लेयर के लिए अलग बात होगी। जब वह फिर से फ़िट होकर लौटेंगे तो ऐसा हो सकता है हम किसी सफ़ेद गेंद सीरीज़ में उन्हें विश्राम दें। हालांकि ऐसा करने से किसी नए खिलाड़ी को भी मौक़ा मिलेगा। इस बारे में बहुत ज़्यादा चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

न्यूज़ीलैंड के विरुद्ध पहले टेस्ट से पहले एक महीने से कुछ दिन ज़्यादा का समय बचा है लेकिन रॉब ने विश्वास जताया है कि उस सीरीज़ से पहले ही मुख्य कोच की नियुक्ति हो जाएगी। साइमन कैटिच की दावेदारी सबसे प्रबल समझी जा रही है। हालांकि ग्राहम फ़ोर्ड और गैरी कर्स्टन के नाम भी चर्चा में हैं। रॉब ने बताया, इंग्लिश क्रिकेट और विश्व क्रिकेट के कुछ प्रमुख चेहरे सामने आ रहे हैं और मैं सबके बारे में पूछताछ कर रहा हूं। आप ज़रूर बातचीत से काफ़ी कुछ समझ सकते हैं लेकिन किसी के साथ अगर आपने काम किया है तो आप उनकी शैली को बेहतर जानेंगे।

टीम चयन के बारे में रॉब ने कहा कि वह इस प्रक्रिया पर फ़िलहाल स्पष्ट नहीं हैं। एड स्मिथ के बाद कोई राष्ट्रीय चयनकर्ता नहीं रहा है और उन्होंने माना कि वह अभी तक ऐसे किसी को खोज रहे हैं जो स्काउट, विश्लेषकों और विभाजित कोचों (एक टेस्ट टीम के लिए और दूसरा सफ़ेद गेंद टीमों के लिए) के पूरे नेटवर्क को संभालेंगे। उन्होंने कहा, यह एक बहुकीमती पद होगा और मैं चाहता हूं इस नियुक्ति में कोई जल्दबाज़ी नहीं हो। तब तक मैं मौजूदा चयन प्रक्रिया को रहने देना चाहता हूं।

तब तक अगर आप किसी भूल की ज़िम्मेदारी की बात करेंगे तो वह मैं लेने के लिए तैयार हूं। मुझे विश्वास है पहला टेस्ट जीतने के लिए हम एक सक्षम टीम का चयन करेंगे।

## अपनी पदार्पण पारी से पहले रात भर सो नहीं पाया था : युवराज

नयी दिल्ली। सिक्सर किंग के नाम से मशहूर युवराज सिंह अपनी डेब्यू पारी से पहले रात भर सो नहीं पाए थे। उन्होंने बताया कि कैसे मैच से एक रात पहले कप्तान सौरभ गांगुली ने उनके साथ एक मज़ाक़ किया था। अपनी पहली अंतर्राष्ट्रीय पारी में युवराज सिंह ने 84 रन बनाए थे।

भारत के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर युवराज सिंह ने बताया कि 2000 आईसीसी नॉकआउट टूर्नामेंट में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी ऐतिहासिक पहली पारी से पहले कप्तान सौरभ गांगुली के रचाए गए एक मज़ाक़ के चलते उन्हें पूरी रात नींद नहीं आई थी।

होम ऑफ़ हीरोज़% कार्यक्रम में युवराज ने संजय मांजरेकर को बताया कि मैच से पहले शाम को गांगुली ने 18-वर्षीय युवराज से पूछा कि क्या वह सलामी बल्लेबाज़ के तौर पर खेलने के लिए तैयार हैं। युवराज ने कहा, मैंने उनसे कहा कि अगर वह ऐसा चाहते हैं तो मैं ज़रूर ओपन करूंगा। इसके बाद मुझे सारी रात नींद नहीं आई।

युवराज ने अपना डेब्यू टूर्नामेंट के मेज़बान केनया के ख़िलाफ़ कर लिया था लेकिन उस मैच में उनकी बल्लेबाज़ी नहीं आई थी। अगली सुबह गांगुली ने उन्हें बताया कि वह मज़ाक़ कर रहे थे और सचिन तेंदुलकर के साथ पारी का आग़ाज़ उन्होंने ख़ुद किया। भारत ने विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध 265 बनाए जिसमें युवराज ने 84 रन की शानदार पारी खेली।

## ड्रॉप होने के बाद वरुण वापसी करने के लिए और प्रेरित होंगे : वेटोरी

एजेंसी

मुम्बई। न्यूज़ीलैंड और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पूर्व कप्तान डेनियल वेटोरी का मानना है कि वरुण चक्रवर्ती को प्लान बी की सख़्त ज़रूरत है। ईएसपीएनक्रिकइंफ़ो के विशेष शो टी20 टाइम-आउट पर वेटोरी ने कहा कि शीर्ष गुणवत्ता वाले बल्लेबाज़ों के विरुद्ध, जो उनकी गेंदबाज़ी को समझने लगे हैं, नहीं चल पाना इस सीज़न में वरुण की ख़राब फ़ॉर्म का कारण बन चुका है।

मंगलवार को कोलकाता नाइट राइडर्स ने वरुण को एकादश से बाहर रखा था। उनकी जगह युवा तेज़ गेंदबाज़ हर्षित राणा को मौक़ा दिया गया क्योंकि कोलकाता लगातार चार हार के बाद अंक तालिका में आगे बढ़ने का प्रयास कर रही थी। वेटोरी ने कहा, उनके आंकड़े अच्छे नहीं हैं। उनकी गेंदबाज़ी पिछले सीज़न की तरह घातक भी नहीं नज़र आ रही है। वह गेंद को ज़्यादा स्पिन नहीं करवाते जिससे बल्लेबाज़ उनपर आसानी से आक्रमण कर सकते हैं। शायद इन सब कारणों की वजह से कोलकाता ने (उन्हें ड्रॉप करने का) यह निर्णय लिया है।

उन्होंने कहा, शायद वह उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करना चाहते थे। वह पिछले साल की तुलना में एक अलग ही गेंदबाज़ नज़र आ रहे हैं।

इस सीज़न में वरुण ने आठ मैचों में केवल चार विकेट अपने नाम किए हैं, वह भी 8.82 की इकॉनमी के साथ। पिछले तीन मैचों में उन्होंने चार ओवरों का स्पेल पूरी नहीं किया हैं और विकेट भी उनके हाथ नहीं लगी है। इस दौरान उन्होंने 12 की इकॉनमी से रन लुटाए हैं।

यह आईपीएल 2021 की सफलता के बाद उनके फ़ॉर्म में भारी गिरावट है। 17 मैचों में 18 विकेट लेकर वरुण ने कोलकाता को फ़ाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी।

वेस्टइंडीज़ के पूर्व तेज़ गेंदबाज़ इयन बिशप ने टी20 टाइम-आउट पर कहा, सच कहूं तो मुझे आश्चर्य बिल्कुल भी नहीं हुआ। वह पिछले तीन मैचों में प्रति ओवर 12 रन दे रहे थे।

आठ मैचों में चार विकेट ने कोलकाता को ऐसी स्थिति में डाल दिया जहां गलतियों की बहुत कम गुंजाइश बची थी।

वेटोरी ने कहा, इस सीज़न में केवल छह अंक अर्जित करने के बाद उन्हें वानखेड़े स्टेडियम पर अपनी सबसे अच्छी एकादश को मैदान पर उतारना था। यह दो अंक महत्वपूर्ण थे क्योंकि यहां से स्थिति और कठिन होती चली जाएगी। इसलिए मुझे बिल्कुल भी आश्चर्य नहीं हुआ कि उन्होंने इन परिस्थितियों में यह निर्णय लिया।



# रूसी आक्रमण से घबराए फिनलैंड और स्वीडन

## मई में नाटो की सदस्यता लेने की प्रक्रिया शुरू करेंगे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** यूक्रेन पर रूस का हमला दो महीने से अधिक से जारी है। इस बीच फिनलैंड और स्वीडन ने नाटो (उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन) की सदस्यता लेने की बात कही है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों ही देश मई में आधिकारिक तौर पर नाटो में सदस्यता लेने की बात करेंगे। इल्तलेहती अखबार के मुताबिक फिनलैंड और स्वीडन के नेता 16 मई के करीब मिलने की योजना बना रहे हैं और उसके बाद सार्वजनिक रूप से गठबंधन में शामिल होने के लिए आवेदन करने की अपनी योजना की घोषणा कर सकते हैं।



रिपोर्ट्स बताती हैं कि 2014 में रूस द्वारा क्रीमिया पर कब्जा किए जाने के बाद से नॉर्डिक देशों ने नाटो के साथ सहयोग बढ़ाना शुरू कर दिया। लेकिन यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बाद से फिनलैंड और स्वीडन जैसे देश अपने रुख पर विचार कर रहे हैं और नाटो की सदस्यता चाहते हैं। फिनलैंड के विदेश मंत्री पेक्का हाविस्टो ने नाटो में शामिल को लेकर पूछे गए सवाल पर जवाब देने से इनकार कर दिया हालांकि उन्होंने कहा कि वह चाहेंगे कि फिनलैंड और स्वीडन एक समान विकल्प के साथ चलें।

### रूस की धमकी

रूस ने नाटो की सदस्यता लेने की कोशिश करने पर यूक्रेन पर हमला किया था, साथ ही अपनी सीमा से लगते अन्य देशों को भी चेतावनी दी थी कि वो नाटो की सदस्यता लेने संबंधी विचार त्याग दे नहीं तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। रूस की चेतावनी देने के बाद भी फिनलैंड व स्वीडन नाटो का सदस्य बनने की कोशिश में लगे हैं।

इन दोनों देशों की नाटो सदस्यता के लिए आवेदन करने पर पुतिन पहले ही चेतावनी दे चुके हैं कि अगर वो नाटो की सदस्यता लेते हैं, तो रूस द्वारा बाल्टिक देशों और स्कैंडिनेविया के करीब परमाणु हथियार तैनात कर देगा।

### रूस से लगती है फिनलैंड की सीमा

फिनलैंड की 1300 किलोमीटर लंबी सीमा रूसी बॉर्डर से लगती है। रूस फिनलैंड को पहले भी चेतावनी जारी कर चुका है, लेकिन फिनलैंड कोशिश में है कि उसे नाटो की सदस्यता मिल जाए। अगर फिनलैंड सदस्यता के लिए आवेदन करता है, तो रूस किस तरह की रणनीति अपनाएगा, रूस इस पर गंभीर चिंतन कर रहा है। अगर फिनलैंड और स्वीडन को नाटो की सदस्यता मिल जाती है तो नाटो के सदस्य देशों की संख्या 32 हो जाएगी।

### नेपाल में डॉक्टरों ने दो दिन की सप्ताहांत नीति पर जतायी चिंता

काठमांडू। नेपाल में डॉक्टरों ने देश में दो दिवसीय सप्ताहांत नीति को फिर से पेश करने के सरकार के फैसले पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि इससे अस्पतालों में बैकलॉग बढ़ेगा। नेपाल के मीडिया आउटलेट्स ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चिकित्सा पेशेवरों ने माना कि सप्ताहांत के नियम के कारण देश में हजारों रोगियों को परेशानी होगी। एक अस्पताल के प्रशासन के अनुसार, कुछ ऐसे मरीज हैं जिन्हें सर्जरी के लिए तीन साल तक इंतजार करना पड़ता है। डॉक्टर केवल उन रोगियों की तुरंत सर्जरी करते हैं जो गंभीर स्थिति में हैं या जिन्हें आपातकालीन देखभाल की आवश्यकता है। स्थानीय अखबार 'द काठमांडू पोस्ट' के अनुसार, कम गंभीर स्थिति वाले मरीजों को पहले ही महीनों या सालों तक इंतजार करना पड़ता रहा है। अखबार ने शिक्षण अस्पताल के निदेशक काफले के हवाले से बताया कि यह उन लोगों के लिए अनुचित होगा जो सर्जरी के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। अगर दो दिन के सप्ताहांत के नियम के कारण उन्हें दूसरी तारीख दी जाती है या उनकी सर्जरी स्थगित कर दी जाती है तो उनके साथ अन्याय होगा।

## हिटलर, स्टालिन न मार पाए तो तुम क्या, 96 साल की महिला की रूस को चुनौती

कीव। 'मैं हिटलर के सामने बच गई, स्टालिन से भी बची और मैं इस पुतिन के सामने भी जिंदा रहूंगी' यह कहना है साल 1945 में दूसरे विश्व युद्ध का दर्ज झेल चुकीं एनेस्टेसिया गुलेज का। फरवरी में यूक्रेन पर रूसी सैन्य कार्रवाई की शुरुआत होने के बाद उन्हें भागकर जर्मनी जाना पड़ा था। अब उन्होंने इस युद्ध को लेकर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर की निंदा की है। हाल ही में बेर्गन-बेल्सन कंसन्ट्रेशन की आजादी का 77वां वर्ष मनाया गया। डेली मेल के अनुसार, कार्यक्रम में शामिल हुईं गुलेज ने उस हिंसा भरे दौर को याद किया। इस दौरान उन्होंने रूस की तुलना नाजियों से की। उन्होंने कहा, क्रेमलिन के हिटलर के प्रशंसकों ने जो बूचा और मरियुपोल में किया है, उसके लिए मेरे पास कोई शब्द नहीं हैं। उत्तरी जर्मनी में स्थित बेर्गन-बेल्सन में चार महीनों तक रहीं गुलेज ने ऑश्विट्ज डेथ कैंप में भी लंबा समय गुजारा। खास बात है कि उस दौरान 19 वर्षीय गुलेज के साथ मशहूर एनी फ्रैंक भी मौजूद थीं। हालांकि, फ्रैंक की फरवरी 1945 में 15 साल की उम्र में बेर्गन-बेल्सन में मौत हो गई थी। गुलेज कहती हैं, मैं उस समय का एक मिनट भी नहीं भूल सकती, जो मैंने वहां मौत के इंतजार में बिताया है।

उन्होंने कहा कि वह रूस के आक्रमण के बाद भी यूक्रेन में रहना चाहती थीं, लेकिन उनका घर एयरपोर्ट के नजदीक था। ऐसे में उन्होंने अपने बेटे वासिल और बेटी वेलेंटीना के साथ देश छोड़ने का फैसला किया। उनके जर्मन दोस्त ने इस यात्रा में उनकी मदद की थी।

### क्या हैं ऑश्विट्ज और बेर्गन-बेल्सन?

ऑश्विट्ज कंसन्ट्रेशन कैंप 1940 से लेकर 1945 तक पोलैंड में नाजी जर्मनी की तरफ से संचालित 40 से ज्यादा कंसन्ट्रेशन और एक्सटर्मिनेशन (विनाश) शिविरों से बना था। वहीं, बेर्गन-बेल्सन युद्ध कैदियों का शिविर था, जिसे साल 1943 में आंशिक रूप से कंसन्ट्रेशन कैंप में बदल दिया गया था।

## यूक्रेन में गुटेरेस के होटल के पास दागा गया रॉकेट

कीव। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस की यूक्रेन की राजधानी कीव की यात्रा के दौरान उनके होटल के पास एक रॉकेट दागा गया। बीबीसी के अनुसार,गुटेरेस के गुरुवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ एक संवाददाता सम्मेलन आयोजित करने के बमुश्किल एक घंटे बाद यह रॉकेट दागा गया।

गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजार्रिक ने सीबीएस न्यूज को बताया कि संयुक्त राष्ट्र प्रमुख और उनकी टीम सुरक्षित हैं। घटना के समय संयुक्त राष्ट्र का प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री से उनके कार्यालय में मिल रहा था और उस समय होटल में नहीं था। गुटेरेस ने कहा, मैं आज कीव में हूं। कीव में दो रॉकेट दागे गये हैं, मुझे यह जानकर सदमा लगा कि मैं जिस शहर में हूं, वहां दो रॉकेट दागे गये।

### पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के पूर्व उपाध्यक्ष सूरी पर हमला

इस्लामाबाद । पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के पूर्व उपाध्यक्ष कासिम सूरी पर राजधानी इस्लामाबाद के एक निजी होटल में हाथापाई की गयी। एआरवाई न्यूज ने श्री सूरी के हवाले से बताया कि वह आज तड़के सेहरी के लिए कोहसर मार्केट स्थित एक होटल में पहुंचे, तभी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के कार्यकर्ताओं और केंद्रीय नारकोटिक्स कंट्रोल मंत्री शाहजैन बुगती के गार्डों ने उन पर हमला किया। पुलिस के अनुसार, श्री सूरी अपने दोस्तों के साथ एक होटल में थे, तभी लोगों का एक समूह आया और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ नेता (पीटीआई) के विरोध में नारे लगाने लगा और हाथापाई भी की। इस दौरान श्री सूरी को कोई चोट नहीं आयी, लेकिन उनके दोस्त को मामूली चोटआई है। एआरवाई न्यूज ने बताया कि यह घटना सऊदी अरब के मस्जिद-ए-नवाबी में लोगों के एक समूह ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के प्रतिनिधिमंडल के खिलाफ नारे लगाये जाने और जम्हूरी वतन पार्टी (जेडब्ल्यूपी) के प्रमुख शाहजैन बुगती के साथ दुर्व्यवहार के बाद घटी है। घटना के तुरंत बाद श्री सूरी ने जेडब्ल्यूपी कार्यकर्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी।

### रूस ने मध्य और दक्षिण क्षेत्रों में उड़ान प्रतिबंध सात मई तक बढ़ाये

मॉस्को। रूस ने यूक्रेन की सीमा से लगे अपने दक्षिणी और मध्य भागों में 11 हवाई अड्डों के लिए उड़ानों पर अस्थायी प्रतिबंध की अवधि सात मई तक बढ़ा दी है। रूसी हवाई परिवहन एजेंसी (रोसावियात्सिया) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने एक बयान जारी करके बताया कि 11 रूसी हवाई अड्डों पर अस्थायी उड़ान प्रतिबंधों को सात मई के तड़के 03¬45 बजे (रूसी समयानुसार) तक बढ़ा दिया गया है। यह प्रतिबंध अनापा, बेलगोरोड, ब्रांस्क, वोरोनिश, गेलेंदजिक, क्रास्नोडार, कुर्स्क, लिपेत्स्क, रोस्तोव-ऑन-डॉन, सिम्फरोपोल और एलिस्टा शहरों के हवाई अड्डों पर लागू किया गया है। रूसी एयरलाइंस से सोची, वोल्गोग्राद, मिनरलनी वोडी, स्तावरोपोल और मॉस्को के हवाई अड्डों का उपयोग करके वैकल्पिक मार्गों पर यात्रियों के परिवहन को व्यवस्थित करने की सिफारिश की गयी है। गौरतलब है कि यूक्रेन में रूस के सैन्य अभियान की शुरुआत के बाद 24 फरवरी को रोसावियात्सिया ने इन प्रतिबंधों की शुरुआत की थी।

### ब्राजील में कोरोना संक्रमण के 19916 नये मामले

साओ पाउलो। ब्राजील में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस (कोविड-19) संक्रमण के 19916 नए मामले सामने आये जिससे संक्रमितों की संख्या बढ़कर 30,418,920 हो गयी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि पिछले 24 घंटे में 114 लोगों की कोरोना संक्रमण के कारण मौत हो गयी। ब्राजील के स्वास्थ्य मंत्री मार्सेलो क्विरोगा ने कोरोना महामारी की शुरुआत के बाद फरवरी 2020 से लागू कोरोना सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल 22 अप्रैल को समाप्त करने वाले एक आदेश पर हस्ताक्षर किए,क्योंकि कोरोना संक्रमण और इससे होने वाली मौतों में लगातार कमी आ रही है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, ब्राजील में गुरुवार तक लगभग 16.38 करोड़ लोगों को कोरोना वैक्सीन लगाई जा चुकी है, जो 76.2 प्रतिशत सफलता है।

### अफगानिस्तान के पूर्व सेना प्रमुख ने लिया तालिबान के खिलाफ नये युद्ध का संकल्प

लंदन। अफगानिस्तानी सेना के एक पूर्व जनरल ने कहा है कि वह पूर्व सैनिकों और राजनेताओं के साथ मिलकर तालिबान के खिलाफ एक नया युद्ध शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। बीबीसी ने तालिबान के हमले के दौरान दक्षिणी प्रांत हेलमंद में अफगानिस्तान के सरकारी सुरक्षा बलों की कमान संभालने वाले लेफ्टिनेंट जनरल सामी सादत के हवाले से कहा कि आठ महीने के तालिबान शासन ने कई अफगानिस्तानियों को विश्वास दिला दिया है कि सैन्य कार्रवाई ही आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा



# विविध रूप यज्ञों के

**यज्ञों के कई वर्ग किए जा सकते हैं। बहुत से लोग विविध प्रकार के दान-पुण्य द्वारा अपनी सम्पत्ति का यजन करते हैं।**

**भारत** में धनाढ्य व्यापारी या राजवंशी अनेक प्रकार की धर्मार्थ संस्थाएं खोल देते हैं यथा धर्मशाला, अन्न क्षेत्र, अतिथिशाला, अनाथालय तथा विद्यापीठ। ये सब दानकर्म द्रव्यमय यज्ञ हैं। अन्य लोग जीवन में उन्नति करने अथवा उच्च लोकों में जाने के लिए चान्द्रायण तथा चातुर्मास्य जैसे विविध तप करते हैं। इन विधियों के अन्तर्गत कठिन व्रत करने होते हैं। उदाहरणार्थ, चातुर्मास्य व्रत रखने वाला वर्ष के चार मासों में (जुलाई से अक्टूबर तक) बाल नहीं कटाता, न ही कतिपय खाद्य वस्तुएं खाता है और न निवास-स्थान छोड़कर कहीं जाता है।

जीवन के सुखों का ऐसा परित्याग तपोमय यज्ञ कहलाता है। कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो अनेक योग पद्धतियों का अनुसरण करते हैं यथा पतंजलि पद्धति अथवा हठयोग या अष्टांग योग। कुछ लोग समस्त तीर्थ स्थानों की यात्रा करते है।. ये सारे अनुष्ठान योग-यज्ञ कहलाते हैं। कुछ लोग ऐसे हैं जो विभिन्न वैदिक साहित्य यथा उपनिषद् तथा वेदान्तसूत्र या सांख्यदर्शन के अध्ययन में अपना ध्यान लगाते हैं। इसे स्वाध्याय यज्ञ कहा जाता है। ये सारे योगी विभिन्न प्रकार के यज्ञों में लगे रहते हैं और उच्चजीवन की तलाश में रहते हैं, किन्तु कृष्ण भावनामृत इनसे पृथक है, क्योंकि यह परमेश्वर की प्रत्यक्ष सेवा है। श्वास को रोकने की योग विधि प्राणायाम कहलाती है। प्रारम्भ में हठयोग के विविध आसनों की सहायता से इसका अभ्यास किया जाता है। ये सारी विधियां इन्द्रियों को वश में करने तथा आत्म-साक्षात्कार की प्रगति के लिए संस्तुत की जाती हैं। बुद्धिमान योगी एक ही जीवनकाल में सिद्धि प्राप्त करने का इच्छुक रहता है, वह दूसरे जीवन की प्रतीक्षा नहीं करता।

कुम्भक योग के अभ्यास से योगी जीवन अवधि को अनेक वर्षों के लिए बढ़ा सकता है, किन्तु भगवान की दिव्य प्रेमाभक्ति में स्थित रहने के कारण कृष्ण भावना भावित मनुष्य स्वतः इन्द्रियों का नियंता (जितेन्द्रिय) बन जाता है। उसकी इन्द्रियां कृष्ण की सेवा में तत्पर रहने के कारण अन्य किसी कार्य में प्रवृत्त होने का अवसर ही नहीं पातीं। फलतः जीवन के अन्त में उसे स्वतः भगवान कृष्ण के दिव्य पद पर स्थानान्तरित कर दिया जाता है। अतः वह दीर्घजीवी बनने का प्रयत्न नहीं करता। वह तुरन्त मोक्ष पद को प्राप्त कर लेता है।



## धैर्य की पराकाष्ठा



**बाल** गंगाधर तिलक भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी थे पर वे अद्वितीय कीर्तनकार, तत्वचिंतक, गणितज्ञ, धर्म प्रवर्तक और दार्शनिक भी थे। हिंदुस्तान में राजकीय असंतोष मचाने वाले इस करारी और निग्रही महापुरुष को अंग्रेज सरकार ने मंडाले के कारागृह में 6 साल के लिए भेज दिया। यहीं से उनके तत्व चिंतन का प्रारंभ हुआ। दुःख और यातना सहते शरीर को व्याधियों ने घेर लिया था। ऐसे में ही उन्हें अपने पत्नी के मृत्यु की खबर मिली। उन्होंने अपने घर एक खत लिखा -आपका तार मिला। मन को धक्का तो जरूर लगा है। हमेशा आए हुए संकटों का सामना मैंने धैर्य के साथ किया है। लेकिन इस खबर से मैं थोड़ा उदास जरूर हो गया हूं। उसकी मृत्यु के समय मैं वहाँ उसके करीब नहीं था इसका मुझे बहुत अफसोस है। होनी को कौन टाल सकता है? परंतु मैं अपने दुःख भरे विचार सुनाकर आप सबको और दुखी करना नहीं चाहता। मेरी गैरमौजूदगी में बच्चों को ज्यादा दुःख होना स्वाभाविक है। उन्हें मेरा संदेशा पहुंचा दीजिए कि जो होना था वह हो चुका है। इस दुःख से अपनी और किसी तरह की हानि न होने दें, पढ़ने में ध्यान दें, विद्या ग्रहण करने में कोई कसर ना छोड़ें। मेरे माता पिता के देहांत के समय मैं उनसे भी कम उम्र का था। संकटों की वजह से ही स्वावलंबन सीखने में सहायता मिलती है। दुःख करने में समय का दुरुपयोग होता है। बाल गंगाधर तिलक ने अपना धीरज न खोते हुए परिवार वालों को धैर्य बंधाया व इस परीक्षा को सफलता से पार किया। जीवन भर उन्होंने कर्मयोग का चिंतन किया था। गीता रहस्य उन्होंने इसी मंडाले के कारागृह में लिखा था।



## जनकल्याण की राह

एक बार अयोध्या के राजा रघु के दरबार में इस प्रश्न पर बहस चल रही थी कि राजकोष का उपयोग किन प्रयोजनों के लिए किया जाए? एक पक्ष का मत था कि सैन्य शक्ति बढ़ाई जाए ताकि न केवल अपनी सुरक्षा हो, बल्कि राज्य के विस्तार की योजना भी आगे बढ़े। इस अभियान पर जो खर्च होगा उसकी भरपाई पराजित देशों से मिलने वाले संसाधनों से की जा सकेगी। दूसरे पक्ष का कहना था कि राजकोष प्रजा जन के हित में खर्च किया जाए, ताकि उनका जीवन स्तर बढ़ सके। अगर सुखी, संतुष्ट, साहसी और सहृदय नागरिक हों तो देश समृद्ध होता है। इस प्रकार युद्ध करके नए क्षेत्र जीतने की अपेक्षा मैत्री का विस्तार कहीं अधिक लाभदायक है। उससे स्वेच्छया सहयोग और अपनत्व की ऐसी उपलब्धियां प्राप्त होती हैं, जिनके कारण छोटा देश भी चक्रवर्ती स्तर का बन सकता है। दोनों पक्षों के तर्क चलते रहे। सबके मन में उत्सुकता थी कि आखिर राजा रघु क्या निर्णय देते हैं। जब सबने अपनी बात समाप्त की तब उन्होंने कहा, युद्ध पीढ़ियों से लड़े जाते रहे हैं। उनके कड़वे-मीठे परिणाम भी स्मृति पटल पर अंकित हैं, लेकिन इस बार युद्ध छोड़ दिया जाए और लोकमंगल को अपनाया जाए। देखते हैं क्या होता है। समस्त संपत्ति जनकल्याण की योजनाओं पर खर्च कर दी जाए। कुछ सभासद दबे-छुपे इस निर्णय की आलोचना करने लगे। उन्हें अनिष्ट की आशंका सताने लगी। उधर रघु के निर्णय के मुताबिक विकास योजनाएं तेज कर दी गईं। धीरे-धीरे प्रजाजन हर दृष्टि से समुन्नत हो गए। आक्रमण की चर्चाएं समाप्त हो गईं। सुख-शांति के समाचार पाकर अन्य देशों के समर्थ लोग वहां आकर बसने लगे। बंजर भूमि सोना उगलने लगी और अयोध्या में खुशहाली फैल गई।

# कर्म का बीजारोपण संकल्प शक्ति

**संकल्प** की चरणबद्ध रूपरेखा बनाई जाती है। इसमें सोच विचार कर निश्चय किये जाते हैं। निश्चय को मन में छिपाकर नहीं रखा जाता है, वरन् प्रकट किया जाता है। तत्परतापूर्वक और तन्मयतापूर्वक मन लगाने के लिए साहस जुटाया जाता है। साधन एवं सहयोग एकत्रित करने का ताना-बाना बुना जाता है और उसके लिए समुचित दौड़-धूप की जाती है। कठिनाइयां आ सकती हैं और उनका सामना करने के लिए पहले से ही क्या तैयारी रखी जा सकती है, इन सब प्रश्नों पर गंभीरता एवं दूरदर्शिता के साथ विचार किया जाता है। जानकारों के साथ परामर्श किया जाता है। ऐसे सुनिश्चित प्रयत्नों को संकल्प कहते हैं। संकल्प और असंकल्प का अन्तर समझने वालों को असफलता से बचने और सफलता के लक्ष्य तक पहुंचने में विशेष कठिनाई नहीं होती। संकल्पवान् हर परिस्थिति का सामना करने के लिए साहस उभारते हैं। आंतरिक और परिस्थितिजन्य अवरोधों से जूझने का पराक्रम करते हैं। फलतः असमंजस हटता है और पुरुषार्थ की गतिशीलता प्रखर होती चली जाती है। लक्ष्य तक पहुंचने का यही राजमार्ग है। श्रेष्ठता की साधना संकल्प से ही संभव होती है। संकल्प को ही व्रत कहते हैं। व्रतधारी ही तपस्वी और मनस्वी कहलाते हैं। लक्ष्य की ओर शब्दवेधी बाण की तरह सनसनाते हुए चल पड़ने की क्षमता उन्हीं में होती है। संकल्प का कार्य है- अमुक कार्य करने का, अमुक लक्ष्य तक पहुंचने का दृढ़ निश्चय। दृढ़ निश्चय का अर्थ है- काम करने की सुव्यवस्थित योजना बनाना, उसके लिए समुचित श्रम, साधना और मनोयोग लगाने की प्रतिज्ञा। प्रतिज्ञा का अर्थ है- आत्म गौरव को दांव पर लगा देना, प्रयास को चरम पुरुषार्थ के साथ पूरा करना। मनःसंस्थान की संरचना कर सकना संकल्प का ही काम है। इसी से कहा जाता है कि संकल्प कभी अधूरे नहीं रहते।




संकल्प को जड़ और सफलता को तना कहा जा सकता है। इसीलिए तत्ववेत्ताओं ने व्रतशील संकल्प के निर्धारण के कार्य को आधी सफलता माना है। यह मान्यता अक्षरशः सत्य है, जिसे संदेह हो वह इस सच्चाई की परीक्षा स्वयं करके देख सकता है। जागरुकता पुरुषार्थ का प्रथम संकल्प है। हममें से प्रत्येक को कुछ सृजनात्मक संकल्प करना चाहिए। अब हमें जागरूक होने की आवश्यकता है। मनगढ़ंत हवाई उड़ानें भरते रहने से हम कहीं के न रहेंगे। कहा भी गया है- ख्वाब कभी पूरे नहीं होते, संकल्प कभी अधूरे नहीं रहते।



## सफलता का नशा

**किसी** आश्रम में अनेक छात्र रहते थे। उनमें से एक छात्र को अपनी बुद्धि पर काफी अभिमान हो गया था। एक दिन गुरु ने उसे एक कथा सुनाई- घने जंगल में एक बकरी रहती थी। वह अपने को काफी चतुर मानती थी। उसके शरीर पर घने नर्म लंबे बाल थे, जिस कारण वह बहुत सुंदर दिखती थी। एक दिन वह घास चर रही थी, तभी कुछ शिकारियों की नजर उस पर पड़ी। उन्होंने उसका पीछा करना शुरू किया। बकरी भागती हुई जंगल में एक ऐसी जगह पहुंची, जहां अंगूर की घनी बेलें थीं। बकरी बेलों के पीछे जाकर छिप गई। जब पीछा करते शिकारी पहुंचे, तो वे बकरी को देख न सके। बड़ी देर तक वहां ढूंढ़ने के बाद वे आगे बढ़ गए। बकरी अपनी चतुराई पर बहुत प्रसन्न हुई। तभी उसका ध्यान अंगूर के कोमल पत्तों पर गया तो उसने अंगूर की बेल को ही चरना आरंभ कर दिया। थोड़ी देर में ही उसने सारी झाड़ी चट कर डाली। तभी शिकारी उसे ढूंढ़ते वापस वहां आ पहुंचे और उन्होंने बकरी को देख लिया और थोड़ी देर पीछा करने के बाद उन्होंने उसका शिकार कर लिया। शिकारी आपस में कह रहे थे कि यदि बकरी ने वह झाड़ी साफ न की होती तो उसे पकड़ना नामुमकिन था। बकरी ने अपना आश्रय स्वयं नष्ट किया और वह शिकार हो गई। गुरु ने कथा यहीं समाप्त कर कहा, सफलता के नशे में मनुष्य अपना विवेक खो देता है और स्वयं को संकट में डाल लेता है। इसलिए अहंकार से बचना चाहिए। शिष्य गुरु का आशय समझ गया।



# जीवन का आधार है आध्यात्म

**संसार** के सभी प्राणियों में ऊर्जा मौजूद है। वास्तव में यह ऊर्जा हमारे जीवन का आधार है। इसे हम अणु, परमाणु, एनर्जी आदि नामों से जानते हैं। यानी अपनी सुविधा के अनुसार, हम ऊर्जा को अलग-अलग नाम दे देते हैं। यह एक ऐसी अदृश्य शक्ति है, जिसका हम केवल अनुभव ही कर सकते हैं, देख नहीं सकते। हम अपनी आंखों से तो पृथ्वी पर मौजूद सभी पदार्थों को देख लेते हैं, लेकिन ऊर्जा को देख पाना हमारे लिए संभव ही नहीं हो पाता है। लेकिन उन्हें महसूस जरूर कर सकते हैं। लेकिन फिर भी इन अदृश्य शक्तियों के अस्तित्व को अस्वीकार कर पाना हमारे लिए असंभव होता है।

### ऊर्जा और अध्यात्म का संबंध

अध्यात्म की भाषा में ऊर्जा को न केवल प्राण-वायु या आत्मा कहा जाता है, बल्कि जीव को ईश्वर का अंश भी माना जाता है। यह ऊर्जा ही है, जो सभी जीवों को जिंदा रखने में मदद करता है। हम देखते हैं कि अदृश्य शक्ति, यानी ऊर्जा के सहारे हमारे शरीर के सभी अंग सुचारू रूप से काम करते हैं। जैसे ही वह अदृश्य-शक्ति की लोप होती है, हमारे शरीर की सभी क्रियाएं बंद हो जाती हैं। शरीर के सभी अंग-आंख, नाक, कान, यहां तक कि इंद्रियां भी काम करना बंद कर देती हैं और शरीर निष्क्रिय हो जाता है। हम यह सोचने के लिए मजबूर हो जाते हैं कि आखिर वह कौन सी शक्ति है, जो हमारे अंगों को संचालित करती है? आज का विज्ञान भले ही चांद, तारों और ग्रहों के बारे में हमें जानकारी देता हो, लेकिन आज भी इस अदृश्य-शक्ति को समझने की क्षमता अभी तक विज्ञान के पास नहीं है। शायद इसलिए कहा जाता है कि जहां विज्ञान की सीमा समाप्त हो जाती है, वहीं से महा विज्ञान शुरू हो जाता है। वास्तव में यह महाविज्ञान अध्यात्म है, जीवन दर्शन है। हमारा जीवन-दर्शन न केवल जीवन के अनुभवों के बारे में बताता है, बल्कि जीवन के रहस्यों को भी समझने का प्रयास करता है। यही वजह है कि इसकी पढ़ाई विद्यालयों या महाविद्यालयों में नहीं होती है। ऋषि-मुनियों ने वर्षों पूर्व ऐसे ही रहस्यों को समझने की कोशिश की थी। यदि इस रहस्य को समझने की स्थिति में जीव आ जाता है, तो उसे जीवन-शक्ति का अनुभव भी होने लगता है। जीवन-शक्ति का अनुभव प्राप्त करने के लिए हमे सबसे पहले ऊर्जा के अदृश्य स्वरूप का अनुभव प्राप्त करना पड़ेगा, क्योंकि जैसा कि हम सभी जानते हैं कि जीवन-शक्ति का केवल अनुभव किया जा सकता है, देखा या परखा नहीं जा सकता है। हमारी आंखें देखती हैं, कान सुनता है, लेकिन इस देखने और सुनने की प्रक्रिया को हम केवल अनुभव कर सकते हैं। यदि हम अपने अनुभवों को न केवल अपने अंतर्मन में उतार लेते हैं, बल्कि इस प्रक्रिया के आदी भी हो जाते हैं, तो इसे ही साधना कहा जाता है। यह साधना ही है, जिसके माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन-शक्ति का अनुभव करने लगता है। इसके लिए हमें आत्म-केंद्रित होना अति आवश्यक होता है।

# सशक्त व उत्तम शक्ति संगीत

**संगीत का उद्देश्य आपके भीतर गहन मौन का सृजन करना होता है और मौन का उद्देश्य जीवन में सक्रियता का सृजन करना होता है, इसलिए वह मौन जो जीवन में सक्रियता का सृजन न कर सके, वह ठीक नहीं है और वह संगीत जिससे आपके भीतर मौन, शान्ति और सामंजस्य सृजन हो सके, वह भी ठीक नहीं है।**

**संगीत** सबको एक साथ जोड़ता है। सारी जातियों, धर्मों और महाद्वीपों में प्रेम के अलावा संगीत ही वह एक शक्ति है, जो सभी को आपस में जोड़ती है। भारतीय समाज की सबसे सशक्त व उत्तम शक्ति अध्यात्म है। संगीत की तरह ही अध्यात्म भी बहुत ही सूक्ष्म है। भक्ति अध्यात्म के आचरण का एक माध्यम है। अध्यात्म धर्म और भक्ति का सम्बन्ध मन के सात्विक भावों से होता है। यही भाव व्यक्ति को ईश्वर के प्रति श्रद्धा से भरकर उसकी अर्चना की प्रेरणा देते हैं।

ऋग्वेद काल में गीत के लिए गीर, गातु, गाथा, गायत्र, गीति तथा साम शब्दों स्वरों में निबद्ध होने पर ऋग्वेद की ऋचायें संतोत्र कहलाती थी। इन स्तोत्रों का गायन जब प्रकारान्तर व विविध स्वरों के साथ किया जाता था, तब इसे स्तोम नाम से पुकारा जाता था। स्तोम वैदिक संगीत का महत्वपूर्ण अंग रहा है। यह एक विशिष्ट प्रणाली है, जिसमें आधुनिक संगीत की गान-शैली की झलक मिलती है। साम के गायन का उल्लेख ऋग्वेद में बार-बार आता है। इससे यह सिद्ध होता है कि ऋग्वेद काल में साम गान बहुत प्रचार में था और इन्हीं सामों पर आधारित ऋचाओं का गान किया जाता था। इन सामों का गायन धार्मिक और लौकिक दोनों प्रसंगों पर किया जाता था। उस समय प्रातःकाल में मंगल वाद्य के रूप में वीणा आदि जिसे वाण कहते थे का प्रयोग होता था। दुंदुभि वैदिक युग का महत्वपूर्ण वाद्य माना जाता था। विभिन्न अनुष्ठानों और मंगल कार्यों में गायन वादन और नृत्य प्रचार में था।

भारतीय संस्कृति में प्राण-प्रतिष्ठा करने वाला सबसे मुख्य तत्व आध्यात्मिक है। परम्परावादी भारतीय जीवन में प्रत्येक व्यापार तथा सफलताओं में यही भावना मिलेगी। यहां के लोगों का पारस्परिक प्रण्य-बन्धन युद्ध-शान्ति, श्रृंगार तथा सभी उच्चकोटि की ललित कलाओं में मुख्य आधार अध्यात्म तथा आत्मा व परमात्मा में अथाह आस्था है। प्रत्येक भारतीय व्यक्ति का व्यक्तिगत जीवन, सामाजिक संगठन यहां तक कि राजनीतिक योजनाएं भी आध्यात्मिक भावना से सर्वदा अनुप्रेरित रहती है। भारतीय संस्कृति के मूल तत्वों में जीवन-मरण बोध, पाप-पुण्य, जन्म-पुनर्जन्म, कर्म-विचार, मुक्ति का मार्ग, दार्शनिकता, आध्यात्मिकता, सौन्दर्योपासना कलात्मक-लालित्य, संगीत स्थापत्य, चित्र-कला नृत्य तथा काव्य कला आदि को रखा जा सकता है। ये तत्व हमारी संस्कृति के अन्तर्गत आते हैं। यह परम्पराएं प्रथाएं संस्कृति के अन्तर्गत आती हैं। कलाएं सभ्यता के साथ विकसित होती हैं तथा अध्यात्म के धरातल पर एक हो जाती हैं। भारतीय धारणा के अनुसार उत्कर्ष की अन्तिम स्थिति में पहुंच कर कलाएं भी भक्ति भाव द्वारा मोक्ष में सम्माहित हो जाती हैं। विद्वानों के अनुसार वेद ग्रन्थ प्राचीनता व आध्यात्मिकता के प्रतीक है। रामायण, महाभारत, गुरु ग्रन्थ साहिब जो अध्यात्म की अनमोल निधि है। इसमें अध्यात्म कभी मन्त्रोच्चारण में, कभी यज्ञों में, कभी कर्मकाण्डों में तथा कभी संगीत रूप में उजागर होता है। समय के साथ अध्यात्म और भक्ति के साधन भले ही बदल रहे हों, परन्तु अध्यात्म आज भी उसी शाश्वत रूप में है जैसे वैदिक-काल में था। परम्परा में अध्यात्म आज भी शीर्ष पर ही है। अध्यात्म की महिमा का ही परिणाम है कि हमारे साहित्य के चार कालों (आदिकाल, भक्तिकाल, रीतिकाल, आधुनिक काल), में भक्ति काल को स्वर्ण युग की संज्ञा प्राप्त है।

अक्सर लोग यह कहते हैं कि हमें धर्म की जरूरत क्यों है? हम अपना काम अच्छी तरह करें तो क्या जरूरत है कि भगवान के किसी स्वरूप की आराधना करें -हम किसी को दुःख न दें, अवसर पड़े तो किसी की मदद करें, और न कर सकें तो किसी की हानि न करें और कुछ न करें तो केवल अपना कर्म मेहनत, लगन तथा निष्ठा से करते रहें। अपने आप में यह विचार बहुत अच्छा है ,पर ऐसा कहने वाले यह भूल जाते हैं कि हमारे इस देह में एक मन है जो बहुत चंचल है और वह हमारे विचारों के साथ देह को भी घुमाने की भी क्षमता रखता है और उस पर बिना आध्यात्मिक शक्ति के नियंत्रण नहीं किया जा सकता है-जिसका केंद्र हमारे अन्दर ही स्थित है। मन से ज्यादा शक्तिशाली है हमारी आत्मा, जिसे जानना जरूरी है। हम उस जानने की विधा को आध्यात्मिकता कहते हैं। हम अपने मन और देह को सदैव सांसारिक कार्यों में लगाए रहते हैं, इसमें कोई दोष नहीं है, पर जो एकरसता की वजह से उब होती है, उसे हम समझ नहीं पाते। यह आत्मा इस देह और मन में अपने अस्तित्व के अहसास के लिए तरसती है। वह चाहता है कि कुछ देर वह उस निरंकार, निर्गुण और शाश्वत सत्य स्वरूप परमपिता परमात्मा का स्मरण इस देह और मन से करे, जो उसने धारण कर रखी है। इसीलिए सांसारिक कार्य लगन, मेहनत, और निष्ठा से करते हुए भी अपने अध्यात्म से जुड़ना चाहिए।

